मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 157

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

facebook YouTube twitter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



12

www.mahanagartimes.com

जयपुर, मंगलवार, 29 अप्रैल, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### 14 साल के वैभव ने 35 गेंद में लगाया शतक



जयपुर (म.सं.)। आईपीएल के 47वें मैच में गुजरात टाइटंस के 210 रन के टारगेट का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स के सबसे युवा बल्लेबाज वैभव ने 17 गेंद पर फिफ्टी और 35 गेंद पर शतक लगा दिया। वे आईपीएल इतिहास में सेंचुरी लगाने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। उन्होंने 18वें सीजन में सबसे कम गेंदों पर फिफ्टी भी लगाई। वे सबसे कम गेंदों पर शतक लगाने वाले भारतीय भी बने। ओवरऑल उन्होंने दूसरा सबसे तेज शतक लगाया।

**आईपीएल में सेंचुरी लगाने वाले सबसे युवा प्लेयर**

### श्रम दिवस पर सवैतनिक अवकाश घोषित

जयपुर (म.सं.)। श्रम विभाग ने आगामी 1 मई, श्रम दिवस को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। श्रम आयुक्त पूजा पार्थ ने राज्य के सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक संस्थानों के नियोक्ताओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रबंधकों से अपील की है कि वे श्रम दिवस पर अवकाश घोषित करें तथा इस दिन का पूर्ण वेतन श्रमिकों को भुगतान करें, ताकि वे अपने साथियों और परिवार के साथ इस दिवस को उल्लासपूर्वक मना सकें।

### सलमान खान ने यूके टूर को किया स्थगित



मुम्बई। पहलगाम हमले के बाद बॉलीवुड सितारे भी इस घटना के खिलाफ आवाज उठाते हुए न्याय की मांग कर रहे हैं। इसी बीच एक्टर सलमान खान ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने अपना यूके टूर को स्थगित कर दिया है। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा, 'कश्मीर में हाल ही में हुई दुखद घटना को देखते हुए भारी मन से हमने 4 और 5 मई को मैनचेस्टर और लंदन में होने वाले 'द बॉलीवुड बिग वन शो यूके' को टालने का फैसला लिया है। इस दुख की घड़ी में शो को रोकना ही हमें सही लगा। नई तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।'

### मुंबई हमले के मास्टरमाइंड की कस्टडी 12 दिन बढ़ी



नई दिल्ली (म.सं.)। मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की कस्टडी 12 दिनों के लिए बढ़ गई है। तहव्वुर राणा को सोमवार को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने उसकी रिमांड बढ़ाने के लिए याचिका लगाई थी।

### केदारनाथ धाम के 2 मई से खुलेंगे कपाट

केदारनाथ (म.सं.)। चारधाम यात्रा की शुरुआत 30 अप्रैल को हो जाएगी। दो मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। इसकी तैयारी सोमवार से शुरू हो गई है। केदारनाथ धाम को फूलों से सजाया जा रहा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर सजावट का वीडियो शेयर किया है। केदारनाथ मंदिर के कपाट 2 मई को खुलेंगे।

## राष्ट्रपति ने 71 पद्म पुरस्कार विजेताओं को किया सम्मानित

# क्रिकेटर आर.अश्विन को पद्मश्री, हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्मभूषण

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 71 व्यक्तियों को सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मु ने पहले चरण के अलंकरण समारोह में 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गई थी। पद्म विभूषण से सम्मानित किए जाने वालों में एम.टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत), साहित्य और शिक्षा, डॉ. दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी, मेडिसिन डॉ. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम, कला और जापान से ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत), व्यापार और उद्योग शामिल हैं। पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने वालों में नंदमुरी बालकृष्ण, कला, विनोद कुमार धाम, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत), सार्वजनिक मामले और शेखर कपूर, कला, हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को पद्म भूषण प्रमुख हैं। इसके अलावा डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल, कला, डॉ. के. ओमानकुट्टी अम्मा, कला, मिरियाला अप्पाराव (मरणोपरांत), कला, रविचंद्रन अश्विन, खेल, और जोयनाचरण बाथरी आदि को कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पद्म पुरस्कार विजेता मंगलवार सुबह राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पद्म पुरस्कार विजेता राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण भी करेंगे। समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और पर्यावरण एव वन मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।









## पाकिस्तान से तनाव के बीच फ्रांस से 63000 करोड़ की डील

# भारत को मिलेंगे 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण रिश्ते के बीच भारत और फ्रांस ने सोमवार को दिल्ली में 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों के लिए 63 हजार करोड़ रुपए के सौदे पर हस्ताक्षर किए। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया, जबकि नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन भी मौजूद रहे। इससे पहले फ्रांस के रक्षा मंत्री खुद हस्ताक्षर समारोह में शामिल होने वाले थे, लेकिन उन्हें व्यक्तिगत कारणों से अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। हालांकि, हस्ताक्षर समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे।

जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने विचार-विमर्श और मूल्यांकन परीक्षणों के बाद मेगा अधिग्रहण के लिए प्रारंभिक स्वीकृति दी थी। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को राफेल (मरीन) जेट विमानों के निर्माता डसॉल्ट एविएशन से हथियार प्रणाली और कलपुर्जे सहित संबंधित सहायक उपकरण भी मिलेंगे।

राफेल एम जेट आईएनएस विक्रांत से संचालित होंगे और मौजूदा मिग-29के बेड़े का सहयोग करेंगे। भारतीय वायु सेना पहले से ही 2016 में खरीदे गए 36 राफेल विमानों का बेड़ा संचालित कर रही है। ये विमान अंबाला और हासीमारा में स्थित हैं। इस नए सौदे से भारत में राफेल जेट विमानों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी, जिससे देश के 4.5 पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय विमानवाहक पोतों, विशेष रूप से आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता है।



### मिग-29के लड़ाकू विमानों के बेड़े को हटाने की तैयारी

गौरतलब है कि खराब प्रदर्शन और रखरखाव संबंधी मुद्दों के कारण मिग-29के लड़ाकू विमानों के मौजूदा बेड़े को हटाने की तैयारी की जा रही है। भारत ने इस महीने की शुरुआत में 9 अप्रेल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक के दौरान 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों के लिए अपने सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दी थी। इस अनुबंध में 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर जेट शामिल हैं, साथ ही बेड़े के रखरखाव, रसद सहायता, कर्मियों के प्रशिक्षण और स्वदेशी घटक निर्माण के लिए एक व्यापक पैकेज भी शामिल है।

### राफेल मरीन की खासियत

- राफेल मरीन विमान एक मिनट में 18 हजार मीटर की ऊंचाई पर जा सकता है। पाकिस्तान के पास मौजूद एफ-16 और चीन के पास मौजूद जे-20 विमानों से राफेल ज्यादा बेहतर है। ये विमान अपनी उड़ान वाली जगह से 3700 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकता है।
- इसको विमानवाहक युद्धपोत के लिए खास तैयार किया गया है। यह दुश्मनों के रडार को चकमा देने में सक्षम है। राफेल विमान हिमालय के ऊपर बेहद सर्द मौसम में भी उड़ सकता है।
- इस फाइटर जेट के वजन की बात करें तो राफेल की तुलना में राफेल मरीन का वजन थोड़ा अधिक है। जानकारी के मुताबिक, इस लड़ाकू विमान का वजन लगभग 10,300 किलोग्राम है। राफेल विमान के विंग्स मुड़ नहीं सकते हैं, लेकिन राफेल मरीन के विंग्स पूरी तरह से मुड़ सकते हैं।

### सरकार ने लगाया पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली (म.सं.)। सरकार ने भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों के बारे में भड़काऊ, झूठे, भ्रामक और सांप्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने वाली सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण करने वाले पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह प्रतिबंध केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया गया है। जिन यूट्यूब चैनलों प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें डॉन न्यूज, समा टीवी, ऐरे न्यूज और जियो न्यूज प्रमुख हैं। ये चैनल पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर भ्रामक और सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण कर रहे हैं। सरकार ने इसके अलावा इरशाद भट्टी, बीओएल न्यूज, रफ्तार, द पाकिस्तान रेफरेन्स, समा स्पोर्ट्स, जीएनएन, उजैर क्रिकेट, उमर चीमा एक्सक्लूसिव, असमा सिराजी और मुनीब जैसे यू ट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया है।

**मोदी-राजनाथ के बीच चर्चा :** उधर पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच पीएम आवास में 40 मिनट तक मीटिंग में आगे की रणनीति पर चर्चा हुई।

# फ्रांस-स्पेन-पुर्तगाल समेत कई देशों में ब्लैकआउट

**इलेक्ट्रिकल ग्रिड में खराबी : जनजीवन अस्त-व्यस्त, एयरपोर्ट-मेट्रो बंद, मोबाइल नेटवर्क ठप, हॉस्पिटल में सर्जरी रद्द**

विशेष संवाददाता



मैड्रिड/ लिस्बन/ पेरिस। यूरोपीय देश स्पेन, पुर्तगाल और फ्रांस में सोमवार को भारतीय समयानुसार शाम 4 बजे ब्लैकआउट हो गया। इससे तीनों देशों के मेट्रो, एयरपोर्ट, रेल और मोबाइल नेटवर्क ठप हो गए। इस ब्लैकआउट से लाखों लोग बिना बिजली के रहने पर मजबूर हैं। यूरोन्यूज पुर्तगाल के मुताबिक, पुर्तगाल और स्पेन की राजधानियों में कई मेट्रो ट्रेन स्टेशन के बीच सुरंगों में फंस गई हैं। लोग इन मेट्रो में फंसे हुए हैं। पुर्तगाल पुलिस ने पुष्टि की है कि ट्रेनों का संचालन बंद है। पोर्टो और लिस्बन दोनों शहरों में मेट्रो सेवाएं बंद कर दी गई हैं और पूरे देश में ट्रैफिक सिग्नल भी प्रभावित हुए हैं।

### ब्लैकआउट की संभावित वजहें

**फ्रांस** के दक्षिण-पश्चिम में अलारिक माउंटेन पर आग लग गई है। इससे पेरपिगन और पूर्वी नारबोन के बीच एक हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिसिटी लाइन को नुकसान पहुंचा है। पुर्तगाल की राष्ट्रीय विद्युत कंपनी आरईएन ने कहा कि इसे पावर आउट-रेज का एक संभावित कारण माना जा रहा है।

### स्पेन में पावर रिस्टोर होने में लग सकते हैं 10 घंटे

**स्पेन** के बिजली ग्रिड के प्रमुख ने कहा है कि पावर रिस्टोर होने में 10 घंटे तक का समय लग सकता है। रेड इलेक्ट्रिका के सीईओ एदुआर्डो प्रिएटोएक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस समस्या को हल करने के लिए ऑपरेशन में छह से दस घंटे का समय लग सकता है। यूरोन्यूज स्पेन ने बताया कि स्पेन सरकार ने मोनक्लोआ में एक आपातकालीन बैठक बुलाई है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं, फ्रांस में ब्लैकआउट के कुछ मिनट के अंदर ही पावर रिस्टोर कर लिया गया। यहां ब्लैकआउट का बहुत ज्यादा असर पड़ा भी नहीं था।

### साइबर हमले की जांच कर रहा स्पेन

**स्पेन** के एक अधिकारी ने बताया कि बड़े पैमाने पर बिजली संकट के पीछे साइबर हमला तो नहीं है, इसकी जांच जारी है। हालांकि अभी तक कोई पक्का सबूत सामने नहीं आया है।

# पत्नी के निधन पर महेश जोशी को चार दिन की अंतरिम जमानत

महानगर संवाददाता

जयपुर। जल जीवन मिशन घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में चल रहे पूर्व मंत्री महेश जोशी की पत्नी कौशल जोशी का सोमवार को निधन हो गया। इसके चलते महेश जोशी को चार दिन की अंतरिम जमानत दी गई है। कौशल जोशी जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती थीं। सोमवार सुबह उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

गौरतलब है कि 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले के मामले में महेश जोशी को प्रवर्तन निदेशालय ने 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सोमवार को उनकी रिमांड अवधि खत्म हो रही थी। जोशी को पीएमएलए मामलों की विशेष अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से अधिवक्ता अजातशत्रु मीणा ने अदालत को बताया कि महेश जोशी से पूछताछ पूरी हो गई है। ऐसे में उन्हें जेल भेज दिया जाए। इसी दौरान जानकारी मिली कि महेश जोशी की अस्पताल में भर्ती पत्नी का निधन हो गया है।

महेश जोशी की ओर से अधिवक्ता दीपक चौहान ने अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर अंतिम संस्कार सहित अन्य रिवाजों में शामिल होने के लिए 15 दिन की अंतरिम जमानत पर रिहा करने की अपील की। वहीं, ईडी की ओर से कहा गया कि उन्हें 4 दिन की अंतरिम जमानत में कोई आपत्ति नहीं है। इस पर अदालत ने जोशी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश देने के बाद अंतरिम जमानत का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर 4 दिन की अंतरिम जमानत दे दी। महेश जोशी की पत्नी कौशल जोशी लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रही थीं। पिछले दिनों किडनी फेलियर होने के साथ ही ब्रेन हेमरेज हो गया था। इसके कारण उन्हें मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले किडनी और दूसरे ऑर्गन्स में प्रॉब्लम के चलते लंबे समय तक एसएमएस हॉस्पिटल में भी भर्ती रही थीं।

## स्वीडन के थिंक टैंक 'सिपरी' की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# भारत का सैन्य खर्च पाक से 9 गुना अधिक

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। स्वीडन के प्रमुख थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत का सैन्य खर्च पाकिस्तान के खर्च से करीब नौ गुना अधिक था। यह रिपोर्ट पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति भारत का सैन्य खर्च 1.6 प्रतिशत बढ़कर 86.1 अरब डॉलर हो गया, जबकि पाकिस्तान ने 10.2 अरब डॉलर खर्च किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वाधिक सैन्य खर्च वाले शीर्ष पांच देशों अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत का खर्च कुल वैश्विक सैन्य खर्च का 60 प्रतिशत है। इस पांचों देशों का संयुक्त सैन्य खर्च 1635 अरब डॉलर है।



### चीन का सैन्य खर्च सात प्रतिशत बढ़ा

**रिपोर्ट** के अनुसार, चीन का सैन्य खर्च सात प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 314 अरब डॉलर हो गया है, जो लगातार तीन दशकों की वृद्धि को दर्शाता है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की 'विश्व सैन्य खर्च 2024 में रुझान' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने एशिया और ओशिनिया में कुल सैन्य खर्च का 50 प्रतिशत हिस्सा खर्च किया है। वह अपनी सेना के निरंतर आधुनिकीकरण और अपनी साइबर युद्ध क्षमताओं और परमाणु शस्त्रागार के विस्तार में निवेश कर रहा है।

### यूरोप ने भी सैन्य खर्च में किया इजाफा

**ओशिनिया** क्षेत्र में कुल 14 देश शामिल हैं। ओशिनिया का क्षेत्र आस्ट्रेलिया, मेलानेशिया, माइक्रोनेशिया और पोलिनेशिया सहित चार अलग-अलग क्षेत्रों में विभाजित है। ये क्षेत्र छोटे-छोटे देशों और द्वीपों से भरे हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरोप (रूस सहित) में सैन्य खर्च 17 प्रतिशत बढ़कर 693 अरब डॉलर हो गया और 2024 में वैश्विक सैन्य खर्च वृद्धि में इसका मुख्य योगदान रहा। रिपोर्ट के अनुसार, रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अपने तीसरे वर्ष में है। इसकी वजह से पूरे महाद्वीप में सैन्य खर्च बढ़ता जा रहा है। इससे यूरोपीय सैन्य खर्च शीत युद्ध के अंत में दर्ज किए गए स्तर से भी आगे निकल गया है।

**परिकल्पना होगी साकार** | **साठ विधायकों, सांसदों ने पीएम मोदी को भेजा पत्र, लिखा...**

# 'पाकिस्तान जा रहा पानी डायवर्ट कर पश्चिमी राजस्थान लाओ'

महानगर संवाददाता

जयपुर। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के साथ हुआ सिंधु नदी समझौता स्थगित किए जाने के निर्णय के बाद सिंधु व अन्य नदियों का पाकिस्तान जा रहा पानी डायवर्ट कर पश्चिमी राजस्थान लाने की मांग उठ रही है। इसे लेकर पश्चिमी राजस्थान के साठ विधायकों, सांसदों आदि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजा है। दरअसल पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना ईआरसीपी पर काम शुरू होने के बाद ही पश्चिमी राजस्थान नहर परियोजना यानी डब्ल्यूआरसीपी की मांग भी पुरजोर



ढंग से उठाई जा रही है। इसे लेकर पश्चिमी राजस्थान के जनप्रतिनिधि काफी सक्रिय हैं। यह मांग विधानसभा में भी उठ चुकी है। सरकार ने इसकी एक फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार भी कराई है। इस बीच सिंधु नदी समझौता स्थगित होने के बाद इस मांग को और बल मिल रहा है, क्योंकि सिंधु सहित पंजाब की अन्य नदियों का पानी पाकिस्तान जा रहा है और चूंकि इसे अब रोकना है, इसलिए यह मांग उठ रही है कि यह पानी डायवर्ट कर राजस्थान लाया जाए और पश्चिमी राजस्थान की प्यास बुझाई जाए। ओसियां विधायक भैराराम सियोल का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान में बड़े भूभाग में सिर्फ बारिश के पानी पर खेती निर्भर है। इंदिरा गांधी नहर से थोड़ा पानी मिल रहा है, लेकिन ज्यादातर पेयजल में उपयोग हो रहा है। ऐसे में यहां डब्ल्यूआरसीपी की परिकल्पना साकार हो सकती है। इसके लिए सिंधु सहित अन्य नदियां व घग्गर जैसी बरसाती नदी, जिसका पानी पाकिस्तान जाता है, उसका उपयोग राजस्थान पहुंचाकर पश्चिमी राजस्थान को धान का कटोरा बनाया जा सकता है।

### यह उठ रही है मांग

**उत्तर** भारतीय नदियों सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास और सतलुज का पानी पाकिस्तान तक जाता है। घग्गर व यमुना में अत्यधिक वर्षा जल प्रवाह एवं तूफान के कारण स्थानीय पंजाब व हरियाणा आदि में भारी नुकसान पहुंचाती है। इनमें से सतलुज, घग्गर व यमुना के अतिरिक्त पानी को डायवर्ट करके पश्चिमी राजस्थान में सिंचाई के लिए काम ला सकते हैं। इसके लिए नवीन डीपीआर से कार्ययोजना बनाकर सिंचाई परियोजना को धरातल पर उतारा जा सकता है। उत्तरी भारत की ओवरफ्लो नदियां घग्गर, यमुना, जोजरी, लूणी व साबरमती आदि के लिंक से मारवाड़ के किसानों को पानी मिल सकता है। इसके लिए घग्गर, यमुना, जोजरी व लूणी नदियों के संगम की परियोजना बना उसका विस्तार साबरमती लिंक नदी तक हो सकता है। इससे बरसाती व मृतः प्राय लूणी, जोजरी सहित अन्य नदियों को जीवनदान मिल सकता है। पहले चरण में घग्गर नहर परियोजना से वर्षा जल को हनुमानगढ़ जिले से कच्ची नहर बनाकर तथा इंदिरा गांधी व राजीव गांधी लिफ्ट केनाल सहित अन्य के जरिए जोधपुर में जोजरी नदी से मिलाया जा सकता है।

### खेती के लिए मिल सकेगा पर्याप्त पानी

**दूसरे** चरण में यमुना नहर परियोजना के जरिए यमुना से हरियाणा के तेजवाला फीडर से छोड़ा वर्षा जल सोनीपत के नजदीक कच्ची नहर बनाकर मेड़ता के पास जोजरी (मीठडी) नदी में मिलाया जा सकता है। इससे पश्चिमी राजस्थान में खेती के लिए पर्याप्त नहरी पानी मिल सकेगा। इसके लिए माही को लूणी नदी से जोड़ने की डीपीआर बनाने के लिए बजट का प्रावधान करवाना है। नर्मदा नहर परियोजना का विस्तार करते इसे बाड़मेर-जैसलमेर जोधपुर तक किया जाए। इससे जोधपुर, फलोदी, बाड़मेर-जैसलमेर, बालोतरा, जालौर, सिरोही, पाली, नागौर, डीडवाना-कुचामन, बीकानेर, गंगानगर व हनुमानगढ़ जिले को लाभ होगा।

facebook YouTube X twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


## अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की समीक्षा समिति की रिपोर्ट

# राजधानी के 45 महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल हो सकते हैं बंद

### 10 प्रतिशत नामांकन फार्मूले की जद में हैं ये स्कूल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल के अन्य स्कूलों में मर्ज करने की घोषणा के बाद से ही इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न तो लग ही गया है साथ ही यहां अध्ययन अध्यापन करने वाले अध्यापकों का भी मन अब डोल गया है। इनका मन अब पढ़ाई पर ना लगकर स्थानांतरण का डर लग रहा है। इसका असर सीधा अध्यापन कार्य की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। राजधानी जयपुर की ही बात करें तो यहां करीब 40 से 45 महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल को मर्ज किए जाने की आशंका है।

सचिवालय में उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के नेतृत्व में अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें संस्कृत शिक्षा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के साथ कमेटी के गजेन्द्र सिंह खींवसर सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कहा गया कि अंग्रेजी माध्यम के सभी स्कूलों में नामांकन का दस प्रतिशत भी अंग्रेजी माध्यम में छात्रों का नामांकन नहीं हुआ तो उसे पास के ही अन्य स्कूल में मर्ज कर दिया जाएगा। इस प्रकार छात्रों का भविष्य भी खतरे में नहीं होगा और सरकार का पैसा भी अनावश्यक खर्च नहीं होगा।

### राजधानी में ही 45 महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूल होंगे बंद या मर्ज

अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों को लाने से पहले उसका समुचित विश्लेषण नहीं किया गया। इस कारण विद्यालयों को खोला तो जा सका लेकिन सिर्फ नाम परिवर्तन की तरह ही खोला गया। जयपुर जिले में ही 428 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए। ये स्कूल शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर हैं। पढ़ाई के लिहाज से जयपुर जिले के शहरी और ग्रामीण भाग को कुल 26 ब्लॉक में बांटा गया है। विधानसभावार देखें तो जयपुर जिले की सभी सीट्स इन 26 ब्लॉक में आ जाती हैं। अगर अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए समीक्षा समिति के फार्मूले को माना जाए तो यहां की दस प्रतिशत से कम नामांकन वाली कुल दस स्कूल्स को भी लिया जाए तो इनकी संख्या लगभग 40 से 45 के बीच आएगी।




### जिले के 26 ब्लॉक में कहां कितने अंग्रेजी माध्यम सरकारी विद्यालय

जयपुर जिले की बात करे तो यहां के 26 जिलों में सबसे अधिक गोविंदगढ़ में 56 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय है जो अन्य सभी ब्लाक में सबसे अधिक हैं। इनके बाद शाहपुरा में 32, जयपुर वेस्ट में 24 और सांगानेर सिटी और जमवारामगढ़ में 23 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कू ल खोले गए। जबकि कोटखावदा और सांभरलेक में 4-4 स्कूल ही खोले गए। तूंगा और चाकसू में 5-5 अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले गए।

### ये अंग्रेजी शिक्षक कहां जाएं, यही संकट

प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई के लिए जब से महात्मा गांधी सरकारी स्कूल खुली है तब से ही हंगामा बरपा हुआ है। पहले इन्हें खोलने को लेकर हंगामा था अब सरकार बदलते ही इन्हें मर्ज करने या बंद करने के नाम पर हंगामा चल रहा है। बिना ठोस प्लानिंग के इन स्कूल संचालन का काम शुरू किया गया। परिणामस्वरूप वही हुआ स्कूल अंग्रेजी पढ़ाई हिंदी की। अब इनके मर्ज करने की बात पर उन अध्यापकों की अजीब स्थिति हो गई है जोकि बहुत जतन कर इन स्कूलों में अपने घर के पास आ गए थे। मर्ज करने की खबर ने इन्हें बेचैन कर दिया है। पढ़ा भी नहीं पा रहे हैं कि उन्हें कहां भेजा जाएगा अगर स्कूल मर्ज कर दिया गया।

**शिक्षा सचिव का कहना है**

- नहीं अभी कुछ तय नहीं हुआ है। बात सिर्फ इतनी ही नहीं है, इसके साथ ही अन्य भी कई बातें है। उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में समिति यह तय करेगी क्या करना है कैसे करना है।

**– कृष्ण कुणाल, शिक्षा सचिव राजस्थान**

# जयपुर जंक्शन के वीआईपी लाउंज में आग, हादसा टला

### शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है प्राथमिक कारण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर जंक्शन पर सोमवार तड़के आग लगने की घटना ने अफरा-तफरी का माहौल बना दिया। हालांकि समय रहते आग पर तुरंत ही काबू पा लिया गया।

जानकारी के अनुसार, जयपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर वीआईपी लाउन्ज में सोमवार तड़के करीब सवा 4 बजे अचानक आग लग गई। इसके बाद यहां मौके पर जमा यात्रियों में एक बार तो अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, जैसे ही स्टाफ को इसकी भनक लगी तो तुरंत ही सतर्कता बरतते हुए अग्निशमन उपकरणों के जरिये आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। मौके पर ही फायर फाइटिंग सिस्टम से जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा होने से टल गया। आग के चलते यहां लाउंज में लगा लाखों का सामान जल गया। घटना का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार आग वाली जगह को फिलहाल सील कर दिया गया है और हादसे की जांच की जा रही है।

# 5 दिन में 2800 से ज्यादा वाहनों की चैकिंग, 96 जब्त

### आरटीओ प्रथम का अवैध वाहनों के खिलाफ ऑपरेशन कवच

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** परिवहन विभाग ने अवैध वाहनों के खिलाफ ऑपरेशन कवच चलाया है। इस संबंध में परिवहन सचिव शुचि त्यागी ने निर्देश दिए थे। इसके तहत पांच दिन में 28 सौ से अधिक वाहनों की चैकिंग की गई और 96 वाहन जब्त किए गए हैं।

दरअसल, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय की ओर से 23 अप्रेल से अवैध वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया। ऑपरेशन कवच नाम से शुरू हुए अभियान में शहर में बिना परमिट और टैक्स के चल रहे सभी वाहनों को सीज किए जाने के निर्देश दिए गए। आरटीओ प्रथम राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि डीटीओ नरेश पूनिया के नेतृत्व में यह अभियान शुरू किया।

जिसमें रविवार तक 2865 वाहनों की चैकिंग की गई है और 955 चालान बनाए गए हैं। इनमें बिना परमिट और टैक्स चुकाए चल रहे 96 वाहनों को सीज किया गया है। अब तक कि कार्रवाई से विभाग को 72 लाख रुपए राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।

# अब पर्यटन स्थलों पर प्लास्टिक बोतल जमा कराओ...रिवार्ड पाओ...!

### स्वच्छ भारत का इरादा : प्रदेश के 50 स्थानों पर लगेंगी प्लास्टिक बोटल फ्लाकिंग मशीनें, जयपुर के पर्यटन स्थलों पर भी शुरू होगी कवायद


सज्जनगढ़ बायोलोजिकल रिजर्व, उदयपुर

मनीष कुमार शर्मा

**जयपुर।** केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान और सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाम लगाने की दिशा में अब राजस्थान ने भी नवाचार किए जा रहे हैं। इसकी बानगी है कि अगले दो महीनों में राजस्थान के 50 स्थानों पर प्लास्टिक बॉटल फ्लाकिंग मशीनें लगाई जाएंगी। इनमें से अधिकांश पर्यटन स्थलों पर लगेंगी।

दरअसल, राज्य सरकार ने 2024-25 के बजट में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक बोतल फ्लाकिंग/रिवर्स वेंडिंग मशीनें(आरवीएम) लगाने की घोषणा की थी। इसकी क्रियान्विति में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने प्रदेश के 50 स्थानों पर ये मशीनें लगाना शुरू कर दिया है। इसके तहत संबंधित फर्म अगले जून तक सभी स्थानों पर प्लास्टिक फ्लाकिंग मशीनें लगा देगी। जिसमें प्लास्टिक बोतल जमा कराने वाले व्यक्ति के लिए रिवार्ड (पुरस्कार) की योजना होगी। इसका मतलब है कि अब यदि आप प्लास्टिक की बोतल को मशीन पर जमा कराओगे तो आपको प्रोत्साहन इनाम भी मिलेगा। आरवीएम की स्थापना का मकसद सार्वजनिक स्थानों पर प्लास्टिक के बढ़ते हुए कचरे को कम करना और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देना है। इसके अलावा यह पहल प्लास्टिक कचरे को अधिक कुशलता से प्रबंधित करने में मदद करने के साथ-साथ लैंडफिल पर बोझ को कम करने और एक स्वच्छ, हरित वातावरण बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

### उदयपुर में रखी जा चुकी हैं मशीनें, इंस्टॉलेशन जल्द

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एसपी सिंह ने बताया कि जयपुर में 18 स्थान पर प्लास्टिक बॉटल फ्लाकिंग मशीन लगाई जाएगी। जिनमें आमेर महल, जल



महल, सेंट्रल पार्क, अल्बर्ट हॉल, लेपर्ड सफारी सहित अन्य विभिन्न स्थान शामिल हैं जहां पर आमजन और पर्यटकों की बड़ी संख्या में आवाजाही रहती है। इसके लिए संबंधित विभागों को पत्र भी लिखा गया है। साथ ही मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी भी जिला स्तर पर पूरे काम को कॉर्डिनेट कर रहे हैं। मशीन लगाने के लिए अहमदाबाद की एंडलोस इनोवेशंस कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है जो इंस्टॉलेशन, ऑपरेशन और मेंटेनेंस का काम करेगी। बताया जा रहा है कि कंपनी के पास देश भर में 500 से ज्यादा बॉटल फ्लॉकिंग मशीन लगाने का अनुभव है। राजस्थान की बात करें तो यहां उदयपुर में विभिन्न पर्यटन स्थलों सहित अन्य स्थानों पर 5 मशीन आ गई हैं, जल्द इंस्टॉल कर दी जाएंगी। रिवॉर्ड को लेकर बातचीत में सदस्य सचिव ने बताया कि मंडल इस संबंध में योजना बना रहा है कि लोगों को प्लास्टिक बोतलों को रिसाइकल करने के लिए किस तरह प्रोत्साहन दिया जाए।

### जयपुर में यहां लग सकती हैं मशीनें



बताया जा रहा है कि प्रदेश में प्लास्टिक फ्लाकिंग मशीनें ऐसे स्थानों पर लगाई जाएंगी, जहां पर लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में जयपुर शहर में पर्यटन स्थलों पर इनकी लगने की संभावना अधिक है, क्योंकि हर साल लाखों की संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आ रहे हैं। पिंकसिटी के आमेर महल, नाहरगढ़ फोर्ट, अल्बर्ट हॉल, सेंट्रल पार्क, लेपर्ड सफारी सहित विभिन्न स्थानों पर जल्द ही प्लास्टिक बोतल फ्लाकिंग मशीन लगाई जाएगी। बताया जा रहा है कि इस संबंध में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पुरातत्व विभाग को लिखा है। अब स्मारकों में जगह चिह्नित कर ये मशीन लगाने का कार्य किया जाएगा। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेन्द्र ने बताया कि इस संबंध में पत्र आया है। जल्द ही कवायद शुरू होने की संभावना है।

### कहां-कितनी लगी हैं बॉटल क्रशिंग मशीनें

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार अभी हाल में जयपुर मंडल पर लगभग 125 प्लास्टिक बॉटल क्रशिंग मशीनें लगी हुई हैं। इनमें जयपुर स्टेशन पर 25, फुलेरा स्टेशन पर 15, अलवर स्टेशन पर 15, रेवाड़ी स्टेशन पर 15, बांदीकुई स्टेशन पर 15, किशनगढ़ स्टेशन पर 15, सीकर स्टेशन पर 5, रींगस स्टेशन पर 5, दौसा स्टेशन पर 5, दुर्गापुरा स्टेशन पर 5, गेटौर जगतपुरा पर 5 मशीनें शामिल हैं। इसी प्रकार जोधपुर मंडल पर 6 मशीनें हैं, जिनमें जोधपुर, भगत की कोठी, जैसलमेर, पाली मारवाड़, बाड़मेर और नागौर स्टेशन पर एक-एक प्लास्टिक बॉटल क्रशिंग मशीन लगाई गई हैं। अजमेर स्टेशन पर प्लास्टिक बोतल के साथ ही अन्य प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए 5 वर्ष का अर्निंग कॉन्ट्रैक्ट ठेका दिया गया है, जिससे रेलवे को आय भी होगी।




प्लास्टिक की बोतलें पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा बन गई हैं तो प्लास्टिक के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठा रहे हैं। रोजाना पानी की खाली बोतलें बड़ी संख्या में ट्रैक व प्लेटफार्म पर फेंकी जाती हैं। ऐसे में अब इन मशीनों के जरिये बोतलों को क्रश किया जा रहा है, ताकि यह रिसाइकिल हो सके। हालांकि, कई बार में लोगों में जागरुकता कम होने कारण वे इसमें कपड़े का थैला, कांच की बोतल और पत्थर तक डाल देते हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।



**- शशि किरण, सीपीआरओ, उत्तर पश्चिम रेलवे**

### 125 स्टेशनों पर लगी प्लास्टिक बॉटल क्रशिंग मशीन




यदि आप ट्रेन से यात्रा करते हैं तो अपने साथ पानी की बोतल भी रखते होंगे या फिर स्टेशन पर ही खरीदते होंगे। लेकिन यदि खाली होने पर आप इसे रेलवे ट्रेक या प्लेटफार्म पर ही फेंकते हैं तो यह गलत है। इसका जवाब यह है कि रोजाना लाखों की संख्या में यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। ऐसे में पीने के पानी के लिए यदि एक व्यक्ति एक प्लास्टिक की बोतल भी अपने साथ रखता है तो हर दिन लाखों प्लास्टिक बोतलों का कचरा रेलवे ट्रैक व प्लेटफार्म पर बड़ी समस्या बन रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कदम बढ़ाते हुए इस दिशा में काम शुरू कर दिया। इसकी बानगी है कि उत्तर पश्चिम रेलवे के लगभग 125 रेलवे स्टेशनों पर प्लास्टिक बॉटल क्रशिंग मशीनें लगाई जा चुकी हैं। अतः ट्रेन से यात्रा करने के दौरान कोई भी यात्री इन मशीनों में पेयजल की खाली प्लास्टिक बोतल को क्रश करने के लिए डाल सकता है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान भी दे सकता है।

# डॉ. मंजू यादव ने किया एनईईटी-एसएस पैथोलॉजी में टॉप



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** डॉ. मंजू भूषण यादव (एम.डी.) ने देश की चिकित्सा क्षेत्र की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और प्रतिष्ठित सुपर स्पेशियलिटी डीएम प्रवेश परीक्षा-एनईईटी-एसएस 2024 पैथोलॉजी विषय में पूरे भारत में प्रथम रैंक हासिल कर राजस्थान का नाम रोशन किया है। डॉ. यादव जयपुर निवासी हैं। डॉ. यादव देश की पहली महिला चिकित्सक हैं जिन्होंने डीएम कोर्स के लिए नीट एसएस 2024 सुपर स्पेशियलिटी परीक्षा में 600 में से 513 अंक प्राप्त कर प्रथम रैंक हासिल की है। डॉ. मंजू वर्तमान में राजसमन्द के अनंता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने 2017 में भी 14वीं रैंक के साथ एनईईटी एसएस परीक्षा पास की थी, लेकिन पारीवारिक परिस्थितियों के कारण वह डीएम कोर्स पूरा नहीं कर सकीं। उन्होंने जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर से एमबीबीएस तथा एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से एमडी की है। अपनी इस असाधारण उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने अथक प्रयास, समर्पण, दृढ़ता और कड़ी मेहनत के साथ-साथ अपने परिवार व मित्रों को दिया।

## रामलीला मदान में कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली'

# जब-जब कांग्रेस आगे बढ़ती है, उसे दबाने की कोशिश की जाती है : खड़गे

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित संवधिान बचाओ रैली आयोजित की गई। इसमें गरजते हुए खड़गे ने कहा कि जब-जब भी कांग्रेस आगे बढ़ती हैं तो उसे भाजपा एजेंसियों के जरिए दबाने की कोशिश करती है। लेकिन यह कांग्रेस हैं दबने वाली नहीं हैं। गुजरात अधिवेशन के समय सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की गई। खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि देश के स्वाभिमान पर आतंकी हमला हो रहा है और प्रधानमंत्री को चुनावी भाषण सूझ रहे हैं। वो चुनावी भाषण देने बिहार पहुंच जाते हैं, लेकिन उन्हें ऑल पार्टी मीटिंग में भाग लेने के लिए दिल्ली आने का समय नहीं मिलता है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाई। इस देश का संविधान डॉक्टर अंबेडकर ने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें एक चाय बेचने वाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है। एक दलित का बेटा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। यह लोग देश में फूट डालने की बात करते हैं। हम एकता की बात करते हैं, हम जोड़ने की बात करते हैं, हमें बदनाम करने की कोशिश करते हैं कि यह कांग्रेस वालों ने किया है।

**अनुशासन और संगठन का पाठ पढ़ा गए खड़गे :** राजधानी में दो बड़ी कांग्रेस के संगठन से जुड़ी बैठकों का भी आयोजन किया गया। इन दोनों बैठकों में खड़गे ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के संगठन को मजबूत करने के साथ अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया। वार रूम में प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों की बैठक की गई। साथ ही कांग्रेस की समन्वयक कमेटी की बैठक तोतूका भवन में आयोजित की गई। इन बैठकों में संगठन की मजबूती और बूथ तक कांग्रेस को मजबूत करने पर बातचीत हुई। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे ने और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ प्रदेश से एआईसीसी सदस्य और सीडब्ल्यूसी के सभी सदस्यों ने भाग लिया।

दोपहर में कांग्रेस की वार रूम में कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश कांग्रेस के 41 संगठन जिलों के अध्यक्ष मौजूद रहे। उनसे संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्ति की बात हुई। इसमें डोटासरा ने टोंक से जिला अध्यक्ष से मंडल अध्यक्षों की लंबित नियुक्तियों को लेकर बात की। खड़गे ने मंडल अध्यक्षों के नाम की लिस्ट मांगी तो टोंक जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि मेरे पास अभी लिस्ट नहीं हैं। इस पर बैरवा को खड़गे ने जमकर लताड़ लगाई। खड़गे ने कहा कि अब संगठन में काम करने वाला ही रहेगा।

### इसी मैदान पर इंदिरा गांधी ने बनाई थी नई पार्टी

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक अशोक गहलोत ने कहा इंदिरा गांधी को जब कांग्रेस से निकाला गया था, तब इंदिरा गांधी जयपुर आई थी और इसी मैदान पर उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस आई पार्टी की स्थापना की थी। भाजपा और मोदी सरकार आज देश में लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने का काम कर रही है। कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि वह इसकी रक्षा करें। आज देश में ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स सब पर दबाव है।

### डोटासरा बोले, सरकार बताए चूक कहां हुई

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान की शह पर आतंकी हमला हुआ। इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है, लेकिन हम पूछना चाहते हैं कि केवल बातें ही होंगी या काम होगा? पहलगाम में चूक कहां हुई? आप संविधान तोड़ने की बात करते हो संविधान बदलने की बात करते हो।

### संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है : पायलट

पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि देश में संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा हैं। महाराष्ट्र में कुल वोटों से ज्यादा वोट पड़ गए। यह बड़ा गंभीर सवाल हैं। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट का जज और पीएम के साथ नेता प्रतिपक्ष भी होते थे। अब जज को हटा दिया संसदीय मंत्री को जोड़ दिया तो दो एक के बहुमत से मनचाहे को चुनाव आयुक्त बना दिया जाता हैं। जिसका परिणाम हमने महाराष्ट्र में देखा था। जयपुर में भाजपा के एक विधायक ने माहौल बिगड़ने का काम किया। कांग्रेस का कार्यकर्ता पूरी मेहनत और एकजुटता से काम करेगा तो साढे तीन साल साल के बाद राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे पर भड़के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़

## 'स्वयं को ज्योतिर्लिंग बताकर हिन्दू भावनाओं को ठेस पहुंचाई'

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर जमकर पलटवार किया। सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने प्रेसवार्ता की। राठौड़ ने कहा कि खरगे ने खुद को 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक 'मल्लिकार्जुन' बताकर हिन्दू समाज की भावनाओं का अपमान किया है। उन्होंने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति संसद में 'मल्लिकार्जुन' शब्द के उच्चारण पर नाराज होते हैं, वही जनसभा में खुद को ज्योतिर्लिंग बता रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि हिन्दू समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। राठौड़ ने कांग्रेस की 'संविधान बचाओ यात्रा' को भी एक ढोंग करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी और अब वही पार्टी यात्रा निकालकर लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने शाहबानो मामले में भी संविधान का अपमान किया था। राठौड़ ने दावा किया कि संविधान और बाबा साहेब अंबेडकर का सम्मान असली मायनों में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बाबा साहेब के पंच तीर्थ स्थलों को विकसित किया और उन्हें भारत रत्न देने का कार्य भी भाजपा ने किया।

**शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का कांग्रेस पर हमला:** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 93 चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया और आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को कुचला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस संविधान से नफरत करती है और अपनी असली नीयत छिपाने के लिए 'संविधान बचाओ यात्रा' निकाल रही है। दिलावर ने कहा कि गांधी परिवार 30 साल से सत्ता से बाहर है और जनता ने उन्हें नकार दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

# दूध के टैंकर से स्कॉर्पियो की भिड़ंत में मां-बेटे की मौत

### कैंसर पीड़ित मां को डॉक्टर के पास ले जाते समय हुआ हादसा

महानगर संवाददाता



**चूरू।** राजलदेसर इलाके में सड़क हादसे में स्कॉर्पियो सवार चिड़ावा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और उनकी मां की मौत हो गई। दिल्ली-बीकानेर हाईवे पर सोमवार तड़के करीब 3 बजे दूध के टैंकर से स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई थी, जिसमें कार के परखच्चे उड़ गए। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष की बॉडी गाड़ी में बुरी तरह फंस गई थी। उनकी मां घायल थीं। उन्हें फौरन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। राजलदेसर थाने के एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि पिलानी के कुलड़िया का बास गांव निवासी उर्मिला देवी को कैंसर था। अमित हर पंद्रह दिन में मां के इलाज के लिए बीकानेर ले जाते थे। सोमवार को भी अपनी मां को डॉक्टर को दिखाने के लिए अमित कुमार स्कॉर्पियों से बीकानेर जा रहे थे। इस दौरान तड़के करीब 3 बजे राजलदेसर इलाके के राजाणा जोहड़ के पास सामने से आ रहे दूध के टैंकर और स्कॉर्पियों की टक्कर हो गई। एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि हादसे में स्कॉर्पियो का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमित की मौके पर ही मौत हो गई। उर्मिला देवी ने हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कड़ी मशक्कत के बाद अमित कुमार का शव स्कॉर्पियो से बाहर निकाला गया। एएसआई ने बताया कि हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे करवाया। दोनों शवों को राजलदेसर के अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। अमित के पिता हवा सिंह का पहले ही निधन हो चुका है। अमित के दो बेटे हैं। अमित और उनकी मां के निधन के कारण चिड़ावा कोर्ट में मंगलवार को वकील काम नहीं करेंगे।

### मैच टिकट की कालाबाजारी करते तीन गिरफ्तार

**जयपुर (म.सं.)।** क्राइम ब्रांच ने आईपीएल क्रिकेट मैच टिकट की कालाबाजारी करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। दो कार में बैठकर तीनों आरोपी टिकट ब्लैक कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग कीमत की 96 टिकट व बिक्री में यूज कारें जब्त की है। डीसीपी क्राइम कुंदन कंवरिया ने बताया कि राजस्थान रायल्स और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल क्रिकेट मैच के टिकट की कालाबाजारी को रोकने के लिए सीएसटी को निर्देश दिए गए थे। सीएसटी टीम ने कार्रवाई कर लालकोठी से संदीप नाटाणी पुत्र गोविंद दास नाटाणी निवासी नाटाणियों का रास्ता चौड़ा रास्ता व चंद्र प्रकाश पुत्र नारायण महावर निवासी कंवर नगर ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 2400 रुपए वाली 40 टिकट व 3200 रुपए वाली 16 टिकट और एक कार बरामद की है। वहीं, दूसरी कार्रवाई गांधी नगर में करते हुए राजेश विश्नोई पुत्र बरसिंघाराम निवासी पांचोडी नागौर हाल अनिता कॉलोनी बजाज नगर को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 2200 रुपए वाली 40 टिकट और एक कार बरामद की है।



## दस्तावेजों में हेरफेर कर मृतकों के नाम से जीवित व्यक्ति बनकर होते थे पेश, तीन आरोपी गिरफ्तार

# कोर्ट को गुमराह कर फर्जी जमानत दिलवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सदर थाना पुलिस ने कोर्ट में फर्जी दस्तावेजों के जरिए आरोपियों को जमानत दिलवाने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में शामिल लोग मृतकों के नाम से जीवित व्यक्ति बनकर कोर्ट पेश होते थे और आधार कार्ड, हैसियत प्रमाण-पत्र जैसे दस्तावेजों में हेराफेरी कर अदालतों को गुमराह करते थे। पुलिस ने इस गिरोह का भंडाफोड़ कर इसमें शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नंद सिंह सिसोदिया उर्फ मोती सिंह, रामगोपाल सैनी और भरत सिंह को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इस गिरोह के काम करने के तरीके और इसमें शामिल अन्य लोगों की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस ने बताया कि जमानत प्रकरण में फर्जी जमानत देने वाला व्यक्ति मोती सिंह के नाम से अदालत में पेश हुआ था, लेकिन जांच में सामने आया कि उसका असली नाम नन्द सिंह सिसोदिया है, जो मुरलीपुरा जयपुर का रहने वाला है। उसके पास से न सिर्फ फर्जी आधार कार्ड, बल्कि जमानती बनने के लिए इस्तेमाल किए गए हैसियत प्रमाण-पत्र, खसरा की नकलें और स्वयं के नाम पर जारी मोटरसाइकिल के दस्तावेज बरामद हुए हैं। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह मनावर नामक व्यक्ति के कहने पर यह काम करता था और इसके बदले में उसे 1000-1500 रुपए मिलते थे।

### पढ़ा-लिखे नहीं, केवल हस्ताक्षर करना जानते

आरोपी नन्द सिंह ने खुलासा किया कि वह खुद पढ़ा-लिखा नहीं है और सिर्फ हस्ताक्षर करना जानता है। उसने मनावर के कहने पर पिछले चार साल में कई बार फर्जी जमानतें दीं, जिनमें कई बार खुद की आईडी और कई बार दूसरों के नाम से बनी फर्जी आईडी का इस्तेमाल किया गया। उसने कोर्ट परिसर में मुनशी का काम करने वाले भरत सिंह व राजेन्द्र कुमार का नाम भी लिया, जो फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने में सहयोग करते थे। एक अन्य मामले में वकील जयप्रकाश सैनी ने पुलिस को बताया कि उनकी फोटोकॉपी की दुकान पर एक व्यक्ति आया, जिसके पास दो अलग-अलग आधार कार्ड थे। एक फर्जी हैसियत प्रमाण पत्र दिखा रहा था, जो वकील के पुश्तैनी पते पर बना हुआ था। जब नाम पूछा गया तो उसने खुद को रामगोपाल सैनी बताया, जबकि उसके आधार कार्ड पर फोटो वही थी, लेकिन नाम व पता अलग-अलग थे।

### नेटवर्क के जरिए काम कर रहा था गिरोह

**आरोपी** रामगोपाल ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसे भी भरत सिंह नामक व्यक्ति ने पैसे का लालच देकर फर्जी जमानत देने के लिए कोर्ट बुलाया था। भरत सिंह ही लोगों से जमानत के बदले पैसे लेता था और फर्जी जमानती तैयार करवाता था। दस्तावेज बनाने का काम राजेन्द्र कुमार करता था। गिरफ्तारी के बाद भरत सिंह ने बताया कि वह कोर्ट में अजय सिंह नामक अधिवक्ता के पास मुनशी का काम करता था। वहां उसकी मुलाकात कई ऐसे आरोपियों से होती थी, जिन्हें जमानती नहीं मिल पाते थे। ऐसे मौकों पर वह पैसे लेकर फर्जी जमानती उपलब्ध करवा देता था। दस्तावेज तैयार करवाने और फर्जी व्यक्तियों को लाने के एवज में उसने एक संगठित नेटवर्क बना लिया था।

## परिजनों का जान से मारने की नीयत से जहर खिलाकर मारपीट कर पटकने का आरोप

# शराब के नशे में कार से उतरकर सड़क पर गिरे सफाईकर्मी ने तोड़ा दम

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में एक सफाईकर्मी कार से उतरकर सड़क पर गिरा और फिर दम तोड़ दिया। इसके बाद मृतकों के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बजाज नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई।

आरोप है कि सफाईकर्मी को जान से मारने की नीयत से पहले जहर खिलाया फिर इसके बाद मारपीट कर कार सवार रोड पर पटककर चला गया। बजाज नगर थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसआई रामकृपाल ने बताया कि मृतक नवरतन डागर निवासी झालाना डूंगरी जवाहर नगर की हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है। घटना के मुताबिक नवरतन जेएलएन मार्ग स्थित एक बंगले पर सफाई करने गया था। करीब 2 घंटे बाद काम खत्म कर बजाज नगर थाने में सफाई के लिए निकाला था और शराब के नशे में एक वर्कशॉप के बाहर गिर गया। यहां मौजूद स्टूडेंट ने एक टैक्सी कार को रोककर नवरतन को बजाज नगर थाने छोड़ने के लिए बैठा दिया। टैक्सी में बैठी सवारी को गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर उतारने के लिए ड्राइवर ने कार रोकी। सवारी के उतारने के बाद नवरतन भी खुद को ठीक होना बताकर उतर गया। कार से उतरते ही वह रोड पर गिर गया। उठकर संभलने की कोशिश में वह दोबारा रोड पर गिर गया, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गया।

### शरीर पर चोट के निशान, हत्या का मामला दर्ज

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जयपुरिया हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई शंकर लाल ने बजाज नगर थाने में हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि उसके बड़े भाई नवरतन को जान से मारने की नीयत से जहर खिलाया गया। उसे जहर खिलाकर मारपीट कर रोड पर पटककर कार ड्राइवर चला गया। डिवाइडर पर भाई का टिफिन, तोलिया व टोपी पड़ी हुई मिली। इसके साथ ही शरीर पर चोट के निशान भी थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरटीओ ने नियम तोड़ने वाले 955 वाहनों के काटे चालान

### ओवरलोड, बिना परमिट व फिटनेस के 96 गाड़ियों को किया सीज

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** आरटीओ प्रथम ने अवैध वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। आरटीओ राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि बीते पांच दिनों में शहर में अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 2865 गाड़ियों की जांच की गई। जांच के दौरान नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 955 चालान बनाए गए। अभियान में बिना परमिट, फिटनेस व पॉल्युशन सर्टिफिकेट के चल रहे वाहनों को भी रोका गया। आरटीओ ने बताया कि जांच के दौरान 137 गाड़ियां ओवरलोड पाई गईं, जबकि 254 वाहनों में ओवर प्रोजेक्शन मिला। बिना परमिट के 85 वाहन पकड़े गए। इसके अलावा 143 गाड़ियों का फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं मिला और 140 वाहनों का पॉल्युशन सर्टिफिकेट भी नहीं था। कुल 96 वाहनों को सीज किया गया है। अभियान के तहत अब तक 29 लाख 16 हजार 200 रुपए की कंपाउंड राशि वसूली गई है, जबकि चालानों के आधार पर कुल अनुमानित राशि 72 लाख 84 हजार 397 रुपए पहुंची है। आरटीओ ने बताया कि अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वर्कलोड से परेशान एफसीआई कर्मचारी ने काटी हाथ की नसें

### सुसाइड करने सूचना साथी कर्मचारी को दी, मकान मालिक अस्पताल लेकर भागा

महानगर संवाददाता



**भरतपुर।** मथुरागेट इलाके में सोमवार सुबह 3 बजे खाद्य निगम के कर्मचारी ने वर्कलोड से परेशान होकर हाथ की नसें काटकर सुसाइड करने की कोशिश की। इसके बाद इसकी सूचना अपने साथी कर्मचारी को दी तो उन्होंने कर्मचारी के मकान मालिक को बताया। कमरे के बाथरूम में खून बिखरा देख मकान मालिक के होश उड़ गए। वह तुरंत कर्मचारी को लेकर अस्पताल की ओर दौड़ा, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। एएसआई रति राम ने बताया कि अलसुबह भरतपुर में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के टेक्निकल असिस्टेंट सौरभ सत्यार्थी के सुसाइड करने कोशिश की सूचना मिली थी। इसके बाद उसके जवाहर नगर स्थित किराए के कमरे पर पहुंचे और मकान मालिक पंकज बंसल से सौरभ को लेकर जानकारी जुटाई। प्रारम्भिक पूछताछ के अनुसार सौरभ के एक साथी कर्मचारी ने सुबह पंकज बंसल को फोन कर सौरभ के सुसाइड अटेम्प्ट करने की सूचना दी थी।

पंकज ही सौरभ को अस्पताल ले गए थे, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सौरभ को उसके लखनऊ स्थित घर भेज दिया गया है। एएसआई ने बताया कि सौरभ से सुसाइड करने के प्रयास को लेकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि ऑफिस के वर्कलोड को लेकर वह टेंशन में था। ऐसे में उसने सुसाइड करने की ठानी थी। आवेश में आकर दोनों हाथों की नसें काट ली। इसके बाद अपने एक साथी को फोन कर इसकी सूचना दी।

### आतंकी हमले को लेकर गलत टिप्पणी करने पर तीन गिरफ्तार

**जयपुर (म.सं.)।** पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी करने पर बाड़मेर पुलिस ने अब तक तीन जनों को गिरफ्तार किया है। एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले के मध्यनजर बाड़मेर पुलिस की साईबर व डीसीआरबी टीम सोशल मीडिया हैंडल पर कड़ी निगरानी रखकर किसी भी प्रकार की अफवाह, धार्मिक, भड़काउ व गलत पोस्ट करने वालो पर पैनी नजर रखी जा रही है। आंतकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर गलत व भड़काउ टिप्पणी करने पर पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए अब तक तीन व्यक्तियों जसवन्त डाभी निवासी गुड़ामालानी, चन्द्रप्रकाश निवासी नागाणा व शकुर खां निवासी मौखाब को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि पहलगाम आतंकी हमले के सम्बन्ध में सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की गलत व आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें। आपसी भाईचारा व सोहार्द बनाए रखें। पुलिस की साईबर व डीसीआरबी टीम द्वारा सोशल मीडिया हैंडल पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह, धार्मिक व भड़काउ व गलत पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बदमाशों ने टोलकर्मी को पीटा

**बहरोड़ (म.सं.)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के मांढण थाने में देर रात काठूवास टोल प्लाजा पर टोलकर्मी ने बाइक लूटने, जान से मारने का प्रयास करने और जाति सूचक शब्दों से प्रताड़ित करने का मामला दर्ज करवाया है। आरोप लगाया कि नीचे पड़ी चाबी नहीं देने से नाराज होकर बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटा। बहरोड़ डीएसपी कृतिका यादव ने बताया कि काठूवास निवासी राहुल पुत्र रमेश ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वो रात को काठूवास टोल पर ड्यूटी पर गया था। कुछ समय बाद वो पास में स्थित होटल पर चला गया। यहां कुछ लोग आकर बोले कि नीचे चाबी पड़ी हुई है, इसे उठाकर दे दे। मैंने मना कर दिया। इसी बात को लेकर उन्होंने उसके साथ मारपीट की। उन्होंने मुझ पर 10 हजार रुपए की चोरी करने का आरोप भी लगाया। हमलावरों ने लोहे की रॉड और डंडों से हमला किया। इसका वीडियो भी बनाया गया। मैंने मारपीट की शिकायत अगले ही दिन मांढण थाने में दी, लेकिन दूसरी पार्टी ने दबाव बनाकर समझौता लिखवा लिया। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी बाइक, सोने की अंगूठी व चेन भी लूट ली। पिटाई के डर से भागकर उसने अपनी जान बचाई।

# रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ट्रेन से टकराने से उसकी मौत हो गई। करधनी थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास में जुटी है। पुलिस ने बताया कि बैनाड़ रोड पर मोहन हॉस्पिटल के पास स्थित रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव पड़ा मिला। लाश मिलने का पता चलने पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआवना कर सबूत जुटाए। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस की प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। ट्रेन से टकराने से वह उछलकर रेलवे ट्रैक के पास आ गिरा। पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 30 साल है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

## माता-पिता पर केस वापस लेने का दबाव बनाने और मारपीट करने का आरोप

# रेप पीड़िता ने झील में कूदकर किया आत्महत्या का प्रयास

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** एक कोचिंग टीचर ने आनासागर में कूदकर जान देने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों और गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों की सतर्कता से युवती को बचा लिया गया। पीड़िता को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

पीड़िता ने बताया कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। उसका आरोप है कि अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई और उस पर केस वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। मुझे इंसाफ चाहिए। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। क्रिश्चयनगंज थाने के पुलिस कांस्टेबल संदीप ने बताया कि वे चौपाटी पर गश्त के दौरान आनासागर की ओर जा रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि एक महिला पानी में ऊपर-नीचे हो रही थी। तत्परता दिखाते हुए वे तुरंत पानी में कूदे और उसे बाहर निकाला। उसकी स्कूटी बाहर खड़ी मिली। महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसके परिजन आ गए और उन्हें सौंप दिया गया। रेप पीड़िता कोचिंग टीचर ने कहा कि माता-पिता चाहते हैं कि रेप केस वापस लूं। पापा आए दिन मारते हैं, पागल कहते हैं और घर से निकालने की बात करते हैं। मैं कोचिंग में टीचर हूं और बच्चों को पढ़ाती हूं। आरोपी पोस्ट ऑफिस में है और मैंने अलवर गेट थाने में मामला दर्ज कराया है, लेकिन मुझे अभी तक इंसाफ नहीं मिला। मुझे इंसाफ चाहिए। रेप पीड़िता ने कहा कि अगर ऐसा चलता रहा तो हर लड़की के साथ रेप होता रहेगा और वे मर ही जाएंगी। केस में कोई कार्रवाई नहीं हो रही और केस वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। इसलिए डिप्रेशन में आकर मैंने मरने का फैसला किया था। अजमेर के अलवर गेट थाना क्षेत्र में युवती ने करीब तीन माह पहले रेप का मामला दर्ज कराया था। आरोप था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर डाक विभाग की तीसरी मंजिल के टॉयलेट में उसके साथ रेप किया।

# ऑटोरिक्शा में चेन चोरी करने वाली गैंग पकड़ी, महिला सहित 4 धरे

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** क्राइम ब्रांच ने चलते ऑटोरिक्शा में चेन चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गैंग में शामिल महिला सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाश चलते ऑटोरिक्शा में वारदात करने के बाद सवारी को बीच रास्ते में छोड़ भाग जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई गोल्ड चेन और वारदात में यूज ऑटोरिक्शा बरामद किया है। डीसीपी क्राइम कुंदन कंवरिया ने बताया कि मामले में आरोपी राहुल परमार, उसकी पत्नी हिरल, सन्नी व धनजी उर्फ राजू निवासी खटकीवाडा भावनगर गुजरात को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन और वारदात में यूज ऑटोरिक्शा बरामद किया है। सीएसटी ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बदमाशों को चिह्नित कर दबिश देकर पकड़ा है।

पूछताछ में सामने आया है कि बदमाश बस स्टैण्ड और ऑटो स्टैण्ड पर महिलाओं को कम किराया बताकर ऑटो में बैठाते और बीच रास्ते में ध्यान भटकाकर चलते ऑटो में चेन चुरा लेते थे। फिर जरूरी काम का बहाना बनाकर सवारी को बीच रास्ते में ही उतारकर फरार हो जाते थे। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राहुल परमार नशे की लत होने के कारण क्राइम करने लगा था। वारदात के दौरान सन्नी ऑटो चलाता है। धनजी पीछे सवारी का ध्यान भटकाने और हिरल वारदात को अंजाम देने का काम करती। पुलिस पूछताछ में कई वारदातों के खुलासे की संभावना है।

# सीमेंट के कट्टों के नीचे दबने से 2 बच्चों की मौत

### निर्माणाधीन मकान में खेलते समय हुआ हादसा, धमाके की आवाज सुन दौड़े परिजन

महानगर संवाददाता



**बांसवाड़ा।** दानपुर थाना क्षेत्र की छायन बड़ी ग्राम पंचायत के कदवाली गांव में निर्माणाधीन मकान में खेल रहे 2 बच्चों की सीमेंट के कट्टों के नीचे दबने से मौत हो गई। बच्चों के चीखने और धमाके की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर आए और दोनों को कट्टों के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जांच के बाद डॉक्टर ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि बच्चों के सिर में चोट लगने से दिमाग की नसें डैमेज हो गई, जिसके कारण दोनों की मौत हुई है। एसएचओ राजवीर सिंह ने बताया कि हादसे में विक्रम पुत्र गोपाल राणा और शीतल पुत्री कनेश निनामा की मौत हो गई है। दोनों बच्चे पड़ोसी हैं। विक्रम के पिता ने घर का निर्माण काम चला रखा था। दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस की शीतल और विक्रम निर्माणाधीन मकान के एक कमरे में खेल रहे थे। खेलने के दौरान वह सीमेंट के कट्टों के पास पहुंच गए। इस दौरान सीमेंट के 3-4 कट्टे बच्चों पर गिर गए और दोनों बच्चे नीचे दब गए। आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चों को कट्टों के नीचे से निकालकर बांसवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉ. अमित भीमावत ने बताया कि कट्टे भारी थे और बच्चों के सिर पर चोट लगने से उनकी मौत होना सामने आया है। दिमाग की नसों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## खुलासा — बाहर भेजने की फिराक में थे बदमाश, 24 घंटे में कई जगह बदली, दो गिरफ्तार

# किडनैप बच्चे का हुलिया बदलकर 5 लाख रुपए में सौदा

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** किडनैप हुए 7 महीने के बच्चे का बदमाशों ने 5 लाख रुपए में सौदा कर दिया। बदमाशों ने बच्चे को किडनैप करने के बाद 24 घंटे में कई जगह बदली। उन्होंने बच्चे का हुलिया बदल दिया और उसको अच्छे कपड़े पहना दिए। आरोपी बच्चे को बाहर भेजने वाले थे, लेकिन उसके पहले ही पुलिस को सूचना मिली कि एक घर में 2 युवक बच्चे के साथ हैं। इस पर पुलिस ने छापा मारकर बच्चे को बरामद कर लिया। एक आरोपी कुणाल गुप्ता उर्फ बबलू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे आरोपी दीपक को हिरासत में लिया है। मामले में मुख्य आरोपी इंद्राज फरार है। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि अजमेर में माखुपुरा पुलिया के नीचे चैनराज अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ सो रहा था। सुबह करीब 4 बजे बाइक पर आए दो बदमाशों ने चुपचाप 7 महीने के मनराज और 3 साल के बच्चे को उठाया। 3 साल का बच्चा रोने लगा तो उसे वहीं छोड़ दिया, लेकिन मनराज को लेकर फरार हो गए। एसपी वंदिता ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही करीब 100 पुलिसकर्मियों की टीम लगाई गई। साइबर टीम और डीएसटी टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। हाईवे के आसपास लगे करीब 400 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई।

### मुख्य आरोपी फरार, पुलिस टीमें तलाश में जुटी

**जांच** के दौरान पता चला कि आरोपी रामगंज थाना क्षेत्र की तरफ गए। इलाके में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि एक घर में दो युवक बच्चे के साथ हैं। इस पर पुलिस टीम ने छापा मारकर बच्चे को बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपी कुणाल ने बताया कि इंद्राज ने उसे बच्चे की एवज में 5 लाख रुपए देने का वादा किया था। वह बच्चे का हुलिया बदलकर उसे बाहर भेजने की फिराक में थे। एसपी ने कहा कि मुख्य आरोपी इंद्राज की गिरफ्तारी के बाद ही मामले का पूरा खुलासा हो पाएगा। यह भी पता चलेगा कि बच्चे को कहां और क्यों भेजा जा रहा था। इंद्राज को गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# पेयजल संकट को लेकर महिलाओं में फूटा आक्रोश

## उपखंड अधिकारी कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन कर अधिकारियों को जमकर सुनाई खरी-खोटी

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** शहर में गंभीर पेयजल संकट को लेकर सोमवार को महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। कचियागढ़ क्षेत्र की महिलाएं अखिल जनवादी महिला मोर्चा व माकपा के नेतृत्व में जलदाय विभाग व प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतर आईं। महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन किया और परिसर में धरने पर बैठ गईं। इस दौरान महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।



प्रदर्शनकारी महिलाएं ज्ञापन देने के लिए एसडीएम कार्यालय के अंदर जाने की मांग कर रही थीं। इसी बीच माकपा के तहसील सचिव ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में कुछ महिलाएं कार्यालय में घुसने का प्रयास करने लगीं, जिन्हें रोकने के प्रयास में सिविल ड्रेस में तैनात एएसआई कैलाश कुमार व होमगार्ड हुक्मसिंह के साथ धक्का-मुक्की हो गई। इस घटना से माहौल गर्मा गया और महिलाओं ने पुलिसकर्मियों व कर्मचारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। प्रदर्शन के दौरान माकपा नेताओं ने भी एसडीएम अनिल कुमार से नाराजगी जताई और समस्या के समाधान की मांग को लेकर कड़े शब्दों में अपनी बात रखी। महिलाओं ने दो टूक कहा कि जब तक पेयजल संकट का समाधान नहीं होगा, वे धरना समाप्त नहीं करेंगी। करीब दो घंटे तक चले इस हंगामेदार प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ जोरदार नारे लगाए।

उपखंड अधिकारी अनिल कुमार ने जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कविता बोचल्या व कनिष्ठ अभियंता को मौके पर बुलाया। दोनों अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर पेयजल संकट के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों के समाधान का भरोसा दिलाने के बाद महिलाएं शांत हुईं और धरना समाप्त किया। प्रदर्शन के दौरान जुम्मी बानो, निजामुद्दीन, शांति देवी, कमला देवी, सुशीला, माकपा से कैलाश सामोता, जिला सचिव ओमप्रकाश यादव, कॉ. पूरण सिंह कूड़ी, शिवराम लांबा व मोतीराम सहित सैकड़ों महिलाएं और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पदोन्नत होकर स्थानांतरण होने पर न्यायिक अधिकारी को दी विदाई

**चाकसू (मसं)।** दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से सोमवार को अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 19 जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय चाकसू के न्यायिक अधिकारी कंचन सिंह राजावत का चाकसू से अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पद पर पदोन्नत होकर जयपुर स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी कंचन सिंह राजावत ने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में दी बार एसोसिएशन चाकसू द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि बार व बैंच के मधुर संबंधों के बिना आम जनता को शीघ्र न्याय प्रदान नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर बार एसोसिएशन चाकसू के अध्यक्ष एनएल एडवोकेट व महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा ने न्यायिक अधिकारी का साफा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष निर्मल कुमार, हरप्रीत सिंह, पूर्व महासचिव श्रवण लाल शर्मा, सुनील शर्मा, रामेश्वर चौधरी, भगवान सहाय यादव, मुकेश पारीक, गोविंद विजयवर्गीय, सुरेश शर्मा, राजेश यादव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।




# संविधान बचाओ महारैली में शामिल हुए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता

**झुंझुनूं (मसं)।** जयपुर में आयोजित कांग्रेस के संविधान बचाओ महारैली में झुंझुनूं जिले से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस महारैली के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दिनेश सुण्डा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचने का आग्रह करते रहे। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता संविधान बचाओ रैली में शामिल होने जयपुर पहुंचे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सुंडा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी झुंझुनूं द्वारा महारैली में शामिल होने आए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए चाय व जलपान की व्यवस्था की गई। इसके बाद जिला प्रभारी राम सिंह कस्वां के नेतृत्व में सभी कार्यकता महारैली में शामिल होने के लिए जयपुर पहुंचे। कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सैनी ने बताया कि इस महारैली में शामिल होने झुंझुनूं जिले के सांसद बृजेंद्र ओला, जिले के सभी विधानसभाओं के विधायक, विधायक प्रत्याशी, पूर्व विधायक, पंचायत समितियों के प्रधान, उप प्रधान, नगर निकायों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, कांग्रेस समर्थित सरपंच, नगर निकाय के पार्षद, जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडल कांग्रेस कमेटी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए।



# सेवानिवृत्त होने पर सीबीईओ मुरारी लाल जांगिड़ का किया सम्मान

**रामगढ़ पचवारा (मसं)।** हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की ओर से सेवानिवृत्त सीबीईओ मुरारी लाल जांगिड़ का सम्मान किया गया। सचिव नवीन शर्मा सुकार ने बताया कि सीबीईओ ने पद ग्रहण करने के साथ ही विद्यालयों में स्काउट-गाइड की गतिविधियों पर जोर दिया, जिससे हिंदुस्तान स्काउट गाइड द्वारा ब्लॉक रामगढ़ पचवारा के संपूर्ण विद्यालयों का पंजीकरण कर गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट गाइड टीम ने स्कार्फ, माला, साफा पहनाकर व प्रशस्ति-पत्र देकर जांगिड़ का सम्मान किया। कमिश्नर व प्रधानाचार्य रामावतार मीना ने बताया कि लालसोट ब्लॉक से अलग होकर रामगढ़ पचवारा नया ब्लॉक बना, जिसमें मुरारी लाल जांगिड़ के नेतृत्व में शिक्षा व स्काउट के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया गया। इस अवसर पर पृथ्वीराज मीणा प्रधानाचार्य, सूरजमल बुनकर, गुमान सिंह चौहान, राजेश शर्मा, रामप्रकाश जीजवाड़िया, राजेश गुर्जर, शिवदयाल सिंह शेखावत, हनुमान प्रसाद मीणा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाओ रैली में लिया भाग

**नवलगढ़ (मसं)।** पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलदेव सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जयपुर में आयोजित संविधान बचाओ रैली में भाग लिया। जयपुर रवाना होने से पूर्व ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर पार्क में भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का माल्यार्पण किया और रैली के रूप में जयपुर के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन मुकुंदगढ़ सत्यनारायण सैनी, पंचायत समिति सदस्य सुभीता सिंगड़, मुकुंदगढ़ मण्डल अध्यक्ष राजकुमार चेजारा, सोटवारा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सोहु, जाखल मंडल अध्यक्ष नेतराम डांगी, नवलगढ़ मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला, जिला महासचिव अदनान खत्री, पार्षद आरिफ चौहान, युवा विकास मंच के कार्यकारी अध्यक्ष मिथुन सबल सहित सेकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।



# गौशाला में भेंट किया ई-रिक्शा

**श्रीमाधोपुर (मसं)।** 'एक शाम गौ माता के नाम' कार्यक्रम में की गई घोषणाओं के तहत पूर्व सरपंच मुरलीधर जीतरवाल ने श्रीकृष्ण कन्हैया गौशाला रतनपुरा में ई-रिक्शा भेंट किया। ई-रिक्शा को गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए गौशाला मुख्य द्वार से प्रवेश कराया। इस अवसर पर भामाशाह मुरलीधर जीतरवाल का क्षेत्र व गांव के लोगों ने जगह-जगह पर माला पहनाकर सम्मान किया। गौशाला पहुंचने पर गौशाला प्रबंधन ने ई- रिक्शा की पूजा करवाई और महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इस अवसर पर घीसाराम गढ़वाल, कालूराम चोपड़ा, राजेन्द्र खेदड़, रमेश जाखड़, रोहिताश बुडानिया, सुभाष कुड़ी, राजेन्द्र बुडानिया, शंकर लाल शर्मा, सुरेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन सेपट सहित अनेक गौभक्त मौजूद रहे।



# डॉ. आशीष महंत बने संयुक्त सचिव

**लालसोट (मसं)।** रविन्द्र नाथ टैगोर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज उदयपुर में पीजी एसोसिएशन के चुनाव में टोडा ठेकला निवासी डॉ. आशीष कुमार महन्त निर्विरोध संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए। राजस्थान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर मस्तराम महंत ने बताया कि डॉ. आशीष महन्त पूर्व में भी राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस जयपुर के छात्रसंघ चुनाव में पदाधिकारी रह चुके हैं। डॉ. आशीष कुमार को सभी मिलने वालों ने शुभकामनाएं व बधाई प्रदान की है।



# ग्रामवासियों ने दी श्रद्धांजलि

**श्रीमाधोपुर (मसं)।** एक शाम शहीदों के नाम परिवार भारत के बैनर तले ग्राम पंचायत कासरडा वासियों की ओर से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अध्यापक हेम सिंह राठौड़ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी आवाम की भूखमरी से परेशान होकर नापाक हरकतें कर रहा है। इस मौके पर कोच किशन सिंह महरिया, एक शाम शहीदों के नाम परिवार के संस्थापक चन्द्र प्रकाश बिजारणियां, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण महरड़ा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की अखंडता व शांति के लिए संकल्प लिया।




# परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण

**चाकसू (मसं)।** विप्र सेना व समस्त ब्राह्मण समाज की ओर से परशुराम जन्मोत्सव पर विशाल कलश व शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलश व शोभायात्रा बैंड-बाजे, घोड़ी सहित पूरे लवाजमे के साथ निकलेगी। कलश व शोभायात्रा नीलकंठ महादेव मंदिर से रवाना होकर कोटखावदा मोड़ मुख्य बाजार होते हुए तहसील चौराहा हॉस्पिटल रोड होकर नगर पालिका के पीछे महर्षि गौतम बगीची पहुंचेगी। शोभायात्रा में विप्र सेना के राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवारी सहित समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहेंगे।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने परियोजनाओं की प्रगति पर की चर्चा

# विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर/कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्यों को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा करें।

बिरला ने कोटा डेवेलपमेंट अथॉरिटी (केडीए) को निर्देश दिए कि आवासहीन परिवारों के लिए अफॉर्डेबल हाउसिंग योजना शुरू की जाए। पहले चरण में 10 हजार परिवारों को सुविधायुक्त मकान दिए जाए। इस दौरान स्पीकर बिरला ने ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, संविधान पार्क, स्पोर्ट्स सेंटर, कोटा ऑडिटोरियम व एयरोसिटी जैसी परियोजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की। उन्होंने चंबल में गिरने वाले नालों के सर्वे व सुधार के लिए विशेषज्ञों के साथ कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज समेत सभी स्वास्थ्य प्रोजेक्ट्स को जल्द पूरा किया जाए, ताकि लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। बिरला ने चंबल गार्डन और भीतरिया कुंड के सौंदर्यकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि मानसून से पहले 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। बिरला ने सड़क व सिंचाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### कोटा-बूंदी क्षेत्र की पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में कोटा-बूंदी क्षेत्र की पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा की।

बैठक में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मौजूद रहे। बिरला ने अधिकारियों को गर्मी के मौसम में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और लापरवाही से बचने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट में देरी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने जलदाय मंत्री से कहा कि ठेकेदारों को चेतावनी दी जाए और सुधार नहीं होने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। बिरला ने कहा कि नई जल परियोजनाएं बनाते समय अगले 50 वर्षों की जरूरतों के साथ पशुपालन, खनन व उद्योगों की मांग का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने समय पर सड़कों की मरम्मत और भविष्य में भूमिगत कार्य पहले पूरा करने पर भी जोर दिया।

## भगवान कुंथुनाथ का मनाया जन्म, तप व मोक्ष कल्याणक महोत्सव



महानगर संवाददाता

**फागी।** परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लसाड़िया, लदाना सहित कस्बे के जिनालयों में जैन धर्म के सतरहवें तीर्थंकर कुंथुनाथ भगवान का जन्म, तप व मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कस्बे के मुनि सुव्रतनाथ जिनालय में प्रातः श्रीजी का अभिषेक करने के बाद समाज की तरफ से सामूहिक शांतिधारा कर अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना कर विभिन्न तीर्थंकरों के अर्ध्य अर्पित किए गए। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि कार्यक्रम में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज, इन्द्रनंदीमहाराज, वर्धमान सागर महाराज, ज्ञान मति माता, आर्यिका विशुद्ध मति माता, आर्यिका श्रुतमति माता, सुबोध मति माता, समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर सागर महाराज, गुणसागर महाराज सहित विभिन्न पूर्वाचार्यों व चौबीस तीर्थंकरों के अर्ध्य अर्पित करने के बाद जैन धर्म के सतरहवें तीर्थंकर देवाधिदेव कुंथुनाथ भगवान के जन्म व तप कल्याणक का जयकारों के साथ सामूहिक रूप से अर्ध्य चढ़ाया गया। इसके बाद मोक्ष कल्याणक का निर्वाण लाडू चढ़ाकर सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर जैन समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## भूमि सुपोषण व संरक्षण जन जागरण अभियान का शुभारंभ



महानगर संवाददाता

**बस्सी।** जांगिड़ वर्मी कंपोस्ट ऑर्गेनिक फार्म बस्सी के भूमि पूजन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भूमि सुपोषण संवर्धन संरक्षण अभियान के तहत जैविक प्रमुख रमेश जांगिड़ के सानिध्य में किया गया। इस दौरान जांगिड़ ने बताया कि यह एक राष्ट्रीय अभियान है और सभी अन्न ग्रहण करने वाले मनुष्य को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहिए।

पंडित ब्रह्म स्वरूप शर्मा ने पूजा-अर्चना करवाई, साथ में प्रतिज्ञा करवाई कि हम सब इस धरती मां का संवर्धन करेंगे। कोई केमिकल व जहरीले खाद खेती में नहीं डालेंगे। जांगिड़ ने पूजा-अर्चना करके यह शपथ ली कि स्वयं तो जैविक खेती करेंगे ही साथ में अपने क्षेत्र में सभी को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करेंगे। जांगिड़ ने बताया कि सभी को इस राष्ट्रीय अभियान में सहयोग करना चाहिए। इस कार्यक्रम में चंद्र मोहन पंचोली, गिर्राज मोहनपुरा, लक्ष्मण अखेपुरा, राकेश रावत, विनोद लाडलीकाबास आदि अनेक किसान शामिल हुए। जांगिड़ ने बताया कि प्रत्येक भारतीय नागरिक को जैविक खेती करनी चाहिए, मिट्टी का संरक्षण करना चाहिए और रासायनिक खाद व कीटनाशकों का उपयोग नहीं करना चाहिए। वहीं कृषि सिंचाई में जल का अपव्यय रोकना चाहिए। मेड पर पेड़ लगाना चाहिए और कर्तव्य के साथ भूमि सुपोषण के अन्य विकल्प अपनाने चाहिए।

## परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में किया 51 यूनिट रक्तदान



**सवाई माधोपुर (मसं)।** परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में ब्राह्मण महासंघ सवाई माधोपुर व अपेक्स रणथंभौर सेविका अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर के संयोजक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्युवेद विभाग के उपनिदेशक हनुमान शर्मा, ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश संगठन महामंत्री शांतनु पाराशर, अपेक्स सेविका के केंद्राधीक्षक अभिमन्यु सिंह चंपावत, डॉ. राकेश, ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश प्रतिनिधि सुरेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। शिविर आयोजकों ने उपस्थित अतिथियों का परशुराम भगवान का दुपट्टा पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया।

## 'महिलाओं को मुक्त व सुरक्षित वातावरण में कार्य करने का पूर्ण अधिकार'

### कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न विषय पर कार्यशाला का आयोजन

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013 के संबंध में संवेदनशीलता व जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव किशोर कुमार तालेपा की अध्यक्षता में एयरफोर्स स्टेशन के गोरबंद हॉल में कार्यशाला आयोजित की गई।



कार्यशाला में एयरफोर्स स्कूल के कार्यकारी निदेशक संचिता सिंह, स्कूल प्रबंधक योगेश सिलोरा, प्रधानाध्यापक मोहम्मद नासिरूद्दीन, प्रधानाध्यापिका सरोज कविया व स्कूल के समस्त अध्यापकगणों ने भाग लिया। कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव किशोर कुमार ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न की रोकथाम एक अत्यंत संवदेनशील व उपयोगी विषय है और प्रत्येक कार्यस्थलों पर जहां महिला कार्मिक कार्यरत है, उन्हें इस अधिनियम की जानकारी देना आवश्यक है, ताकि वे इसके प्रति जागरूक हो सके और प्रत्येक महिला कार्मिक एक मुक्त व सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कार्यस्थल पर महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण व गरिमा से कार्य करने का अधिकार है।

कार्यशाला के दौरान असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउन्सिल शिप्रा शांडिल्य ने इस अधिनियम की व्याख्या करते हुए बताया कि किसी कार्यस्थल का प्रत्येक नियोजक, लिखित आदेश द्वारा आंतरिक परिवाद समिति नामक एक समिति का गठन करेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी विभाग में 10 या 10 से अधिक कर्मकार होने की स्थिति में आंतरिक परिवाद समिति के गठन का प्रावधान है और इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत गठित की जाने वाली आंतरिक परिवाद समिति के गठन करने और इसकी सूचना कार्यस्थल के सुदृश्य स्थान पर आवश्यक रूप से चस्पा करना होता है, ताकि महिला कार्मिकों को इस समिति की जानकारी हो सके और आवश्यकता होने पर समिति के माध्यम से संरक्षण प्राप्त कर सके।

## जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# भीषण गर्मी में बिजली-पानी, चिकित्सा सुविधाएं देने के निर्देश

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिले में बिजली-पानी, चिकित्सा व मौसमी बीमारियों सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित कर बिजली-पानी, चिकित्सा, हीटवेव जैसी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाएं। साथ ही उपखंड अधिकारियों को क्षेत्रों का नियमित दौरा कर आमजन से फीडबैक प्राप्त कर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



जिला कलेक्टर ने समस्त राजकीय कार्यालयों में आगंतुकों के लिए पेयजल व बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खंडार क्षेत्र में किसानों की फसल सुरक्षा के लिए कृषि उपज मंडी खंडार में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश उपखंड अधिकारी दामोदर सिंह को प्रदान किए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना व पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीणा को जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक आमजन को योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए।

वहीं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जैमिनी को लू-तापघात की स्थिति से निपटने, मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए समस्त चिकित्सालयों में उपचार के लिए आवश्यक सभी सेवाओं को दुरूस्त करने, लू-तापघात के मरीजों के लिए आईसीयू वार्ड में बैड आरक्षित रखने और आवश्यक दवाओं की समुचित मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं के लिए खेलियों में भी पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जिला कलेक्टर ने रास्ता खोलो अभियान की समीक्षा करते हुए जिले में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और सभी एसडीएम व तहसीलदारों को अभियान को मिशन मोड में चलाने और राजस्व रिकॉर्ड में अतिक्रमण अंकित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के तहत प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



## सुभाष कॉलोनी श्री परशुराम वाटिका में प्रतिष्ठित होंगे जमदग्नि पुत्र

# शास्त्रीनगर में भगवान श्री परशुराम प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शास्त्रीनगर की सुभाष कॉलोनी स्थित श्री परशुराम वाटिका में अक्षय तृतीया पर बुधवार को भगवान श्री परशुराम प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सुबह आठ बजे पीएंडटी चौराहा स्थित श्री सर्वेश्वर धाम मंदिर से कलशयात्रा को धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना करेंगे।

गाजे-बाजे के साथ निकलने वाली कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शक्ति स्वरूपा महिलाएं एक ही वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर भजन गाती हुईं आयोजन स्थल के लिए प्रस्थान करेंगी। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया जाएगा। जयकारों के साथ कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए सुभाष कॉलोनी श्री परशुराम वाटिका पहुंचेगी। यहां सुबह दस बजे कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

डॉ. प्रशांत शर्मा के आचार्यत्व में विद्वानों की टोली सुबह सवा ग्यारह बजे से प्राण प्रतिष्ठा की धार्मिक क्रियाएं कराएंगे। गौरी-गणपति, कलश, वास्तु पूजन के बाद हवन किया जाएगा। शुभ मुहूर्त में वेद मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुरामजी की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस मौके पर शास्त्रीनगर के सभी समाजों के लोग उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि शास्त्रीनगर के सर्व समाज ने कुछ ही माह पूर्व भगवान परशुराम वाटिका में भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा स्थापित करने का आग्रह किया था। विधायक गोपाल शर्मा ने तुरंत इस कार्य को करवाने का आश्वासन दिया।

## भगवान परशुराम जी का किया दुग्धाभिषेक, आज निकलेगी शोभायात्रा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दो दिन तृतीया होने के कारण भगवान परशुराम जयंती दो दिन 29 और 30 अप्रेल को मनाई जाएगी। ब्राह्मण समाज की ओर से चिरंजीवी भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 29 अप्रेल को विद्याधर नगर के परशुराम सर्किल पर शाम 6:30 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व सोमवार शाम को भगवान परशुरामजी का दुग्धाभिषेक किया गया।

कार्यक्रम से जुड़े विरेंद्र शर्मा ने बताया कि बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने वेद मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम जी का दूध से अभिषेक किया। मंगलवार शाम साढ़े छह बजे उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित अनेक जन प्रतिनिधि और अनेक गणमान्य लोग सैंकड़ों दीपकों से भगवान परशुराम जी की महाआरती उतारेंगे। इसके बाद हाथी, ऊंट, घोड़े, बैंडवादन और लवाजमे के साथ भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।



शोभायात्रा में 1100 महिलाएं एक ही रंग की साड़ी पहनकर सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गातीं हुईं चलेंगी। वहीं युवाओं की टोली वाहन रैली के रूप में साथ चलेंगे।

शेष सभी लोग हाथों में भगवान परशुराम जी की भगवा पताका और ध्वज थामे जयकारे लगाते हुए चलेंगे। शोभायात्रा में भगवान परशुराम सुसज्जित रथ में विराजमान रहेंगे।

वहीं ब्राह्मण समाज के वयोवृद्ध लोग बग्गियों में सवार होकर शोभायात्रा को निहारेंगे। शोभायात्रा अलका सिनेमा, सीकर रोड, मुरलीपुरा सर्किल, केडिया पैलेस चौराहा होते हुए रामेश्वरधाम मुरलीपुरा स्थित श्री गौड़ विप्र समाज भवन पहुंचेगी।

यहां पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। सोमवार को श्री गौड़ विप्र समाज भवन में शोभायात्रा, कलशयात्रा और महाआरती की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

## भक्तिभाव से मनाया शुकदेव महाराज का जन्मोत्सव



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में श्री शुक सम्प्रदाय पीठाधीश अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में महामुनि शुकदेव महाराज का जन्मोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। प्राकट्य महोत्सव पर श्री ठाकुर राधा सरस बिहारी जी सरकार का नित्य नियम पूजन के बाद निकुंज में विराजमान किया गया। पुष्प श्रृंगार की झांकी के दर्शन कराए गए। निज सेवा में महल की झांकी सजाई गई। वैष्णव श्रद्धालुओं ने बधाई गायन किया। इस पर फल, कपड़े, खिलौनों की उछाल की गई। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने वैष्णव भक्तों का आभार प्रकट किया।

इस मौके पर वैष्णव श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से मधुर स्वर में 'आज भलो दिन धन्य घरी प्रगट हुए शुकदेव हरि, चलो वेदव्यास दरबार बधाई बाजे रंग भरी...', 'देख सखी शुकदेव महामुनि भूतल में प्रगटाए...' जैसे पद गाए।

### शोभन, लक्ष्मी नारायण, गजकेसरी, सर्वार्थ सिद्धि योग में अक्षय तृतीया देगी कभी क्षय न होने वाला पुण्य

# मांगलिक आयोजनों की रहेगी धूम, मंदिरों में सजेगी विशेष झांकियां

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बैशाख शुक्ल तृतीया 30 अप्रेल को अक्षय तृतीया के रूप में भक्तिभाव से मनाई जाएगी। इस बार अक्षय तृतीया को अनेक शुभ और मांगलिक योग रहेंगे। इसी कड़ी में 23 साल बाद अक्षय तृतीया पर रोहिणी नक्षत्र रहेगा। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। सनातन धर्म में अक्षय तृतीया तिथि का अत्यधिक महत्व बताया गया है। इसे बहुत शुभ माना गया है।

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 29 अप्रेल को शाम 5:31 बजे हो जाएगी। इसलिए कई ब्राह्मण संगठन शाम को भगवान परशुराम जी का पूजन कर महाआरती और शोभायात्राओं का आयोजन करेंगे। हालांकि तृतीया तिथी का समापन 30 अप्रेल को दोपहर 2:12 बजे होगा। उदियात तिथि के अनुसार अक्षय तृतीया 30 अप्रेल को मानी जाएगी। सुबह 5:54 से सुबह 9:12 बजे तक, बाद में 10:51 से 12:30 बजे तक अत्यंत शुभ मुहूर्त रहेगा। वैसे पूरे दिन मांगलिक कार्य किए जा सकेंगे।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा बताया कि अक्षय का अर्थ होता है कभी न खत्म होने वाला। अक्षय तृतीया बेहद शुभ तिथि होती है। इस तिथि पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष कृपा होती है, इस दिन किया हर काम सफल होता है। अक्षय तृतीया को किया गया दान, पूजा, जप और खरीदारी कभी व्यर्थ नहीं जाता। हर धार्मिक कार्य का अक्षय फल मिलता है। इसलिए माता लक्ष्मी से जुड़ी चीजों को घर लाने से उनका आशीर्वाद मिलता है। घर में उनका स्थायी वास होता है। साथ ही उन चीजों में वृद्धि होती है, भाग्य का साथ मिलता है। जो लोग सोना, चांदी या कोई रत्न नहीं खरीद सकते, उनको कपड़ा, खाद्यान्न, दाल, घी आदि खरीदना चाहिए। श्रीयंत्र, मटका, पीली सरसों आदि भी खरीद सकते हैं। अक्षय तृतीया पर एल्यूमीनियम, स्टील या प्लास्टिक के बर्तन नहीं खरीदने चाहिए। ऐसा करना शुभ नहीं माना जाता। इस दिन भूलकर भी काले रंग के कपड़े, कांटेदार पेड़-पौधों को घर लाना भी शुभ नहीं माना जाता।




### सोना लाएगा सुख-समृद्धि

मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर सोना खरीदने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है। अक्षय तृतीया रोहिणी नक्षत्र में आने से शुभ योग बन रहे हैं। आगामी समय में भी सुखदायक योग बनेंगे। इस दिन विवाह करना, गृह प्रवेश, खरीददारी करना, मकान खरीदना, ज्वैलरी एवं वाहन की खरीदी करना शुभ होता है। इस दिन भगवान परशुरामजी की जयंती भी मनाई जाएगी। लक्ष्मीजी की भी पूजा-अर्चना की जाएगी। इसी दिन त्रेता युग का भी आरंभ हुआ था। अक्षय तृतीया के दिन स्नान के बाद जप, तप, हवन और दान करने से अक्षय फल मिलता है।

### सामान की खरीदारी देगी अक्षय फल

अक्षय तृतीया का पर्व लंबी अवधि की चीजों, नए काम शुरू करने और भूमि-भवन के अलावा ज्वैलरी और इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया को शोभन योग, लक्ष्मी नारायण, गजकेसरी और सर्वार्थ सिद्धि योग होने से खरीदी वस्तुएं अति फलदायी होंगी। इस दिन लक्ष्मी नारायण जी के दर्शन भी किए जाते हैं। इसी दिन भगवान परशुराम और हयग्रीव का अवतार हुआ था।

## एक्ट टू एक्शन समर कैंप 25 मई से

### बच्चे सीखेंगे रोबॉटिक्स, कैनवास आर्ट




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बच्चों को रचनात्मक, तकनीकी और अभिव्यक्ति गतिविधियों में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से एक्ट टू एक्शन समर कैंप-2025 का आयोजन 25 मई से 15 जून तक होगा। कैंप में 5000 से अधिक बच्चों के हिस्सा लेने का अनुमान है। कैंप का आयोजन जगतपुरा, वैशाली नगर, झोटवाड़ा, कालवाड़ रोड, मानसरोवर, पुराना शहर, अंबाबाड़ी, सीतापुरा सहित 15 विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया। अवसर पर एक्ट टू एक्शन संस्था के डायरेक्टर कृतेश, उनकी टीम, और अन्य सहयोगी सदस्य उपस्थित रहे।

कैंप में 3 से 15 वर्ष तक के बच्चों के साथ ही 15 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं के लिए मोबाइल फिल्म मेकिंग और इवेंट मैनेजमेंट जैसी स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी।

कृतेश ने बताया कि यह समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास को केन्द्र में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें तीन प्रमुख संस्थाएं क्रिआर, स्किलोनेशन किड्स और एक्ट टू एक्शन मिलकर बच्चों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करेंगी। क्रिआर संस्था कैनवास आर्ट के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता और कल्पना शक्ति को विकसित करेगी।

स्किलोनेशन किड्स रोबोटिक्स और कोडिंग के माध्यम से तकनीकी और तार्किक सोच को मजबूत बनाएगी। एक्ट टू एक्शन थिएटर प्रशिक्षण के जरिए बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और टीम वर्क को प्रोत्साहित करेगी।

## गुप्त वृंदावन धाम का पाटोत्सव कल से, होंगे विविध आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जगतपुरा स्थित गुप्त वृन्दावन धाम का 13वां पाटोत्सव 30 अप्रेल से 4 मई मनाया जाएगा। पाटोत्सव की तैयारियां चरम पर हैं। सभी भक्त और श्रद्धालु बहुत ही उत्साहित हैं। मंदिर में पांच दिन तक विशाल महोत्सव का आयोजन होगा। बड़ी संख्या में लोग आयोजन में शामिल होंगे। श्रीकृष्ण-बलराम का आशीर्वाद लेंगे। मंदिर में कई विशेष आयोजन होंगे। इस्कॉन बेंगलुरु के चेयरमैन पद्मश्री मधु पंडित दास भक्तों को कृष्ण भक्ति का महत्व समझाएंगे। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि पांच दिवसीय पाटोत्सव' का शुभारंभ अक्षय तृतीया के दिन से सुदर्शन पूजा, महाआरती और सुदर्शन हवन से होगा। अक्षय तृतीया से मंदिर में चंदन यात्रा का शुभारंभ होगा। दूसरे दिन 1 मई को गुप्त वृन्दावन धाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें श्रील प्रभुपाद के जयपुर दौरे को दिखाया जाएगा। दो मई को जगतपुरा फ्लाई ओवर से गुप्त वृन्दावन धाम हरे कृष्ण मार्ग तक रथ यात्रा का आयोजन होगा। तीन मई को मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रसिद्ध कृष्ण भजन गायक अगम अग्रवाल की भजन संध्या होगी। चार मई को पाटोत्सव के पांचवे दिन पद्मश्री मधु पंडित दास महाआरती के साथ श्री कृष्ण बलराम का महाअभिषेक करेंगे।



## सीमा शर्मा मानद डाक्टरेट उपाधि से सम्मानित

महानगर संवाददाता


**जयपुर।** पौराणिक शांति पुरस्कार परिषद एल.पी.ए.सी. द्वारा दिल्ली के संविधान क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित डॉयनामिक एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में सैण्ड ड्यून्स अकादमी की प्रधानाचार्या सीमा शर्मा को मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे देश के विभिन्न राज्यो की संस्थाओं के प्रतिनिधि, समाजसेवी पहुंचे। सीमा शर्मा को ये सम्मान उनके शिक्षा के क्षेत्र में विगत 25 वर्षो की उपलब्धि, समाज सेवा, कमजोर वर्ग में शिक्षा कार्यो के लिए दिया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सफाई कर्मचारी आयोग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंजना पंवार, बीजेपी पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सन्तोष ओझा, प. दिल्ली की बीजेपी उपाध्यक्ष राधिका सेठिया पटेल, लोक संस्कृति संस्थान के अध्यक्ष डॉ. ब्रह्मपाल नागर, प. बंगाल की सामजिक कार्यकर्ता डॉ. पायल सरकार आदि मौजूद रहे।



## ऋषभ जैन की स्मृति में किए कई सेवा कार्य

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ऋषभ जैन की 16वीं स्मृति पर सोमवार को ऋषभ सेवा संस्थान, जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो, संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो के संयुक्त तत्वावधान में धार्मिक, सामाजिक एवं मानव सेवा कार्य किए गए।ऋषभ सेवा संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र साह आबूजीवाले एवं मानद् सचिव विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सुबह तरुछाया नगर स्थित अनाथाश्रम में असमर्थ एवं निर्धन बच्चियों को अल्पाहार कराकर भोजन सामग्री, फल और मिठाई वितरित की गई। सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्री विद्या सागर पाठशाला में बच्चों को प्रभावना वितरित की गई। ऋषभ मार्ग स्थित कोटखावदा हाऊस पर विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर स्तोत्र के सामूहिक पाठ किए गए।



## प्राणिक हीलिंग कार रैली ने दिया सेवा-आध्यात्मिकता का संदेश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्राणिक हीलिंग ट्रस्ट और फाउंडेशन ऑफ राजस्थान की ओर से सोमवार को पहली बार प्राणिक हीलिंग कार रैली का आयोजन किया गया। इसमें सुंदर तरीके से सजी हुई करीब 50 कारें और 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार रैली की शुरुआत ईपी सेंट्रल हॉल गार्डन में राष्ट्रगान के साथ हुई। फाउंडेशन ऑफ राजस्थान की मैनेजिंग ट्रस्टी कविता खंडेलवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राणिक हीलिंग मानसिक स्वास्थ्य और जीवन में खुशी बढ़ाने में कितनी मदद करती है। इसके बाद भारत में शांति के लिए प्रार्थना की गई। फूड फॉर हंग्री वैन कार्यक्रम का खास आकर्षण रही। इस वैन के जरिए बंदरों के सिए तरबूज, आम और गायों के लिए चारा पहुंचाया गया। रैली ने जेएलएन रोड, त्रिमूर्ति सर्किल, महावीर नगर से होते हुए नेहरू बाल उद्यान तक का सफर तय किया। नेहरू गार्डन में सभी प्रतिभागियों ने टीम के साथ मिलकर मन और सेहत जागरूकता से जुड़ी मजेदार गतिविधियां भी की। इसके बाद सभी रेडिसन ब्लू होटल पहुंचे। यहां एक जोशीला जुम्बा सेशन हुआ। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

## परशुराम ज्ञानपीठ में मूर्ति प्रतिष्ठा पूजन का श्री गणेश

### कई वरिष्ठ अधिकारी व जानी मानी हस्तियां पहुंची

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन के नवनिर्मित श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय अक्षय अनुष्ठान सोमवार से प्रारंभ हुआ। पहले दिन जहां यजमान के रूप में पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व डीजीपी ओमेंद्र भारद्वाज, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गुरुजी, केंद्रीय परियोजना समिति के चेयरमैन महावीर प्रसाद शर्मा, सीए सुनील शर्मा मुंबई, नवीन जोशी जोधपुर, सतीश शर्मा संगठन महामंत्री, इंदू शेखर शर्मा भरतपुर, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र हर्ष प्रमुख रहे।

पंडित धीरज शर्मा के आचार्यत्व में हुए इस अनुष्ठान के दौरान दिनभर भवन अवलोकन करने वालों का भी तांता लगा रहा। इनमें भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी, तेलंगाना से भाजपा के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, छत्तीसगढ़ से पूर्व मंत्री और संस्था के मुख्य संरक्षक सत्यनारायण शर्मा, मेजर जनरल जीडी बक्शी, बीकानेर विधायक जेठानंद व्यास, पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, पूर्व आईएएस गजानंद शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता हस्तीमल सारस्वत, नारायण चौपड़ा, भंवर पुरोहित, पूर्व आईपीएस हरि प्रसाद शर्मा, भाजपा मंत्री लक्ष्मी कांत भारद्वाज, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, विधायक भागचंद टागड़ा, आईएएस शुचि शर्मा, आरपीएससी के पूर्व चेयरमैन श्याम सुंदर शर्मा, रामनिवास पारीक, पूर्व उप महापौर मनीष पारीक, भाजपा के आईदान सिंह भाटी, पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष श्रीकिशन गोस्वामी, डॉक्टर शिव गौतम, परमेश्वर शर्मा, गंगाराम पाराशर ने अगुवानी की।



दयाचंद पचौरी, रामहरि धौलपुर सहित अन्य अतिथियों की विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, पवन पारीक, प्यारे लाल शर्मा, राजेश कर्नल, मनोज पांडे, मुकेश काका ने अगुवानी की। विप्र फाउंडेशन की ओर से प्रमुख पदाधिकारियों में भुवनेश शर्मा कोटा, विनोद अमन, सुनीता शर्मा, पवन नटराज, पुष्पेंद्र शर्मा, सोनाक्षी वशिष्ठ, ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मावेवाला आदि अनुष्ठान की व्यवस्था संभाली।

# बस्ती के बच्चों का किया उत्थान, किया सम्मान

## निशुल्क 'अपनी बाल संस्कार पाठशाला' का वार्षिकोत्सव मनाया

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** न्यू लोहा मंडी रोड स्थित उत्थान सेवा संस्थान द्वारा संचालित निशुल्क अपनी बाल संस्कार पाठशाला का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह बैनाड़ रोड स्थित रंग महल मैरिज गार्डन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समारोह का शुभारंभ कर्नल जगदीश चंद्र, कर्नल टीपी सिंह, हिंदू जागरण मंच के डॉ. महावीर सिंह बलवदा ने दीप प्रज्जवलन कर किया। पाठशाला के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भारत विकास परिषद के हेमांशु निझावन, राजेन्द्र शर्मा ने पारितोषिक वितरित किए। परिसर में उपस्थित लगभग 375 लोगों ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग प्रस्तुतियों से भरपूर मनोरंजन किया। संस्थान सचिव शिवानंद त्रिपाठी ने पूर्व सैन्य अधिकारियों, योगनिष्ठ कार्यकर्ताओं, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, शासकीय सेवा में पदस्थ व्यक्तियों एवं पाठशाला परिवार के सदस्यों का स्वागत किया। अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी ने तन-मन-धन से सहयोग के लिए परिसर में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए संस्थान द्वारा की जा रही समाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। संस्थान की शिक्षा समिति के प्रभारी राकेश माटोलिया ने शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष गोपाल पारीक ने दशम कन्या पूजन एवं वैदिक यज्ञ महोत्सव के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।



### इन संस्थाओं के लोग रहे उपस्थित


वार्षिकोत्सव में भारत विकास परिषद, श्रीजी (श्रेयस्कर) अन्नपूर्णा फाउंडेशन, मां करणी प्रभात शाखा, संकल्प सर्व जन उत्थान संस्थान, जलंधरा कंस्ट्रक्शन कंपनी, करणी कंस्ट्रक्शन कंपनी, राजस्थान सांस्कृतिक युवा मंच, गायत्री परिवार, बाढ़ पीठावास योग कक्षा, गोकुलपुरा योग कक्षा, नांगल जैसा बोहरा, मुरलीपुरा, विद्याधर नगर एवं लोहामंडी क्षेत्र की योग कक्षाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह में बाल संस्कार पाठशाला के 90 बच्चों के अतिरिक्त आगामी 1 मई से खोरा बीसल में संचालित होने वाली पाठशाला के अन्य 40 बच्चे भी उपस्थित रहे। प्रारंभ में पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोगों की हत्या पर शोक प्रकट किया गया एवं दो मिनट का मौन रखकर उनकी शान्ति के लिए प्रार्थना की गई।

# नापाक पाक ने अपने पाप स्वीकारे

## खुद ने ही कबूला-पश्चिम के दबाव में आतंक को सींचा

**पाक** पोषित आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले ने पूरी दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया है। भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का कहना है कि उनके देश को कट्टरता के रास्ते पर धकेलने का काम अमेरिका और पश्चिम के देशों ने किया है। आसिफ का कहना है कि पाकिस्तान की लिबरल सोसायटी में जिहाद जैसी अवधारणा पश्चिम ने पैदा की। आसिफ ने 80 और 90 के दशक में अमेरिका की अफगानिस्तान में एंट्री को पूरे क्षेत्र में धार्मिक कट्टरता आने की वजह कहा है। आसिफ ने ये भी माना है कि पाकिस्तान में आतंक को शह मिलती रही है। पहलगाम हमले में पाकिस्तान की भूमिका पर उठे सवालों के बीच आसिफ की यह स्वीकारोक्ति बहुत मायने रखती है। ख्वाजा आसिफ ने एक इंटरव्यू में पाकिस्तान में आतंक के सवाल पर कहा कि हमारे देश में तब तक कोई चरमपंथ नहीं था, जब तक वह जिहाद का समर्थन करने के लिए पश्चिमी गठबंधन में शामिल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारा समाज कट्टर नहीं था,हमारी सोसायटी बहुत समावेशी थी लेकिन फिर एक माहौल बना कि जिहाद का समर्थन करें। ये दरअसल जिहाद भी नहीं था, ये दो महाशक्तिों के बीच ताकत के लिए संघर्ष था। ख्वाजा ने बताया कि ये एक लंबी कहानी है और पाकिस्तान में जो हुआ, उसे नकारा नहीं जा सकता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने माना है कि उनका देश दशकों तक आतंकवादी समूहों का समर्थन करता रहा है। एक ब्रिटिश समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार में आसिफ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान पश्चिमी देशों के गंदे काम (आतंक को पनाह) में शामिल रहा है। आसिफ ने आतंक को पनाह देने को गलती मानते हुए कहा कि पाकिस्तान ने अपने किए की भारी कीमत चुकाई है। ख्वाजा आसिफ ने यह भी स्वीकारा है कि अगर पाकिस्तान सोवियत-अफगान युद्ध और 9/11 के हमलों के बाद तालिबान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले युद्ध के दौरान पश्चिम के साथ गठबंधन नहीं करता तो उसका अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड निर्विवाद और साफ सथुरा होता। आसिफ की यह स्वीकारोक्ति जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आई है। इस हमले का आरोप पाकिस्तान पर लग रहा है। हालांकि पाकिस्तान की सरकार ने इस हमले में किसी भी भूमिका से इनकार किया है। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया! यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि पाकिस्तान ये काली करतूतें डॉलर की भूख मिटाने के लिए कर रहा था। साथ ही वह दुनिया के इस्लामी देशों का नेतृत्व हासिल करने के लिए कट्टरपंथ की इस विषबेल को सींच रहा था। उसने पूरी दुनिया को दहलाने के लिए अपने आतंकी निर्यात किए। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाए जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों ने इसे अनदेखा ही किया। निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है। पुलवामा हमले के बाद भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से स्पष्ट है कि वैश्विक व्यवस्था के प्रति पाक की क्या सोच है। इससे भी शर्मनाक घटना ब्रिटेन में सामने आई, जहां पाक उच्चायोग के सामने प्रदर्शन करने वाले भारतीयों को एक पाकिस्तान राजनयिक गला काटने का इशारा करता सूचना माध्यमों में नजर आया। उक्त राजनयिक पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात है। निश्चय ही यह राजनयिक स्तर पर एक शर्मनाक घटना है। साथ ही बताती है कि कैसे पाक सेना के उच्चाधिकारी एक जिहादी संगठन के सदस्य जैसा व्यवहार कर रहे हैं। इससे पाकिस्तानियों में भारतीयों के प्रति भरी घृणा ही उजागर होती है। भारत को इन तमाम मामलों को वैश्विक मंच पर उठाकर पाक पर कार्रवाई के लिये दबाव बनाना चाहिए। दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम में भयानक आतंकी हमला सामने आया। बहरहाल, पाक आज पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हुआ है। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाक दुनिया के लिए खतरा बना हुआ है। इसे सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिए आतंक से दूरी बनाने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए।



**ख्वाजा आसिफ ने एक इंटरव्यू में पाकिस्तान में आतंक के सवाल पर कहा कि हमारे देश में तब तक कोई चरमपंथ नहीं था, जब तक वह जिहाद का समर्थन करने के लिए पश्चिमी गठबंधन में शामिल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारा समाज कट्टर नहीं था, हमारी सोसायटी बहुत समावेशी थी लेकिन फिर एक माहौल बना कि जिहाद का समर्थन करें। ये दरअसल जिहाद भी नहीं था, ये दो महाशक्तिों के बीच ताकत के लिए संघर्ष था।**

# पहलगाम हमला: कश्मीरियत का कत्ल

**बशीर मंजर**

**यह** तो मानना पड़ेगा कि कम से कम पिछले पांच साल से कश्मीर घाटी में शांति और समृद्धि बढ़ रही थी। पर्यटन बढ़ गया था, कारोबार बढ़ रहा था। वास्तव में यह पाकिस्तान को पसंद नहीं है। इसलिए लग रहा था कि पाकिस्तान कुछ न कुछ करेगा। कैसे करेगा, यह पता नहीं था। पहलगाम की घटना ने बता दिया कि पाकिस्तान क्या करना चाहता था। पहलगाम में जो कुछ हुआ, वह इंसानियत के नाम पर बहुत बड़ा धब्बा है। पर्यटक तो कश्मीर और कश्मीरियों की भलाई के लिए आते हैं। उनके यहां आने से कश्मीर की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। घाटी में शांति होने की वजह से ही यहां पर्यटक आते हैं। इसलिए पाकिस्तान कश्मीर की शांति को भंग करना चाहता है।

दूसरी बात, उसे यह भी पसंद नहीं है कि कश्मीर में समृद्धि बढ़े, स्थिरता बढ़े। इसके विपरीत कश्मीर की गरीबी खत्म हो रही थी, कश्मीर के लोग पैसा कमा रहे थे। इसलिए पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया। ये दुष्ट सैन्य ठिकानों पर भी हमले कर सकते थे, लेकिन इसके लिए उन्होंने पर्यटकों को चुना। यानी उनका मकसद है कि किसी भी सूरत में कश्मीर को बर्बाद करना, यहां पर्यटकों को आने से रोकना है।

पाकिस्तान चाहता है कि कश्मीर में ऐसे हालात बनें कि कश्मीरी युवा आतंकवाद की ओर चले जाएं। इसे दुनिया ने देखा है कि गत पांच वर्ष से कश्मीरी युवा आतंकवाद की ओर नहीं जा रहे। जो भी आतंकवादी आ रहे हैं, वे पाकिस्तानी हैं।

पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों को लगता है कि इससे कश्मीरियत और कश्मीरियों का नुकसान होगा। इस कारण मस्जिदों के मौलवियों ने लाउडस्पीकर से ऐलान किया कि पहलगाम में जो हुआ, वह इस्लाम नहीं है। इसके बाद कुपवाड़ा से कठुआ तक और श्रीनगर से अनंतनाग तक हर जगह कश्मीरी बाहर निकले और उन्होंने दहशतगर्दों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

कुछ लोग कहते हैं कि प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान का नाम क्यों नहीं लिया! प्रदर्शन में कौन लोग थे, मुझे नहीं पता। अगर पाकिस्तान सीधे इस तरह की घटनाओं में शामिल है, तो यह भारत सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के खिलाफ शिकायत करे और कहे कि कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं के पीछे पाकिस्तान है और इसके सबूत भारत के पास हैं। कश्मीरियों को भी पता है कि इसके पीछे भारत है, लेकिन वे संयुक्त राष्ट्र में नहीं जा सकते। वहां तो भारत सरकार को ही जाना होगा।

लश्कर-ए-तोएबा हमले करवा रहा है। हम सब जानते हैं कि लश्कर-ए-तोएबा पाकिस्तान में है। हम क्यों नहीं अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान को एक आतंकवादी देश घोषित करवाते हैं! पहलगाम में सिर्फ पर्यटकों का कत्ल नहीं हुआ है, यह कश्मीरियत का कत्ल है। कश्मीर के लोग दशकों से आतंकवाद को झेल रहे हैं। अब हम पूरी तरह टूट चुके हैं। इसके लिए पाकिस्तान तो



जिम्मेदार है ही, साथ में हम सब भी जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान का एक ही मिशन है-कश्मीर को बर्बाद करना, भारत को तंग करना। अब भारत को यह तय करना होगा कि कब तक इस आतंकवाद को बर्दाश्त किया जाए। 23 अप्रेल को भारत सरकार ने पाकिस्तान पर जो सख्त प्रतिबंध लगाए हैं, वे सराहनीय हैं। हमारा पानी पाकिस्तान जाता है और इसका मजा वह लेता है।

कश्मीर में सर्दी में बिजली की बड़ी दिक्कत होती है, क्योंकि 1960 में भारत ने पाकिस्तान के साथ समझौता किया है कि हम कश्मीर में सिंधु नदी पर बांध नहीं बनाएंगे। हम 'रनिंग वाटर' पर बिजली बनाएंगे। यदि एक बार भारत यह समझौता खत्म करता है और कश्मीर में डैम बनाता है तो हमें पाकिस्तान पर बंदूकों से हमले करने की कोई जरूरत नहीं है।

पाकिस्तान जब भी ऐसी कोई हरकत करेगा तो डैम का मात्र गेट खोल देने से सारा पाकिस्तान पानी में बह सकता है। इसलिए आज भारत यह समझौता समाप्त कर दे तो पाकिस्तान भारत के कदमों में झुक जाएगा। पाकिस्तान कहेगा, 'खुदा के वास्ते ऐसा काम मत करो। आज के बाद हम आतंकवाद नहीं फैलाएंगे।'

# जानिए आखिर क्यों पाकिस्तान कर रहा है आतंकवाद फैलाने जैसा 'गंदा काम'?

**कमलेश पांडे**

**जब** अंतर्राष्ट्रीय महकमे में पाकिस्तान को आतंकवाद पैदा करने की फैक्ट्री मान लिया गया है, तब भी यदि उसके खिलाफ कोई मजबूत वैश्विक कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह दुनियावी हथियार और सुरक्षा उपकरण निर्माता कंपनियों और उनके संरक्षक मूल राष्ट्रों के हाथों का खिलौना बन चुका है। ये देश कोई और नहीं बल्कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, तुर्किये आदि जैसे देश हैं जिन्हें मौत का सौदागर कहना ज्यादा उचित रहेगा!

दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूं बल्कि इसका एक क्लू पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयानों से मिला है, जिसके बाद अपने पाठकों को 'ह' से 'हलंत' तक की बात समझा रहा हूं। वैसे तो भारतीय नेतृत्व के लिए भी यह बात जानना-समझना जरूरी है। हालांकि उसके पिछले एक दशक के रूख से यही प्रतीत होता है कि वह सबकुछ समझ रहा है और बार-बार दुनिया को यह नसीहत भी दे रहा है कि यह युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का समय है।

ऐसे में संभव है कि भारत को युद्ध की जाल में उलझाकर चीन को बर्बाद करना अमेरिका-ब्रिटेन समेत नाटो देशों की यह एक नई चाल हो, जैसा कि उन्होंने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़का कर अपना नापाक लक्ष्य पूरा किया। चूंकि चीन-रूस के प्रगाढ़ रिश्तों से अमेरिका-चीन के रिश्ते खटाई में पड़ते जा रहे हैं, वहीं भारत का नेतृत्व रूस, अमेरिका और चीन से एकसमान रिश्ते रखना चाहता है ताकि युद्ध की बजाए विकास को गति दी जा सके। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय जगत के सामने कटोरा लेकर खड़ा रहने वाले देश पाकिस्तान को 'उनके' ही इशारे पर पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिलवा दिया, ताकि मोदी सरकार के सब्र का बांध टूटे, फिर वह पाकिस्तान पर हमला करे।

तत्पश्चात पाकिस्तान को बचाने चीन आएगा और जब ऐसा होगा तो भारत-चीन के बीच भड़कने वाले युद्ध में पश्चिमी देश भारत का साथ देंगे और फिर जैसे यूक्रेन को उसकी कीमती खनिज संपदा के लिए ब्लैकमेल किया कुछ वैसा ही भारत के साथ भी करेंगे। हालांकि भारत ने इस बार कूटनीतिक सर्जिकल लड़ाई को अपना नया हथियार बनाया और ताबड़तोड़ पांच प्रतिबंध उसपर थोप दिए। आगे सबक सिखाने की तैयारी में भारतीय नेतृत्व जुटा हुआ है। इसी बीच घबराए पाकिस्तान ने यानी उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जो अर्द्धसत्य स्वीकार किया है, वह हैरान करने वाला बयान समझा जा रहा है। लेकिन इसके पीछे की एक और कड़वी सच्चाई जिसे वे चालाकी पूर्वक छिपा लिए, वह है अमेरिका का मजबूत अंतर्राष्ट्रीय विकल्प बनते जा रहे चीन और उसके समर्थक उत्तरपूर्वी देशों और मध्य पूर्व के देशों का नाम, जो हर भारतीय को जानना चाहिए। क्योंकि यदि उन्होंने ऐसी साफगोई दिखा दी होती तो चीन के साथ परवान चढ़ रहे रिश्ते खराब हो जाते।

यहां यह भी संभव है कि भारत के कड़े रुख के मद्देनजर उन्होंने जानबूझकर अमेरिका, ब्रिटेन आदि का नाम रणनीतिक रूप से लिया है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते अब वैसे प्रगाढ़ नहीं रहे जैसे कि पहले हुआ करता था। ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान अब उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी चीन के खेमे में जा चुका है। आज चीन के साथ रूस, उत्तर कोरिया, तुर्की, ईरान, जर्मनी आदि जैसे देश हैं, जिनमें से कई के साथ भारत के समझदारी भरे रिश्ते हैं। हालांकि उनका यह बयान भारत और रूस के लिए आंख खोलने वाला है।



भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं। यहां के लोग भी यह महसूस कर रहे होंगे कि भारत में बढ़ते आतंकवादी हमलों, नक्सली हमलों और अंडरवर्ल्ड के गैंगवार के बाद हमारी सरकार ने आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण खरीदे। चूंकि आतंकवाद का 'बाप' पाकिस्तान और नक्सलवाद का बाप 'चीन' भारत के पड़ोसी हैं, इसलिए भारत इससे ज्यादा प्रभावित होता आया है। हमारी 'मूर्ख सरकारें' भी फर्जी धर्मनिरपेक्षता, मंदिर-मस्जिद, आरक्षण और सामाजिक न्याय, भाषा और क्षेत्र के नाम पर भारतीयों को बरगलाती रहीं और आतंकवाद, नक्सलवाद और संगठित अपराध के खिलाफ भारतीयों में सद्प्रेरणा पैदा नहीं कीं, क्योंकि विदेशी पूंजीपतियों के एजेंट भारतीय पूंजीपति भी यही चाहते थे। नई आर्थिक नीति की आड़ में इनलोगों ने भारत के जमे जमाए उद्योगों को मार दिया और अमेरिका के शह पर गुणवत्ताहीन चीनी सामानों से भारतीय बाजार को पाट दिया। जबतक मोदी सरकार, मनमोहन सरकार की 'देशद्रोही' कारगुजारियों को समझ पाई और ताबड़तोड़ काउंटर वाले फैसले लिए। इससे परेशान चीनी-अमेरिकी पूंजीपतियों के गिरोह ने कृत्रिम कोरोना महामारी पैदा कर दी। भारत पर दबाव बनाने के लिए चीन गलवान घाटी में घुस आया।

हालांकि मोदी सरकार ने दृढ़तापूर्वक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों का मुकाबला करते हुए आपदा को अवसर में बदल दिया। उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध और दक्षिण चीन सागर विवाद के बीच भारत ने संतुलनकारी रुख अपनाया। यही बात बार बार अमेरिका और पश्चिमी देशों को खटक रही है। अभी हाल ही में पाकिस्तान के बलूचिस्तान में खनिज संपदा निकालने में अमेरिका ने जो दिलचस्पी दिखाई है, उसके लिंक भी देर-सबेर कश्मीर कांड से जुड़ जाएंगे।

चूंकि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने दो टूक स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है। ख्वाजा आसिफ ने एक बातचीत के दौरान कहा- हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने अपनी इस प्रवृति के लिए अमेरिका और पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराया। ख्वाजा ने एक बयान में माना कि पाक पिछले तीन दशकों से आतंकवाद को पाल रहा है। रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है।

मसलन वायरल हो रहे इस आशय के एक वीडियो क्लिप में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री स्काई न्यूज के यल्दा हकीम से बातचीत कर रहे हैं, जब वह उनसे पूछती हैं, 'आप मानते हैं सर, कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? ख्वाजा आसिफ ने अपने जवाब में कहा, 'हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं..ख्वाजा आसिफ ने आगे कहा, ब्रिटेन समेत पश्चिम... यह एक गलती थी, और हमें इसके लिए भुगतना पड़ा, और इसीलिए आप मुझसे यह कह रहे हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और बाद में 9/11 के बाद के युद्ध में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।' वहीं भारत के साथ ऑलआउट वार की बात करने वाले ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में लश्कर ए तोएबा खत्म हो चुका है। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि लश्कर ए तोएबा के अतीत में पाकिस्तान के साथ कुछ लिंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि अब ये आतंकी संगठन खत्म हो चुका है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लश्कर का लिंक मिलने का ये मतलब नहीं है कि हम इसको मदद करते हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि आखिर पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने जैसा 'गंदा काम' क्यों कर रहा है? और जब यह बात साफ हो चुकी है तो भारत को ऐसा निर्णायक पलटवार करना चाहिए कि उनके होश ठिकाने में आ जाएं। चूंकि भारत सत्य के साथ खड़ा है, इसलिए देर सबेर जीतेगा भारत और हारेंगे षड्यंत्रकारी। बस रूस पुराणी दोस्ती निभाता रहे और भारत उसके प्रति वफादार बना रहे।

## राशिफल

**आज दिनांक 29 अप्रेल, 2025, मंगलवार, विक्रम संवत् 2082, वैशाख माह, शुक्ल पक्ष द्वितीया, कृतिका नक्षत्र, बालव करण, सौभाग्य योग, राहुकाल : अपराह्न 3 :36 से 5 :13 बजे तक, सूर्योदय सुबह 5 :58 बजे, सूर्यास्त सायं 6 :49 बजे, चंद्रोदय सुबह 6.48 बजे, चंद्रास्त रात 8 :53 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11 :58 बजे से 12 :49 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 :21 से 5 :09 बजे तक, चंद्रमा वृषभ राशि में संचार करेगा।**


मेष

आज का दिन अपने परिवार जनों के साथ किसी यात्रा की योजना बनाने के लिए बहुत ही अच्छा है। परिजनों के साथ आपकी ये यात्रा बहुत ही अच्छी रहेगी। इससे आपका आपसी प्यार बढ़ेगा और तनाव भी कम होगा। धन-संपत्ति व्यवसाय में परिवार और भाई बहनों के सहयोग से काम बनेगा। मानसिक तनाव से सेहत पर असर पड़ेगा।


वृषभ

आज गुस्से और नकारात्मक विचारों को काबू में रखने का समय है। कभी-कभी एक फोन करने से भी बहुत कुछ बदल सकता है। शायद आपका मित्र आपके फोन का ही इंतजार कर रहा हो। बिजनेस पर ध्यान दें।


मिथुन

आप परेशान ना हों आप सफलता प्राप्त करेंगे। आज चाहे जो भी मुश्किल आ जाए आप आसानी से हर समस्या का समाधान ढूंढ़ लेंगे। आज आप किसी भी तरह की समस्या का सामना करने का तैयार हैं। अपना साहस बनाए रखें। समझदारी सेकाम करें आवेश में आकर कोई दस्तावेज साइन करने से बचें।


कर्क

आज आपकी पहचान रहेंगे। आपका नम्र स्वभाव व दृढ़ता आज सबका मन जीत लेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। मौसमी बीमारियों के कारण परेशान रहेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलेगी।


सिम्हा

आज आप अपने रास्ते की मुश्किलों को देखकर थोड़ा परेशान हो जाएंगे। आप इन परेशानियों से बचने की बहुत कोशिश कर रहे थे लेकिन परेशानी आ ही गई। अपने गुस्से को काबू में रखते हुए धैर्य और साहस से इन परेशानियों से उबरने की कोशिश करें। क्षमता और योग्यता के आधार पर किया व्यवसाय लाभ देगा।


कन्या

आज के दिन आपका मन करेगा कि आप कहीं बाहर घूमने जाएं। आपका मन कई जगहों पर अटका पड़ा है। आपके साथ जो घूमने जा रहे हैं उनकी पसंद का भी ध्यान रखें। आपको अगर कोई समझौता भी करना पड़े तो कर लें इससे अंत में आप अपनी यात्रा का खूब मजा लेंगे।


तुला

आज का दिन आप अपने दोस्तों से बहुत प्यार करते हैं और उनके साथ समय बिताना पसंद करते हैं। आज का दिन अपने परिवार के साथ बिताने के लिए बहुत ही अच्छा है। आज आप और आपके परिजन साथ बिताए इस समय का पूरा मजा लेंगे।


वृश्चिक

आज पुरानी दोस्ती वापस मिल सकती है। लेकिन इसके लिए पहला कदम आपको ही बढ़ाना होगा। अपने इस रूंठे दोस्त तक अपना संदेश पहुंचाने में आपका दिल और दिमाग आपका पूरा साथ देगा। अपनी दोस्ती में सुधार आने से बहुत खुशी होगी और आपसी प्यार भी बढ़ेगा।


धनु

आज का दिन आपके सरकार से संबंधित अटके हुए काम बन जाएंगे। उन संस्थानों से आपके काम को प्राथमिकता मिलेगी जहां अब तक आपके काम पर ध्यान नहीं दिया जाता था। इस अच्छे समय का लाभ उठाते हुए आप अपना सारा काम समय पर पूरा कर लें।


मकर

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए आगे पढने के लिए समय अनुकूल है। आपको खुद को सुनियोजित करना चाहिए। जो आप करना चाहते हैं उससे संबंधित हर पहलु पर ठीक से सोच-विचार कर लें। आज अपने सभी अवसरों में से सबसे अच्छे अवसर को चुनना चाहिए।


कुंभ

आज ज्ञान की ओर खुद को आकर्षित कर पाएंगे। एक अच्छे विषय की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। इस तरह अलग- अलग विषयों पर अपना ज्ञान बढ़ाने से आपको लाभ होगा। व्यर्थ के विवाद एवं झगड़ों से बचने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी।


मीन

आज परिस्थिति आपको चाहे कितना भी उकसाए घर की शांति भंग ना होने दें। कभी-कभी अपने गुस्से को पी जाने में ही भलाई होती है। आप अपने गुस्से को पूरी तरह से काबू में रखें। गुस्से पर काबू नहीं रखा तो अपनों के बीच दूरियां आ सकती हैं। झगड़े से आपको कोई लाभ नहीं होगा बल्कि आपकी परेशानियां और बढ़ जाएंगी।

## साधू की झोपड़ी

**प्रेरक प्रसंग**

**किसी** गांव में दो साधू रहते थे। वे दिनभर भीख मांगते और मंदिर में पूजा करते थे। एक दिन गांव में आंधी आ गई और बहुत जोरों की बारिश होने लगी; दोनों साधू गांव की सीमा से लगी एक झोपड़ी में निवास करते थे, शाम को जब दोनों वापस पहुंचे तो देखा कि आंधी-तूफान के कारण उनकी आधी झोपड़ी टूट गई है। यह देखकर पहला साधू क्रोधित हो उठा और बुदबुदाने लगा है,'भगवान तू मेरे साथ हमेशा ही गलत करता है, में दिनभर तेरा नाम लेता हूं , मंदिर में तेरी पूजा करता हूं फिर भी तूने मेरी झोपड़ी तोड़ दी। गांव में चोर- लुटेरे झूठे लोगों के तो मकानों को कुछ नहीं हुआ, बिचारे हम साधुओं की झोपड़ी ही तूने तोड़ दी ये तेरा ही काम है। हम तेरा नाम जपते हैं पर तू हमसे प्रेम नहीं करता।'

तभी दूसरा साधू आता है और झोपड़ी को देखकर खुश हो जाता है नाचने लगता है और कहता है भगवान् आज विश्वास हो गया तू हमसे कितना प्रेम करता है ये हमारी आधी झोपड़ी तूने ही बचाई होगी वर्ना इतनी तेज आंधी- तूफान में तो पूरी झोपड़ी ही उड़ जाती ये तेरी ही कृपा है कि अभी भी हमारे पास सर ढंकने को जगह है। निश्चित ही ये मेरी पूजा का फल है, कल से मैं तेरी और पूजा करूंगा, मेरा तुझपर विश्वास अब और भी बढ़ गया है तेरी जय हो।'

**सीख:** मित्रों एक ही घटना को एक ही जैसे दो लोगों ने कितने अलग-अलग ढंग से देखा। यहां यह ध्यान रहे कि हमारी सोच हमारा भविष्य तय करती है, हमारी दुनिया तभी बदलेगी जब हमारी सोच बदलेगी। यदि हमारी सोच पहले वाले साधू की तरह होगी तो हमें हर चीज में कमी ही नजर आएगी और अगर दूसरे साधू की तरह होगी तो हमें हर चीज में अच्छाई दिखेगी। अत: हमें दूसरे साधू की तरह विकट से विकट परिस्थिति में भी अपनी सोच सकारात्मक बनाए रखनी चाहिए।

## सुडोकु 2094

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | | 7 | | | |
| | 2 | | 5 | | | | | |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 9 | | | |
| 8 | | | | | | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | 1 |
| | 1 | | 3 | | | 8 | 4 | |
| | | | 4 | | 2 | | | |
| 1 | | 7 | | | | | | |
| | | 9 | 7 | | 3 | 4 | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2093 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 2 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 6 | 4 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 5 | 9 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 |

# ओटीटी पर अश्लील कंटेंट मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त



## केंद्र को भेजा नोटिस, कहा... यह काफी गंभीर मुद्दा, कार्रवाई करे सरकार




महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ओटीटी और सोशल मीडिया मंचों पर अश्लील सामग्री के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगते हुए सोमवार को उन्हें नोटिस जारी किए। न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह याचिका एक बड़ी चिंता को उठाती है और यह मुद्दा कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है।

न्यायाधीश गवई ने कहा, 'आरोप हैं कि हम विधायिका और कार्यपालिका की शक्ति का अतिक्रमण कर रहे हैं।' पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि सरकार को याचिका में उठाए गए मुद्दे पर कुछ करना चाहिए।

### कुछ नियम अस्तित्व में हैं

मेहता ने कहा कि इस संबंध में कुछ नियम अस्तित्व में हैं, जबकि कुछ और विचाराधीन हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन पेश हुए। यह याचिका पांच याचिकाकर्ताओं ने दायर की है। इसमें ओटीटी और सोशल मीडिया मंचों पर अश्लील सामग्री को प्रतिबंधित करने के लिए राष्ट्रीय सामग्री नियंत्रण प्राधिकरण के गठन का निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया है।

### सरकार ने सबमिट किए रेगुलेशन्स

केंद्र सरकार ने इस मामले को लेकर पहले ही कई रेगुलेशन्स सबमिट किए हैं और भविष्य में इसको और सख्त किए जाने का आश्वासन दिया है। केंद्र की दलील को स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा कि वो कार्यपालिका और न्यायपालिका दोनों के रास्ते से हटना चाहती है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं है, जब ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील कंटेंट को लेकर शिकायत की गई है। केंद्र सरकार का सूचना और प्रसारण (आई एंड बी) मंत्रालय ओटीटी पर प्रसारित किए जाने वाले कंटेंट को रेगुलेट करता है। यह नियम केवल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ही लागू नहीं होते, बल्कि ऑनलाइन समाचार प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मौजूद अन्य सामग्री पर भी लागू होते हैं।

# पाकिस्तान को डर, भारत कभी भी कर सकता है हमला

## पाक रक्षा मंत्री ने कहा, सेना ने दी जानकारी पहलगाम हमले के दो और वीडियो आए सामने

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले को सोमवार को 6 दिन हो गए। दिल्ली से लेकर श्रीनगर तक हलचल नजर आ रही है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। आसिफ ने कहा कि हमने अपनी सेना को मजबूत कर लिया है, क्योंकि अब हमला कभी भी हो सकता है।



त्राल में आतंकी आमिर नाजिर वानी के घर को सुरक्षाबलों ने सोमवार को धमाके से उड़ा दिया।

पाकिस्तान की सेना ने सरकार को संभावित भारतीय हमले के बारे में जानकारी दे दी है।

इस बीच, सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच पीएम आवास में 40 मिनट तक मीटिंग हुई। उधर, आतंकी हमले के दो और वीडियो सामने आए हैं। इसमें फायरिंग की आवाज सुनाई दे रही हैं। लोग बचने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। एक युवक गिरता दिख रहा है। दूसरे में फायरिंग के दौरान पर्यटक बचने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

उधर एक न्यूज एजेंसी ने बताया कि बीते 6 दिन में एक हजार भारतीय वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान से भारत लौट चुके हैं। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान गए भारतीयों को अपने यात्रा समय को कम करने के लिए कहा गया था। इसी तरह सोमवार तक 800 पाकिस्तानी भारत से जा चुके हैं।

वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को 15 ठिकानों पर रेड की है। सूत्रों ने बताया कि ये रेड उन आतंकवादियों के ठिकानों पर की गई है, जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से ऑपरेट कर रहे हैं और इनके लिंक पहलगाम अटैक से जुड़े हैं।

सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पहलगाम हमले पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। आरजेडी सांसद मनोज झा ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीपीआई राज्यसभा सांसद पी संतोष कुमार ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को चिट्ठी लिखी है।

### चीन बोला- पहलगाम हमले की निष्पक्ष जांच हो

पहलगाम हमले को लेकर चीन का बयान आया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि हम मौजूदा तनाव को सामान्य करने के लिए किए प्रयासों का स्वागत करते हैं। हम चाहते हैं कि मामले की निष्पक्ष और न्यायपूर्ण जांच हो। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से सवाल किया गया कि रूसी मीडिया के मुताबिक पाकिस्तान चाहता है कि पहलगाम हमले की जांच में चीन और रूस शामिल हों। प्रवक्ता ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया। जियाकुन से निष्पक्ष जांच को लेकर भी सवाल किया गया। यह भी पूछा गया कि पाकिस्तान पर जम्मू-कश्मीर में सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे हैं, प्रवक्ता इस सवाल को भी टाल गए। जियाकुन ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों पड़ोसी देश हैं। चीन उम्मीद करता है कि दोनों देश एक दिशा में काम करेंगे और आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाएंगे, ताकि क्षेत्र में शांति बनी रहे।

### पहलगाम अटैक पर सीएम उमर अब्दुल्ला का भावुक संबोधन

# 'सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी थी, मृतकों के परिजनों से क्या कहूं, माफी के लिए शब्द नहीं'

महानगर संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को पहलगाम अटैक में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- 'मेजबान होने के नाते मैं सुरक्षा के लिए जिम्मेदार था। इन लोगों के परिजन से मैं कैसे माफी मांगू। मेरे पास कोई शब्द नहीं है।' उमर ने कहा- 'जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा लोगों की चुनी हुई हुकूमत की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन सीएम और टूरिज्म मिनिस्टर होने के नाते मैंने इन्हें बुलाया था। मेजबान होने के नाते मेरी जिम्मेदारी थी कि इन्हें सुरक्षित भेंजू, नहीं भेज पाया।'

उमर ने कहा- 'उन बच्चों से क्या कहता, जिन्होंने अपने वालिद को खून में लिपटा हुआ देखा। उस नेवी अफसर की विधवा को क्या कहूं, जिन्हें शादी किए हुए ही चंद दिन हुए थे। कुछ लोगों ने पूछा कि क्या कसूर था हमारा। हम पहली बार कश्मीर आए थे छुट्टी मनाने के लिए। इस छुट्टी का जिंदगी भर खामियाजा भुगतना पड़ेगा।'



### उमर बोले- नहीं सोचा था ऐसे हालात होंगे

उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'यकीन नहीं होता कि चंद दिन पहले हम इस सदन में थे और बजट पर कई अन्य मुद्दों पर बहस चली। सदन स्थगित होते-होते हम यह उम्मीद कर रहे थे कि श्रीनगर में दोबारा मुलाकात होगी। किसने सोचा था कि जम्मू-कश्मीर में ऐसे हालात बनेंगे कि दोबारा यहां मिलना पड़ेगा। सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि स्पीकर साहब आपके आस-पास वो लोग बैठे हैं, जिन्होंने खुद अपने रिश्तेदारों को कुर्बान होते देखा है। हम में से कितने ही हैं, जिन पर हमले हुए हैं। हम चाहते हैं कि इस सदन की तरफ से हमले की निंदा की जाए। मारे गए 26 परिवारों के साथ हम हमदर्दी जाहिर कर सकें।' उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'स्पीकर साहब उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक पूरा देश इस हमले की चपेट में आया है। यह पहला हमला नहीं था। हमने कई हमले होते हुए देखे हैं। हमने अमरनाथ यात्रा, डोडा के गांवों में हमले देखे, कश्मीरी पंडितों की बस्तियों पर हमले देखे, सिख बस्तियों पर हमले देखे। अब्दुल्ला ने कहा कि बीच का ऐसा वक्त आया था, बैसरन का हमला 21 साल के बाद इतना बड़ा हमला है। यह हमला सिविलियंस पर सबसे बड़ा हमला है। यह हमारा मुस्तकबिल नहीं है, यह हमारे अतीत की कहानी है। अब लगता है कि अगला हमला कहां पर होगा। मेरे पास अल्फाज नहीं थे कि क्या बोलूं, मरने वालों के घरवालों से माफी कैसे मांगूं।

### पहलगाम हमला कश्मीरियत पर हमला

विधानसभा में पास प्रस्ताव में कहा गया कि ऐसे आतंकी हमले 'कश्मीरियत', देश की एकता, शांति तथा सद्भावना पर सीधा हमला हैं। विधानसभा ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके दुख में सहभागी बनने का संकल्प जताया। विधानसभा ने जम्मू और कश्मीर के लोगों की ओर से हमले के बाद दिखाए गए एकजुटता, करुणा और साहस की सराहना की। प्रस्ताव में यह भी बताया गया कि प्रदेशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए और लोगों ने पर्यटकों को सपोर्ट किया।

### देशभर में कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा की जाए

विधानसभा ने देशभर के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से आग्रह किया कि वे कश्मीरी छात्रों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और उनके साथ किसी भी तरह के भेदभाव या उत्पीड़न को रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं।

## पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में ट्रैकिंग पर रोक

महानगर संवाददाता

**श्रीनगर।** पर्यटकों के लिए एक सूचना है कि यदि वे घाटी घूमने आ रहे हैं, तो वह फिलहाल मुख्य पर्यटन स्थलों पर ही प्राकृतिक नजारों का आनंद लें, ट्रैकिंग के लिए पहाड़ों या उन पर स्थित पर्यटन स्थलों का रुख ना करें। बैसरन में हुए आतंकी घटना के बाद से प्रशासन ने ट्रैकिंग पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक प्रशासनिक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह आदेश पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम के बाइसरन में घटी आतंकी घटना के चलते यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ऊपरी इलाकों व जंगलों में आतंकवादियों को तलाश उन्हें खदेड़ने के लिए सुरक्षा एजेंसियों द्वारा चलाए जाने वाले कांबिंग ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। ऐसे में प्रदेश आने वाले पर्यटकों व पर्वतारोहियों को सूचित किया जाता है कि वह ट्रैकिंग के लिए ऊपरी इलाकों व जंगलों का रुख न करें बल्कि मुख्य पर्यटन स्थलों पर ही अपने ट्रिप का आनंद लें।

# जयपुर

## अबूझ सावे पर सैकड़ों जोड़े बधेंगे परिणय सूत्र में

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अक्षय तृतीया के अबूझ सावे पर जयपुर जिले में सैकड़ों जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे। ब्राह्मण, जांगिड़ सहित कई समाजों के सामूहिक विवाह सम्मेलन भी होंगे। एकल विवाह की भी धूम रहेगी। राजधानी के सभी प्रमुख होटल, बैंक्वेट हॉल, सामुदायिक केन्द्र और मैरिज गार्डन पहले से ही बुक हैं। विवाह के अलावा नूतन गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत संस्कार भी होंगे। अबूझ मुहूर्त होने के कारण अन्य मांगलिक आयोजन भी जमकर होंगे। अक्षय तृतीया के बाद 12 मई को पीपल पूर्णिमा का अबूझ सावा रहेगा। इस बार 6 जुलाई तक विवाह संस्कार के लिए शुभ समय है। कुल 22 सावे और 6 अबूझ सावे इस अवधि में आ रहे हैं, जिससे विवाह आयोजनों की जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। अप्रेल के महीने में किसानों द्वारा अपनी रबी फसल की कटाई पूरी कर लेने के बाद वे अब विवाह की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# मंत्री गजेंद्र सिंह ने राजस्थान पर्यटन स्टैंड का किया उद्घाटन

महानगर संवाददाता

**जयपुर/दुबई।** भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत संतोष कुमार सिवन ने सोमवार को अरेबियन ट्रैवल मार्केट (एटीएम) में पहले दिन राजस्थान पर्यटन स्टैण्ड का उद्घाटन किया।

गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस अवसर पर राजस्थान स्टैंड पर मीडिया से बातचीत की और राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स, दुनिया की सबसे बेहतरीन लग्जरी ट्रेन राजस्थान का गौरव है। उन्होंने बताया कि वे अगले सप्ताह जयपुर में आयोजित होने वाले जीआईटीबी में भी शामिल होंगे।

राजस्थान पर्यटन के अधिकारियों ने पहले दिन विभिन्न टूर ऑपरेटरों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री व पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दीया कुमारी के निर्देशन में राज्य में पर्यटन के विकास के लिए की गई विविध पहल, विभिन्न पर्यटन उत्पादों और पैकेज के संबंध में जानकारी प्रदान की। राजस्थान पर्यटन द्वारा इस वर्ष अरेबियन ट्रैवल मार्ट में भागीदारी करके मिडल ईस्ट और संयुक्त अरब अमीरात व आसपास के देशों से आए ट्रैवल एजेंट्स के मध्य राजस्थान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन के अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी और उप निदेशक संजय जौहरी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि इवेंट में राज्य के ट्रैवल ट्रेड एसोसिएशन के प्रतिनिधि ज्ञानप्रकाश और पैलेस ऑन व्हील्स के प्रबंधक दल सहित निजी क्षेत्र के टूर ऑपरेटर भी भाग ले रहे हैं।



## कजाकिस्तान में प्रधानमंत्री की पुस्तक भेंट की



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कजाकिस्तान यात्रा पर गए भाजपा नेता और अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश सचिव आलोक पारीक ने भारतीय दूतावास अलमाटी में कार्यरत हिमांशु गोयल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा की पुस्तक भेंट की। पारीक ने राजस्थान में हो रहे नए प्रशासनिक प्रयोगों के बारे में भी अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नवाचारों की भी जानकारी साझा की। इस दौरान भारतीय व्यवसायी संजय और भारतीय मूल के डॉ. प्रियांशु चौधरी भी मौजूद रहे।

# भारतीय किसान संघ का तहसील मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन 15 को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय किसान संघ जयपुर जिले की सभी तहसील मुख्यालयों पर 15 मई को सरकार की ओर से किए जा रहे जमीनों के ड्रोन सर्वे के विरोध में धरना प्रदर्शन करेगा। किसान संघ के जयपुर प्रांत के सह प्रचार प्रमुख डॉ. लोकेश कुमार चन्देल ने बताया कि सोमवार को जयपुर जिले की भारतीय किसान संघ की बैठक जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा तिलपट्टी की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय पर हुई। किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया है कि सरकार द्वारा जमीनों का ड्रोन सर्वे करवा कर डिजिटल नक्शे बनाए जा रहे हैं। इनमें काफी खामियां आ रही है। इससे किसानों की जमीन किसी के पास ज्यादा और किसी किसान के पास कम हो रही है। पूरे जिले से यही सूचना आ रही हैं। इससे किसानों में काफी रोष व्याप्त है। इसलिए इसके विरोध में 15 मई को जयपुर जिले की सभी तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करके पुरानी नाप को यथावत करने की मांग रखेंगे। बैठक में कार्यालय मंत्री करण सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगदीश नारायण, जिला मंत्री लक्ष्मीनारायण यादव, विद्युत प्रमुख बौद्धराम निठारवाल, जयपुर ग्रामीण युवा प्रमुख विष्णु कुमार शर्मा, राजस्व प्रमुख मधुसूदन शर्मा, जयपुर महिला प्रमुख यशोदा मीना, जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।




### उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन

# ग्लोबल समिट के एमओयू के सभी काम समय पर हो पूरे : मीणा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को साफ किया कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों को इसका परिणाम भी भुगतना होगा। डॉ. मीणा ने पंत कृषि भवन में उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि अधिकारी सभी योजनाओं को ईमानदारी के साथ लागू करें। साथ ही कहा कि कहा कि अधिकारी योजनाओं को पूरी ईमानदारी से लागू कर पात्र किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देते हुए समय पर पूरा करें। कोई भी बजट घोषणा अधूरी न रहे। कृषि मंत्री ने माइक्रो इरिगेशन कृषकों को उच्च क्वालिटी के उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों का क्वालिटी कंट्रोल टेस्ट करवाया जाएं। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीमित पॉली हाऊस डेमेज होने पर अब तक कितने किसानों को इसका लाभ मिल चुका है, इसकी रिपोर्ट तैयार कर 7 दिवस में विभाग को भिजवाई जाए। उन्होंने कहा कि सोलर पम्प में हाई क्वालिटी की सोलर प्लेटें लगवाएं, जिससे किसानों को किसी तरह की कोई समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बैठक में राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हुए कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के एमओयू की समीक्षा करते हुए कहा कि एमओयू के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों को दूर कर इन्हें जल्द से जल्द क्रियान्वित किया जाए।



## शराब की दुकान का आंवटन निरस्त करने की मांग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चांदपोल बाजार के गोविंद राव जी का रास्ता के नुक्कड़ पर खुली हुई शराब की दुकान का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। स्थानीय महिलाओं ने शराब की दुकान का आंवटन निरस्त करने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि आबकारी विभाग ने नियम विरुद्ध शराब की दुकान का आवंटन किया है। कई बार अधिकारियों को इसके बारे में पत्र लिखे गए, परंतु प्रशासन जान बूझकर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

## शिविर में 237 यूनिट रक्त एकत्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विप्र सेना विद्याधर नगर विधानसभा की ओर से परशुराम जन्मोत्सव पर विद्याधरनगर के शेखावटी हॉस्पिटल में सातवां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 237 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। अध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवारी, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल, राजपाल शर्मा, पार्षद दिनेश कांवट, पार्षद प्रदीप तिवारी, पूर्व पार्षद मंजू शर्मा, पूर्व पार्षद कौशल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भगवान कुंथुनाथ का जन्म-तप कल्याणक मनाया

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जैन धर्म के 17वें तीर्थंकर भगवान कुंथुनाथ के जन्म, तप कल्याणक महोत्सव सोमवार को भक्तिभाव से मनाया गया। दिगंबर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन हुए। अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा-अर्चना की गई। अभिषेक के बाद विश्व में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए श्रीजी की शांतिधारा की गई। अष्ट द्रव्यों से पूजा-अर्चना कर जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक श्लोक का सामूहिक उच्चारण करते हुए जयकारों के साथ अर्घ्य अर्पित किए गए। महाआरती के बाद समापन हुआ। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, कल्याण नगर के श्री मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, वाटिका के मुनि सुव्रतनाथ नवग्रह दिगम्बर जैन मंदिर, महल योजना के श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन मंदिर तथा सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन हुए।

# गोविंद देवजी मंदिर में श्रद्धालुओं को बांटे परिंडे

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय गौ क्रांति मंच की ओर से गोविंद देवजी मंदिर में श्रद्धालुओं को परिंडे वितरित किए गए। मंच के राजस्थान अध्यक्ष ताराचंद कोठारी ने सैकड़ों लोगों को परिंडे वितरित किए। मंच की ओर से प्रदेशभर में एक लाख परिंडे वितरित किए जाएंगे। कोठारी ने बताया कि जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, सीकर सहित अनेक जिलों में टोलियां गठित की गई हैं, जो स्थानीय स्तर पर परिंडे वितरण सुनिश्चित करेंगी। मंच का उद्देश्य है कि हर नागरिक अपने घर या आस-पास एक परिंडा अवश्य लगाए, ताकि गर्मी में पक्षियों को जीवनदायिनी जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।



# एक मई से बदल जाएंगे बैंक, एटीएम और रेलवे से जुड़े 5 नियम

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अगले महीने की पहली तारीख 1 मई 2025 से कई बड़े बदलाव लागू होने जा रहे हैं। ये नियम आपके बैंक अकाउंट, एटीएम ट्रांजेक्शन, रसोई गैस की कीमतों से जुड़े हैं। इन बदलावों के बाद आम लोगों को अपने ट्रांजेक्शन और सर्विस को लेकर कुछ नियम मानने होंगे।

दो दिनों के बाद यानी 1 मई 2025 से कई बड़े बदलाव लागू होने जा रहे हैं। ये बदलाव सीधा आम आदमी की जेब और रोजमर्रा की सुविधाओं पर असर डालेंगे। इसलिए जरूरी है कि आप पहले से इन नए नियमों के बारे में जान लें ताकि बाद में कोई परेशानी न हो।

## एटीएम से पैसे निकालना होगा महंगा

एक मई से एटीएम से कैश निकालने पर फ्री लिमिट खत्म होने के बाद ज्यादा पैसा देना पड़ेगा। अब हर अतिरिक्त ट्रांजेक्शन पर 19 रुपए देने होंगे, जबकि अभी 17 रुपए लगते हैं। बैलेंस चेक करने पर भी 6 रुपए की जगह 7 रुपए देने होंगे। मतलब अगर आप बार-बार एटीएम का इस्तेमाल करते हैं तो जेब पर थोड़ा और भार बढ़ेगा।

## रेलवे टिकट बुकिंग में भी बड़े बदलाव

रेलवे ने टिकट बुकिंग के नियमों में भी बदलाव किया है। 1 मई से स्लीपर और

### आपकी जेब पर पड़ेंगे भारी



एसी कोच में वेटिंग टिकट पर यात्रा की अनुमति नहीं होगी। सिर्फ जनरल डिब्बे में वेटिंग टिकट से सफर कर पाएंगे। साथ ही एडवांस टिकट बुकिंग की अवधि भी 120 दिन से घटाकर 60 दिन कर दी गई है। किराए और रिफंड चार्ज भी बढ़ सकते हैं, जिससे यात्रा महंगी हो सकती है।

## 11 राज्यों में लोकल ग्रामीण बैंकों का विलय

देश के 11 राज्यों में एक राज्य, एक आरआरबी योजना लागू की जाएगी। अब हर राज्य में सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को मिलाकर एक बड़ा बैंक बनाया जाएगा। इससे बैंकिंग सेवाएं बेहतर होंगी और ग्राहकों को ज्यादा सुविधा मिलेगी। ये बदलाव आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में लागू होगा।

## गैस सिलेंडर की कीमतें बदल सकती हैं?

हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा होती है। 1 मई को भी एलपीजी के दाम बढ़ या घट सकते हैं। अगर दाम बढ़े तो रसोई का बजट बिगड़ सकता है। हालांकि, सरकार ने अप्रैल में सभी सिलेंडर्स पर 50 रुपए बढ़ाये हैं।

## एफडी और सेविंग अकाउंट के नियमों में बदलाव

फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) और सेविंग अकाउंट की ब्याज दरों में अभी और बदलाव देखने को मिल सकता है। आरबीआई के दो बार रेपो रेट घटाने के बाद ज्यादातर बैंकों ने सेविंग अकाउंट और एफडी पर ब्याज दरों को घटाया है। ये आगे भी देखने को मिल सकता है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोमवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,530 रुपए से लेकर 97,680 रुपए प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार किया। इसी तरह 22 कैरेट सोना 89,400 रुपए से लेकर 89,550 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच बिका। चांदी के भाव में भी कमजोरी दर्ज की गई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,800 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,680 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार किया, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,550 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,530 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,400 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,580 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### संक्षिप्त समाचार

## चीन की शीन कंपनी को खरीदने की रेस में अंबानी-मित्तल आमने-सामने

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** एशिया के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी एक बार फिर बड़ी डील की तैयारी में हैं। चीन के फास्ट फैशन ब्रांड शीन के साथ करार के बाद अब अंबानी की नजर चाइनीज इलेक्ट्रॉनिक दिग्गज हायर पर है। जानकारी के मुताबिक, मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में हायर की हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ में शामिल हो गई है। भारत में कारोबार विस्तार की योजना बना रही हायर, किसी भारतीय कंपनी के साथ साझेदारी करना चाहती है, जिसमें अब तक सुनील भारती मित्तल का नाम सबसे आगे था लेकिन अब इस रेस में अंबानी भी उतर आए हैं।

**हायर इंडिया हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में, रिलायंस की नजर:** हायर अप्लायंसेज इंडिया, जो एलजी और सैमसंग के बाद भारतीय बाजार में तीसरे स्थान पर है, अपनी 25 फीसदी से 51 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। कंपनी का लक्ष्य एमजी मोटर्स की तरह एक



ऐसा ढांचा बनाना है, जिसमें कोई भारतीय कंपनी सबसे बड़ी शेयरधारक हो।

सूत्रों के मुताबिक हायर इंडिया का वैल्यूएशन 2 से 2.3 बिलियन डॉलर के बीच आंका गया है, जिसमें कंट्रोलिंग प्रीमियम भी शामिल है। पिछले साल के अंत से ही हायर, सिटी के साथ मिलकर बड़े फैमिली ऑफिस और प्राइवेट इक्विटी फंड्स से हिस्सेदारी बिक्री को लेकर बातचीत कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद से चीनी कंपनियों का रुख बदल रहा है। अमेरिकी बाजार में बढ़ी लागत के चलते अब ये कंपनियां भारत में अपनी हिस्सेदारी बेचने और कारोबार बढ़ाने की रणनीति अपना रही हैं। इसी कड़ी में चीन की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी हायर भारत में बड़ी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है।

### शेयर मार्केट में तूफानी तेजी

# सेंसेक्स में 1000 अंकों की बढ़त, निफ्टी 24300 के पार

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** शेयर मार्केट में सोमवार को तेजी रही और बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी ने अपने की रजिस्टेंस लेवल तोड़कर ट्रेड किया। सेंसेक्स 1005 अंकों की तेजी के साथ 80218 के लेवल पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 289 अंकों की बढ़त के साथ 24328 के लेवल पर बंद हुआ।

बाजार के लिए यह अच्छा संकेत है कि बेंचमार्क सूचकांक 1 फीसदी से ज्यादा की बढ़त के साथ बंद हुए। जिसमें बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से ज़्यादा चढ़ा और निफ्टी 50 24,300 से ऊपर बंद हुआ। उम्मीद से बेहतर आय की रिपोर्ट के बाद हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज की वजह से यह तेजी आई, जबकि विदेशी निवेश जारी रहने से मार्केट के सेंटीमेंट्स को और बढ़ावा मिला, बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4.45 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 426.03 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। निफ्टी आईटी को छोड़कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी ऑटो, पीएसयू बैंक, मेटल, फार्मा, रियल्टी, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 1 फीसदी से 3 फीसदी तक की बढ़त देखी गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने चौथी तिमाही में अनुमान से



अधिक लाभ दर्ज करने के बाद 4 फीसदी की बढ़त हासिल की, जो इसके खुदरा और डिजिटल बिजनेस में मजबूत प्रदर्शन के कारण हुआ। सिर्फ रिलायंस के प्रदर्शन ने सेंसेक्स की तेजी में लगभग 300 अंकों का योगदान दिया।

ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने सभी क्षेत्रों में मजबूत परिणामों पर प्रकाश डाला और तीन निकट-अवधि ट्रिगर्स की पहचान की। न्यू एनर्जी बिजनेस को बढ़ाना, जियो के लिए संभावित टैरिफ बढ़ोतरी और जियो के लिए संभावित आईपीओ या लिस्टिंग जो रिलायंस के लिए और अधिक वैल्यू अनलॉक कर सकती है। जेपी मॉर्गन ने यह भी संकेत दिया कि आकर्षक मूल्यांकन के कारण रिलायंस के शेयर निकट अवधि में बढ़ सकते हैं। निरंतर एफआईआई खरीदारी बाजार की मजबूती में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर खरीदारी का अहम योगदान है, जो पिछले आठ दिनों में 32,465 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। एफआईआई ने अपनी सेलिंग स्ट्रैटेजी को उलट दिया है और निरंतर खरीदार बन गए हैं। एफआईआई के नेट बायर्स बनने से यह बदलाव अमेरिकी शेयरों, बॉन्ड और डॉलर के अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन से प्रेरित है। कमजोर होती अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर के कमजोर होते माहौल में एफआईआई खरीदारी जारी रख सकते हैं, जिससे बाजार को और समर्थन मिलेगा।

### कमजोर होता डॉलर

डॉलर में गिरावट ने भारत जैसे उभरते बाजारों में निवेशकों के सेंटीमेंट्स को भी मजबूत किया है। कमजोर डॉलर आमतौर पर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करता है और रुपए को सहारा देता है। सोमवार को डॉलर इंडेक्स 99.60 पर था।

### कच्चा तेल भाव

सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें 67 डॉलर प्रति बैरल से नीचे कारोबार कर रही थीं, जिससे मुद्रास्फीति की चिंता कम हो गई। ब्रेंट क्रूड 66.06 डॉलर के आसपास था, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 63.34 डॉलर पर था। ऑइल की कम कीमतें भारत के लिए अनुकूल हैं, जो एक प्रमुख तेल आयातक है, जिससे जिससे चालू खाते और मुद्रास्फीति पर दबाव कम करने में मदद मिलती है।

### आरबीआई गवर्नर ने स्टार्टअप पर दिया जोर

## 'युवा अब एमएनसी में नौकरी करने की जगह उद्यमी बनना कर रहे पसंद'

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने स्टार्टअप पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत की युवा पीढ़ी की मानसिकता बदली है। अब युवा बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) में नौकरी की तलाश करने के बजाय उद्यमी बनना पसंद कर रहे हैं।

वॉशिंगटन डीसी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और अमेरिका-भारत सामरिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित अमेरिका-भारत आर्थिक मंच में अपने भाषण में गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि जब मैंने कॉलेज छोड़ा तो एमएनसी में नौकरी करना मेरा पसंदीदा विकल्प था। किसी ने भी अपना खुद का उद्यम शुरू करने के बारे में नहीं सोचा था। हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग और प्रबंधन स्नातक उद्यमिता और स्टार्ट-अप की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमिता की इस बढ़ती संस्कृति ने भारत को एक मजबूत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बनाने में मदद की है। देश में लगभग 150,000 मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप हैं, जिन्हें स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसी सरकारी पहलों का समर्थन प्राप्त है। आरबीआई गर्वनर ने कहा कि भारत में अब दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी संख्या में यूनिकॉर्न हैं, जिनमें से कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च तकनीक क्षेत्रों से उभर रहे हैं। भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में भी अपनी स्थिति में सुधार किया है। यह 2015 के 81वें स्थान से चढ़कर 2024 में 39वें स्थान पर आ गया है। निम्न-मध्यम आय वाले देशों में भारत अब पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि भारत तेजी से नौकरी चाहने वालों की बजाय नौकरी देने वालों का देश बनता जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आधार से जोड़ने जैसी विभिन्न योजनाओं के डिजिटलीकरण से भारी बचत हुई है। राज्य सरकारों को समय पर धन मिलने से केंद्र सरकार को अपने नकदी प्रवाह को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में भी मदद मिली है

## सरकार की पहल: नौकरी के लिए नहीं छोड़ना पड़ेगा घर, अपने शहर में ही मिलेगा रोजगार

महानगर संवाददाता



**मुंबई।** कोरोना महामारी के दौरान पहली बार घर से काम करने के कल्चर से लोग रूबरू हुए। उसी तर्ज अब केंद्र सरकार 'अपने गृह नगर में नौकरी' के नए विचार पर काम कर रही है।

अगर यह पहल सफल रही तो पहली बार नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अब अपने मूल स्थान को छोड़कर दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय एक ऐसा सिस्टम विकसित कर रहा है, जिसमें नौकरी चाहने वालों को स्थान, क्षेत्र, नियोक्ता, वेतनमान, आवश्यक कौशल और अन्य विशेषताओं के आधार पर नौकरियों को फिल्टर करने के विकल्प मिलेंगे।

मंत्रालय पीएम गति शक्ति पोर्टल पर नौकरी के आंकड़ों की मैपिंग कर रहा है। मंत्रालय का राष्ट्रीय करिअर सेवा (एनसीएस) पोर्टल नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों को जोड़ने वाले डिजिटल बाजार के रूप में कार्य करता है, जो बाजार में नौकरी की मांग और आपूर्ति को प्रभावी ढंग से संरेखित करता है। मंत्रालय एनसीएस जॉब डाटा को पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत करने पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। जम्मू-कश्मीर और गुजरात ने पहले ही इस दिशा में प्रगति कर ली है।

करीब 41 लाख नियोक्ता इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं। जबकि, एक करोड़ से अधिक संभावित नौकरी चाहने वालों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

पीएम गति शक्ति को एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत करके रोजगार अवसरों को जियो-टैग किया जा सकता है। एक समर्पित मोबाइल एप युवाओं को 20-40 किलोमीटर के दायरे में आसपास के रोजगार के अवसरों की खोज करने में सक्षम बनाएगा। यह विशेष रूप से नौकरी चाहने वालों, सीमित कौशल वाले लोगों को लाभान्वित करेगा, जो अब तक अत्यधिक रोजगार योग्य नहीं हैं, जिससे उन्हें अपने समुदायों में रहते हुए कमाई करने का अवसर मिलेगा।

### सरकारी आंकड़े जारी किए गए

## वित्त वर्ष 2025 में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 5.9 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत हुई



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर फरवरी के 2.7 प्रतिशत से मामूली बढ़कर मार्च 2025 में तीन प्रतिशत हो गयी। सोमवार को इससे जुड़े आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए। हालांकि, सालाना आधार पर मार्च में वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 5.5 प्रतिशत से कम रही। इसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का खराब प्रदर्शन रहा। सरकार ने इस महीने की शुरुआत में जारी 2.9 प्रतिशत के अनंतिम अनुमान से फरवरी 2025 के लिए औद्योगिक विकास के आंकड़े को भी संशोधित कर 2.7 प्रतिशत कर दिया। आंकड़ों से पता चलता है कि आईआईपी के संदर्भ में मापा गया कारखाना उत्पादन मार्च 2024 में 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों से यह भी पता चला है कि विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि मार्च 2025 में मामूली रूप से घटकर 3 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.9 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन की वृद्धि दर एक वर्ष पूर्व के 1.3 प्रतिशत से घटकर 0.4 प्रतिशत रह गई। मार्च 2025 में बिजली उत्पादन भी घटकर 6.3 प्रतिशत रह गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 8.6 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2024-25 में आईआईपी में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह आंकड़ा एक वर्ष पहले दर्ज 5.9 प्रतिशत से कम है।

# यूको बैंक ने घोषित किए वर्ष 2024-25 के वित्तीय परिणाम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** यूको बैंक प्रधान कार्यालय की ओर से सोमवार को वर्चुअल रूप में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष अश्विनी कुमार की ओर से आयोजित की गई। इसमें कार्यकारी निदेशक राजेंद्र कुमार साबू एवं विजय कुमार कांबले उपस्थित रहे। कॉन्फ्रेंस में वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक लेखाबंदी के खाते प्रस्तुत किए गए। जिसमें वर्तमान वित्तीय वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में 47.80 फीसदी वृद्धि के साथ 2445 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ घोषित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में परिचालन लाभ में बैंक ने 31.92 फीसदी की वृद्धि के साथ कुल 6037 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। इसके साथ ही सभी प्रमुख मापदंडों में सकारात्मक वृद्धि भी दर्ज की गई है। जहां कुल अनर्जक आस्तियां वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3.46 फीसदी थी जो घटकर वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2.69 फीसदी ही रह गई हैं एवं शुद्ध अनर्जक आस्तियां वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 0.89 फीसदी से घटकर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 0.50 फीसदी ही रह गई हैं।

वहीं 31 मार्च 2025 को बैंक का कुल व्यवसाय पिछले वर्ष की तुलना में 14.12 फीसदी बढ़कर 513527 करोड़ रुपए रहा। जिसमें सकल अग्रिम 17.72 फीसदी वार्षिक रूप से बढ़कर 219985 करोड़ रुपए और कुल जमा 11.56 फीसदी वार्षिक रूप से बढ़कर 293542 करोड़ रुपए हो गई है। वहीं खुदरा ऋण क्षेत्र में 35.09 फीसदी, कृषि ऋण क्षेत्र में 20.02 फीसदी और एमएसएमई क्षेत्र में 18.55 फीसदी वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। गत वित्तीय वर्ष की तुलना में शुद्ध ब्याज आय में 23.35 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। अश्विनी कुमार ने बताया कि बैंक ने प्रति शेयर 0.39 रुपए का डिविडेंड प्रस्तावित है। प्रति शेयर आय पिछले वर्ष 1.38 रुपए थी जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2.04 रुपए हो गई है। ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक ने तत्काल बचत खाता खोलने के लिए सभी शाखाओं में टैब-बैंकिंग सुविधा की शुरुआत की है। बैंक ने प्रोजेक्ट परिवर्तन के तहत वॉटसएप बैंकिंग सुविधा एवं एआई आधारित उदय चैटबोट सुविधा को चालू किया है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एमएसएमएसई ग्राहकों के लिए 11 नई योजनाओं का विमोचन किया। बैंक 3302 घरेलू, 2 विदेशी एवं ईरान में एक प्रतिनिधि कार्यालय के साथ कार्य कर रहा है। बैंक की 2031 (61 फीसदी) शाखाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सेवाएं दे रही है। बैंक के पास 2522 एटीएम एवं 10653 बीसी केन्द्रों की उपलब्धता हैं।

## 'वन स्टेट वन आरआरबी पॉलिसी' एक मई से होगी लागू

**नई दिल्ली(मसं.)।** वन स्टेट वन आरआरबी पॉलिसी यानी एक राज्य में एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की नीति 1 मई से लागू हो जाएगी। मतलब सिर्फ दो दिन बाद 1 मई से देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की संख्या घट कर सिर्फ 28 रह जाएगी। फिलहाल देश में कुल 43 ग्रामीण बैंक कार्यरत हैं। ये सभी ग्रामीण बैंक उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, कर्नाटक, राजस्थान और महाराष्ट्र के हैं।

पूरे देश के ग्रामीण इलाकों में काम कर रहे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की सर्विस को और बेहतर बनाने के लिए देश के 11 राज्यों में कार्यरत 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय का फैसला लिया गया था। इस संबंध में 8 अप्रेल को ही वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना भी जारी की थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का ये चौथा चरण होगा। इसके पहले भी चीन चरणों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या कम की गई है।

### विवादास्पद गैर शुल्क बाधा का होगा समाधान

# नॉन-टैरिफ बैरियर पर भारत-अमेरिका में बनी सहमति, साइड लेटर से होगा समाधान!

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते से इतर कथित अनुबंध (साइड लेटर) पर हस्ताक्षर करके विवादास्पद गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान कर सकते हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, 'दोनों सरकारों के बीच आपसी समझ के तहत भारत और अमेरिका के बीच कई साइड लेटर पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। ये मुख्य रूप से गैर-शुल्क बाधाओं से संबंधित होंगे।'

मुक्त व्यापार समझौते के संदर्भ में साइड लेटर अलग-अलग दस्तावेज होते हैं, जिन पर मुख्य समझौते के साथ-साथ बातचीत की जाती है ताकि विशिष्ट चिंताओं को दूर किया जा सके या दोनों पक्षों के बीच विशेष व्यवस्था की जा सके।

ये कानूनी रूप से बाध्यकारी होते हैं लेकिन केवल उन्हीं देशों के बीच मान्य होता है जो उस पर हस्ताक्षर करते हैं।

उदाहरण के लिए आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते को पूरा करते समय ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ऑस्ट्रेलिया में कार्यरत भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की विदेशी आय पर कर लगाने से रोकने के लिए अपने घरेलू कानूनों में



संशोधन करने पर सहमति व्यक्त की थी। इससे भारत सरकार द्वारा उठाई गई दोहरे कराधान निषेध संधि से संबंधित चिंता का समाधान हो गया। हालांकि यह आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते का हिस्सा नहीं था लेकिन दोनों देशों के व्यापार मंत्रियों द्वारा एक-दूसरे को पत्र लिखकर आपसी समझ को रेखांकित करते हुए इसे औपचारिक रूप दिया गया।

हाल के दिनों में अमेरिका ने भारत में अमेरिकी व्यवसायों के सामने आने वाली गैर-शुल्क बाधाओं पर गंभीर चिंता जताई है। हाल में भारत की यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने और अमेरिकी कंपनियों को अधिक बाजार पहुंच प्रदान करने पर जोर दिया था।

इस महीने की शुरुआत में विदेशी व्यापार बाधाओं पर जारी रष्ट्रीय व्यापार अनुमान रिपोर्ट में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने भारत के डिजिटल पर्सनल डेटा संरक्षण अधिनियम (डीपीडीपीए) के मसौदा नियमों पर चिंता व्यक्त की थी।


यूएसटीआर को दिए गए प्रस्तुतिकरण में गूगल, एमेजॉन, मास्टरकार्ड जैसी कंपनियों की संस्था कोलिशन ऑफ सर्विसेज इंडस्ट्रीज (सीएसआई) ने स्थानीय सामग्री की आवश्यकता और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) तथा रुपे कार्ड को अनुचित लाभ देने, डेटा स्थानीयकरण, दूरसंचार उपकरणों का अनिवार्य परीक्षण और प्रमाणन की आवश्यकता, विदेशी कंपनियों पर कर में भेदभाव, आईटी उत्पादों पर सीमा शुल्क आदि का जिक्र किया था। अमेरिकी कंपनियों ने भारत सरकार द्वारा दिए गए गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी आदेशों पर भी चिंता जताई है।

इकनॉमिक लॉ प्रैक्टिस में सीनियर पार्टनर संजय नोतानी ने कहा कि दोनों देशों को गैर-शुल्क बाधाओं को समझने के लिए हर क्षेत्र से संबंधित अलग दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'वर्तमान में धातु, रसायन, औद्योगिक उत्पाद, पूंजीगत वस्तुओं और दूरसंचार सहित कई क्षेत्रों में इस तरह की गैर-शुल्क बाधाएं मौजूद हैं। हमें सबसे पहले इन बाधाओं की प्रकृति का आकलन करने की आवश्यकता है क्योंकि सभी के लिए एक समाधान नहीं हो सकता है।'

# 'कल हो न हो' से 'वेदा' तक निखिल आडवाणी की चर्चित फिल्में

निर्माता-निर्देशक, स्क्रिप्ट राइटर निखिल आडवाणी ने पढ़ाई पूरी होने के बाद फिल्मी दुनिया में कॅरियर बनाने का फैसला लिया। साल 1996 में उन्होंने फिल्म 'इस रात की सुबह नहीं' की पटकथा लेखन में भूमिका अदा की। फिल्म 'नया नुक्कड़' से उन्होंने कॅरियर शुरू किया। इस फिल्म में उन्होंने बतौर असिस्टेंट निर्देशक काम किया। फिर वे सहायक स्क्रिप्ट राइटर और सहायक निर्देशक जैसे पर काम करने लगे। फिर साल 2003 में फिल्म 'कल हो न हो' से उन्होंने बतौर निर्देशक डेब्यू किया। जानते हैं उनके निर्देशन में बनीं कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में...

## कल हो न हो (2003)




शाहरुख खान, सैफ अली खान और प्रीति जिंटा अभिनीत यह निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म की झोली में कई अवॉर्ड आए। 51वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में इस फिल्म के लिए शंकर-एहसान-लॉय को बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन का अवॉर्ड मिला और सोनू निगम को बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल) का अवॉर्ड मिला। 49वें फिल्मफेयर में इस फिल्म को 11 नॉमिनेशन मिले और आठ अवॉर्ड झोली में आए।

## सलाम-ए-इश्क (2007)




यह रोमांटिक फिल्म है। यह मल्टीस्टारर फिल्म है, जिसमें अनिल कपूर, सलमान खान, जूही चावला, गोविंदा, प्रियंका चोपड़ा, अक्षय खन्ना, जॉन अब्राहम, विद्या बालन और आयशा टाकिया जैसे सितारे नजर आए। पहली फिल्म 'कल हो न हो' ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं निखिल के निर्देशन में बनी यह दूसरी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई। इसे करीब 35 करोड़ रुपए बजट में बनाया गया। फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 22.73 करोड़ रुपए रहा।

## चांदनी चौक टू चाइना (2009)



इस फिल्म में अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, मिथुन चक्रवर्ती, रणवीर शौरी जैसे सितारे नजर आए। यह मार्शल आर्ट एक्शन कॉमेडी फिल्म है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म नाकाम साबित हुई। इसे करीब 65 करोड़ रुपए की लागत के साथ बनाया गया। इस फिल्म ने सिर्फ 29.42 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया।

## पटियाला हाउस (2011)





अक्षय कुमार, ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, सोनी राजदान, अनुष्का शर्मा और टीनू आनंद जैसे सितारों से सजी यह स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। करीब 30 करोड़ रुपए बजट में बनी इस फिल्म ने कुल 31.17 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।

## दिल्ली सफारी (2012)



इस फिल्म के जरिए निखिल आडवाणी ने कम्प्यूटर एनिमेटिड म्यूजिकल कॉमेडी फिल्म के निर्देशन में हाथ आजमाए। यह फिल्म पांच जानवरों की मुंबई से दिल्ली की यात्रा पर आधारित है। फिल्म में गोविंदा, अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी, बोमन ईरानी और उर्मिला मातोंडकर ने अपनी आवाज दीं।

## डी-डे (2013)




यह एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें ऋषि कपूर, इरफान खान, अर्जुन रामपाल, श्रुति हासन और हुमा कुरैशी जैसे सितारे नजर आए। इस फिल्म को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। हालांकि, बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन के मामले में फिल्म नाकाम रही। करीब 26 करोड़ रुपए में बनी यह फिल्म सिर्फ 23.75 करोड़ रुपए का ही नेट कलेक्शन कर पाई।

## हीरो (2015)




इस फिल्म में सूरज पंचोली, अथिया शेट्टी और आदित्य पंचोली जैसे सितारे नजर आए। इस फिल्म को सलमान खान और सुभाष घई प्रोड्यूस किया और निर्देशन की जिम्मेदारी निखिल आडवाणी ने निभाई। अथिया और सूरज पंचोली ने इस फिल्म से डेब्यू किया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत साबित हुई। इसे करीब 32 करोड़ रुपए की लागत के साथ बनाया गया। फिल्म ने 33.47 करोड़ रुपए का कारोबार किया।

## कट्टी बट्टी (2015)




इस फिल्म को सिद्धार्थ रॉय कपूर ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में इमरान खान और कंगना रनौत अहम रोल में नजर आए। 30 करोड़ रुपए बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 24.57 करोड़ रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म फ्लॉप साबित हुई।

## बाटला हाउस (2019)



इस फिल्म में जॉन अब्राहम और मृणाल ठाकुर लीड रोल में नजर आए। इनके अलावा रवि किशन भी फिल्म का हिस्सा रहे। यह एक्शन थ्रिलर फिल्म है। साल 2019 में 15 अगस्त के मौके पर रिलीज हुई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। इसे करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया। फिल्म ने 99.24 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था।

## वेदा (2024)



गत वर्ष रिलीज हुई इस फिल्म में जॉन अब्राहम लीड रोल में नजर आए। उनके अलावा शरवरी, अभिषेक बनर्जी और आशीष विद्यार्थी जैसे सितारों ने अहम रोल अदा किया। हालांकि, यह एक्शन ड्रामा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कारगर साबित नहीं हुई। करीब 60 करोड़ रुपए लागत में बनी इस फिल्म टोटल 22.54 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया।



# जब शुभमन ने सारा को डेट करने की कबूली थी बात, अब बोले, 'रिश्तों के लिए वक्त नहीं'



क्रिकेटर शुभमन गिल ने हाल ही में बताया कि वह किसी को डेट नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह कहकर लोगों को हैरान कर दिया था कि वह तीन साल से सिंगल हैं। उनके मुताबिक उनका जिन लोगों के साथ नाम जोड़ा गया, उनका उनसे कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि एक बार शुभमन गिल ने धीरे से कहा था कि शायद वह 'सारा' को डेट कर रहे हैं।

**सारा का सारा सच बता दियाः** पंजाबी शो 'दिल दीयां गल्ला' में सोनम बाजवा के साथ बातचीत के बाद ये अटकलें लगाई जाने लगीं थीं कि शुभमन सारा के साथ रिश्ते में हैं। शो में सोनम बाजवा ने पूछा कि क्या आप 'सारा' के साथ रिश्ते में हैं? इस पर शुभमन ने धीरे से जवाब दिया था 'शायद'। इसके बाद बाजवा ने उनसे कहा था कि तो उसे पूरा सच बता दीजिए। उन्होंने कहा, 'सारा का सारा सच बोलो।' इस पर शुभमन ने जवाब दिया, 'सारा का सारा सच बोल दिया।'

**शुभमन गिल ने नकारी थी रिश्ते की बातः** हाल ही में हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत में शुभमन गिल ने कहा था। वह किसी को डेट नहीं कर रहे हैं। उन्होंने उनका नाम सारा अली खान, सारा तेंदुलकर और अवनीत कौर से जोड़ने के बारे में कहा था कि उनका समय बहुत वयस्त है, इसलिए वह रिश्ते के बारे में सोच भी नहीं सकते। उन्होंने कहा था कि उन्हें ये बकवास लगता है कि वह जिससे कभी मिले नहीं, उनके साथ उनका नाम जोड़ा जा रहा है।

**सारा अली खान ने रिश्ते की बात नकारीः** सारा अली खान के साथ रिश्ते पर सिर्फ शुभमन ने ही मना नहीं किया, बल्कि इससे पहले सारा अली खान भी अपने रिश्ते के बारे में इनकार कर चुकी हैं। 'कॉफी विद करण' में सारा से शुभमन के साथ रिश्ते के बारे में पूछा गया। इस पर सारा ने कहा 'आपने गलत सारा को पकड़ा। सारा का सारा दुनिया गलत सारा के पीछे पड़ा है।'

# पूजा हेगड़े ने पहनी 70 साल पुरानी कांजीवरम की साड़ी, बोलीं- 'ताजा होती हैं दादी की यादें'



**साउथ** से लेकर बॉलीवुड तक अपने शानदार अभिनय की छाप छोड़ने वाली अभिनेत्री पूजा हेगड़े अपकमिंग फिल्म 'रेट्रो' को लेकर उत्साहित हैं। फिल्म के प्रमोशन में जुटी अभिनेत्री एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह 70 साल पुरानी कांजीवरम की साड़ी पहने नजर आईं। तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'कोठरी से 70 साल पुरानी शानदार साड़ी'। यह मुझे मेरी खूबसूरत अज्जी (दादी) की याद दिलाती है, जो कांजीवरम साड़ी में अपना पूरा दिन बिताती हैं, शादी के लिए तैयार होने से पहले घर में मल्लिगे की ताजा खुशबू और पहली बारिश के बाद गीली मैंगलोर मिट्टी की खुशबू... इन सरल चीजों में सुंदरता है, 'रेट्रो'।' हरे और बैंगनी रंग की साड़ी के साथ अभिनेत्री बालों में गजरा लगाए और माथे पर बिंदी के साथ पोज देती नजर आईं। 'रेट्रो' में पूजा हेगड़े के साथ अभिनेता सूर्या मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल 'रेट्रो' की घोषणा करते हुए टीजर को दर्शकों के साथ शेयर किया था। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री पूजा हेगड़े मोस्ट-अवेटेड फिल्म से जुड़ी हर एक अपडेट को शेयर करती रहती हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का टीजर शेयर कर अहम जानकारी दी थी। पूजा हेगड़े ने दो मिनट के टीजर को इंस्टाग्राम पर शेयर कर कैप्शन में लिखा, 'इस किरदार में मेरे दिल का एक टुकड़ा है। 'रेट्रो' भावनाओं के उतार-चढ़ाव भरी एक प्रेम कहानी का टाइटल टीजर 'रेट्रो' आ चुका है।' शेयर किए गए टीजर में पूजा हेगड़े और सूर्या एक तालाब के किनारे बैठे नजर आए। वीडियो में अभिनेत्री एक गांव की लड़की की भूमिका में हैं। वह सूर्या की कलाई पर प्रेमिका के तौर पर रक्षा सूत्र बांधती हैं। इसके बाद टीजर में सूर्या कहते हैं, 'मैं अपने गुस्से पर काबू रखूंगा, मैं इस पल से सब कुछ पीछे छोड़ दूंगा। मैं मुस्कुराने और खुश रहने की कोशिश करूंगा। मेरे जीवन का उद्देश्य, शुद्ध प्रेम है, केवल शुद्ध प्रेम। 'रेट्रो' इसी साल 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो पूजा हेगड़े के पास 'रेट्रो' के साथ ही और भी कई खास प्रोजेक्ट हैं। पूजा के पास थलपति विजय के साथ 'थलापति 69' और 'है जवानी तो इश्क होना है' सहित कई अन्य रोमांचक प्रोजेक्ट हैं।

# सोनल चौहान ने की अनुष्का शर्मा की तारीफ, बोलीं- उनकी वजह से विराट में आया आध्यात्मिक बदलाव







इमरान हाशमी की फिल्म 'जन्नत' में नजर आईं अभिनेत्री सोनल चौहान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में सोनल चौहान आईपीएल का एक मैच देखने भी पहुंची थीं। अब सोनल चौहान ने अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की तारीफ की है। साथ ही उन्होंने अनुष्का और उनके पति भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली की बॉन्डिंग की भी तारीफ की है। सोनल का मानना है कि विराट कोहली के अध्यात्म की तरफ रुझान में अनुष्का का एक बहुत बड़ा रोल है।

**सोनल ने बताया, मिलने पर विराट कोहली से क्या कहेंगीः** हालिया एक बातचीत में सोनल चौहान ने विराट कोहली के आध्यात्मिक सफर और उनके जीवन में अनुष्का शर्मा के सकारात्मक प्रभाव को लेकर बात की। अभिनेत्री से जब पूछा गया कि अगर वो विराट कोहली से अचानक टकरा जाएं तो क्या बात करेंगी। इस पर सोनल चौहान ने कहा, 'मैं कहूंगी, जय श्रीराम और हर हर महादेव, क्योंकि वह अभी बहुत धार्मिक हो रहे हैं। मैंने उनकी बहुत सी रील देखी हैं, जिसमें वह अपने आध्यात्मिक पक्ष को तलाशते हैं।'

**'मुझे लगता है वो सही महिला हैं':** अभिनेत्री ने आगे विराट कोहली के आध्यात्मिक सफर और अध्यात्म को लेकर उनके अंदर आए अचानक बदलाव पर बात की। उन्होंने इसका श्रेय विराट की पत्नी अनुष्का को देते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि यह सही महिला है। उनके जीवन में सही महिला निश्चित रूप से उनके आध्यात्मिक पक्ष को सामने ला रही हैं। जब आप सही लोगों, सकारात्मक लोगों से घिरे होते हैं, तो यह आपके व्यक्तित्व को दर्शाता है। मुझे लगता है कि वह उनके जीवन में एक शांत प्रभाव है।'

**2017 में हुई विराट-अनुष्का की शादीः** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने साल 2017 में शादी की थी। अनुष्का से शादी के बाद विराट के अंदर काफी बदलाव देखा गया। उनका आध्यात्मिक पक्ष और भी बढ़ गया है। कपल को अक्सर वृंदावन के आश्रमों सहित अन्य आध्यात्मिक स्थानों पर जाते और गुरुओं से आशीर्वाद लेते देखा गया है। उन्हें अपने बच्चों वामिका और अकाय के साथ कीर्तन में भी देखा गया है। भगवान हनुमान के प्रति विराट की भक्ति भी कई मौकों पर दिखी है।

**2024 में 'दर्द' फिल्म में नजर आई थीं सोनलः** 2008 में फिल्म 'जन्नत' से अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री सोनल चौहान अंतिम बार 2024 में आई फिल्म 'दर्द' में नजर आई थीं। इसके अलावा वो बी प्राक के एक म्यूजिक वीडियो में भी नजर आ चुकी हैं।

# मलाइका के रसोइये के साथ व्यवहार ने जीता सबका दिल, फैंस ने की तारीफ



अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा और कोरियोग्राफर व निर्देशक फराह खान एक-दूसरे की अच्छी दोस्त हैं। अक्सर दोनों को साथ में पार्टी करते भी देखा जाता है। अब हाल ही में फराह खान ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वो मलाइका अरोड़ा के घर पहुंची हैं। इस वीडियो में दोनों ने खाने, डांस, मां के रूप में अपने जीवन और कई अन्य मुद्दों पर एक-दूसरे से बातें कीं। हमेशा की तरह फराह खान के रसोइये दिलीप भी मलाइका के साथ उनके घर गए। इस दौरान दोनों ने खाना भी बनाया और दिलीप के साथ मजेदार बातें भी की। दिलीप को लेकर मलाइका के दयालू व्यवहार ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

**दिलीप ने पहनी खास टी-शर्टः** वीडियो में मलाइका और उनकी मां फराह के लिए फिश करी बनाती हैं। इस दौरान दिलीप भी उनकी मदद करते हैं। फराह ने मलाइका को दिलीप द्वारा पहनी गई एक खास टी-शर्ट दिखाकर चौंका दिया। इस टी-शर्ट में मलाइका के छैया छैया गाने का एक सीन था, जिसमें शाहरुख के शरीर पर दिलीप का चेहरा छपा हुआ था। इस बीच मलाइका के बेटे अरहान ने भी दिलीप को बधाई दी, जो यह देखकर हैरान थे कि दिलीप इतने लंबे हो गए हैं।

## मलाइका ने रसोइये को भी बैठाया साथ

जब खाना तैयार हो गया, तो मलाइका ने दिलीप से कहा कि वो भी डाइनिंग रूम में सबके साथ ही बैठें। हालांकि, दिलीप इस पर उतना सहज नहीं दिखे। वो शर्माते हुए दूर जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मलाइका ने उन्हें बैठाया और कहा कि वे सबके साथ खाना खाएं। मलाइका का ये व्यवहार लोगों को काफी पसंद आया और लोगों ने इसके लिए मलाइका की तारीफ भी की।

## लोगों ने की मलाइका की तारीफ

कई यूजर्स ने मलाइका के इस व्यवहार की तारीफ की और मलाइका को बहुत ही विनम्र व दयालू बताया। एक फैन ने कहा,'अरहान और मलाइका बहुत प्यारे हैं और दिलीप के साथ उनका व्यवहार अब तक का सबसे अच्छा था।' एक व्यक्ति ने कमेंट किया, 'मलाइका इतनी शालीनता और प्यार के साथ इतना सादा जीवन जी रही हैं। सच कहूं तो वह बहुत उदार इंसान हैं।'

**कई गानों में साथ काम कर चुकी हैं फराह और मलाइकाः** फराह और मलाइका काफी पुरानी दोस्त हैं। दोनों ने कई प्रोजेक्ट्स में साथ काम किया है। 'मुन्नी बदनाम हुई' से लेकर 'छैया छैया' तक फराह ने मलाइका के साथ कई गाने कोरियोग्राफ किए हैं, जो बहुत हिट हुए हैं। वीडियो में फराह ने कहा कि मलाइका उनकी जिंदगी में खास जगह रखती हैं और उन्होंने अपने रिश्ते को खास बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश के वन्यजीव संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा

राज्य वन्यजीव मण्डल की स्थायी समिति की चतुर्थ बैठक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में वन्यजीव मण्डल की स्थायी समिति की चतुर्थ बैठक का आयोजन किया गया। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की वन्यजीव सम्पदा की रक्षा एवं जैव विविधता को समृद्ध बनाये रखने के सभी प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में सदस्यों द्वारा प्रदेश के वन्यजीव स्वीकृति से सम्बंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही बैठक में गत 18 फरवरी को हुई बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन एवं प्राप्त निर्देशों की पालना की समीक्षा भी की गई। एप्रोच रोड, मोबाइल टावर, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, ऑप्टिकल फाइबर केबल एवं नवीन निर्माण से सबंधित कुल 12 नए प्रस्तावों एवं 4 अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व, रणथंभौर टाइगर रिजर्व, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व, जमवारामगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, डेजर्ट नेशनल पार्क, कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य, सरिस्का टाइगर रिजर्व, माउंट आबू वन्यजीव अभयारण्य एवं भैंसरोड़गढ़ वन्यजीव अभयारण्य के प्रस्तावों पर चर्चा कर अपने सुझावों के साथ राज्य वन्यजीव मण्डल को भेजने का निर्णय किया। बैठक में रणथंभौर टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए सुविधायुक्त नेचर इंटरप्रिटेशन एंड एग्जीबिशन सेंटर की स्थापना के विषय पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) अपर्णा अरोड़ा, सदस्य सचिव स्थायी समिति राज्य वन्यजीव मण्डल एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक शिखा मेहरा, स्थायी समिति राज्य वन्यजीव मण्डल के सदस्य रविसिंह, राजपाल सिंह तंवर एवं अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख अरिजीत बनर्जी एवं जिलों के अन्य सम्बंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

### भगवान परशुराम जयंती पर राज्यपाल-विधानसभाध्यक्ष की शुभकामनाएं

**जयपुर (म.सं.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने परशुराम जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बागडे ने कहा कि भगवान परशुराम जी शास्त्र एवं शस्त्र दोनों ही विद्या के महान ज्ञाता थे। वह अन्याय का विरोध कर पीड़ितों की सहायता करने वाले हैं। उनकी जयंती उनके आदर्शों का अनुकरण करने का संदेश देती है। वहीं राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सनातन जगत के आराध्य भगवान परशुराम ने योगी होते हुए भी शस्त्र उठाकर सत्य, समानता एवं सामाजिक न्याय की अवधारणा विकसित की। भगवान परशुराम की क्षमाशीलता, दानशीलता, सनातन मर्यादा, न्याय प्रियता, मातृ-पितृ भक्ति समस्त मानव समाज के लिए अनुकरणीय है।

### मुख्यमंत्री शर्मा ने की जनसुनवाई



अधिकारियों को आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण का दिया निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई करते हुए आमजन की परिवेदनाओं को आत्मीयता के साथ सुना और अधिकारियों को परिवेदनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। प्रत्येक फरियादी की समस्या को सुनना और उसका निस्तारण सुनिश्चित करना हमारी सरकार का मूलमंत्र है। मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, राजस्व, मनरेगा, ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को राहत दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित भी रहे। जनसुनवाई के दौरान जयपुर निवासी रामसिंह राजोरिया ने मुख्यमंत्री को चावल के एक दाने पर उकेरी अयोध्या स्थित रामलला मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। शर्मा ने राजोरिया की माइक्रो आर्ट की प्रशंसा की। राजोरिया ने सूक्ष्मतम हस्तलिखित श्री भगवद गीता के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

### राजस्थान वित्त निगम का औद्योगिक शिविर कल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान वित्त निगम की ओर से 30 अप्रेल को जयपुर शाखा कार्यालय में प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक औद्योगिक शिविर लगाया जाएगा। इस कैंप में ऋण आवेदन पत्रावलियां तैयार करवा कर मौके पर ही स्वीकार कर ली जाएगी। राजस्थान वित्त निगम ने उद्यमियों को राहत पहुंचाने की दृष्टि से अपनी नीतियों में सकारात्मक बदलाव किए हैं। उपप्रबंधक (इंचार्ज) ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 45 वर्ष से कम आयु से सीनियर सेकंडरी, स्नातक, डिप्लोमाधारी, तकनीकी स्नातक युवाओं को ब्याज सबमिशन की लिमिट को ऋण राशि डेढ़ सौ लाख से बढ़ाकर दो सौ लाख कर दिया गया है।

निगम के गुड बोरोवर्स के लिए गुड बोरोवर स्कीम में पुनर्भुगतान समय को 5 वर्ष से बढ़ाकर 7 वर्ष किया गया है। 10 करोड़ से अधिक के ऋण के लिए एप्लीकेशन फीस अधिकतम 1 लाख रुपए की गई है। प्रोसेसिंग चार्जेज 0.50 प्रतिशत से घटाकर 0.25 प्रतिशत किया गया है।

आठवीं पुण्यतिथि



स्मरण दिवस, स्नेहदिल स्मृति
स्व. श्री राम किशोर शर्मा
आपका मार्गदर्शन एवं जीवन चरित्र हमें प्रेरणा देती है।
29-04-2017
श्रद्धानवत
शरद कुमार (मुख्य विज्ञापन निरीक्षक उ.प.रे) (पुत्र), इंदुमती सुरोलिया (पुत्रवधू), डॉ आयुष शरद(पौत्र), प्राची शरद (पौत्री)

# भारत में रह सकते हैं लॉन्ग टर्म वीजा पर आए पाक नागरिक

गृह मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

महानगर संवाददाता



**जोधपुर।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने भारत में निवासरत पाक नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसमें ऐसे पाक नागरिक जो पाकिस्तान से भारत आकर वर्तमान में लॉन्ग टर्म वीजा (एलटीवी) पर यहां निवासरत हैं, उनको देश छोड़ कर जाने की आवश्यकता नहीं है। तीन दिनों में 362 पाकिस्तान नागरिकों के एलटीवी आवेदन स्वीकार किए गए हैं। जो पाक नागरिक जोधपुर शहर में एलटीवी पर निवासरत हैं तथा उनकी एलटीवी की वैधता समाप्त हो चुकी है, ऐसे पाक नागरिकों को अपनी एलटीवी एक्टेंशन करवानी आवश्यक है, जो विदेशी पंजीयन अधिकारी कार्यालय जोधपुर शहर में आकर करवा सकते हैं। ऐसे पाक नागरिक, जिन्होंने एलटीवी के लिए आवेदन कर दिया है तथा जिनके प्रकरण विचाराधीन हैं, उनको पाकिस्तान डिपोर्ट नहीं किया जा रहा है। ऐसे पाक नागरिक, जो एलटीवी आवेदन की पात्रता रखते हैं तथा अभी तक एलटीवी आवेदन प्रस्तुत नहीं किए हैं, उन्हें शीघ्र ही अपने एलटीवी आवेदन वैध दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना चाहिए तथा अपना पंजीकरण विदेशी पंजीयन अधिकारी कार्यालय जोधपुर शहर में करवाना चाहिए। जिन पाक नागरिकों के पारपत्र (पासपोर्ट) की वैधता समाप्त हो चुकी है तथा अभी तक उन्होंने कहीं भी अपना पंजीकरण नहीं करवाया है, उन पाक नागरिकों को भी अपने क्षेत्र के विदेशी पंजीयन अधिकारी कार्यालय में अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए, ताकि उनके सम्बन्ध में राज्य सरकार व गृह मंत्रालय भारत सरकार से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किया जा सके। जिन मुस्लिम महिलाओं का विवाह भारतीय नागरिक के साथ होने के कारण एलटीवी पर निवासरत हैं, उन्हें भी पुनः पाकिस्तान जाने की आवश्यकता नहीं है। स्थाईवास की सुविधा पर निवासरत पाकिस्तान नागरिकों को भारतीय नागरिकता गृह मन्त्रालय भारत सरकार व जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रदान की जाती है। जिन पाकिस्तान नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्राप्त हो चुकी है, उन्हें अपना नागरिकता प्रमाण पत्र विदेशी पंजीयन अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि उनके रिकार्ड को अपडेट किया जा सके।

#### 3 दिन में 362 पाकिस्तान नागरिकों के एलटीवी आवेदन स्वीकार

**विदेशी** पंजीयन अधिकारी कार्यालय जोधपुर शहर द्वारा पाक नागरिकों के पंजीकरण एवं एलटीवी आवेदन प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है, ताकि सभी पाक नागरिकों के आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाकर उनको राहत प्रदान की जा सके। विगत 3 दिनों में 362 पाकिस्तान नागरिकों के एलटीवी आवेदन स्वीकार किए जाकर उनका पंजीकरण किया जा चुका है तथा यह प्रकिया निरन्तर जारी है।

मुख्यमंत्री ने की पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग की समीक्षा

# गौरवशाली विरासत के लिए जयपुर में बनेगा राज्यस्तरीय संग्रहालय



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्थान की गौरवशाली विरासत के संरक्षण के कार्य सुनिश्चित करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमारे इतिहास को समझें, जानें और गौरवान्वित महसूस करें। इसके लिए उन्होंने जयपुर में एक राज्यस्तरीय संग्रहालय बनाने के निर्देश दिए हैं।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर पर्यटन, कला, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की बजट घोषणाओं पर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन से संबंधित सभी विकास कार्य तय समय पर पूरे किए जाएं। समय पर कार्य पूरा नहीं होने से लागत में वृद्धि होती है, जिससे राजस्व की हानि भी होती है। लम्बित कार्यों के लिए संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाए। शर्मा ने पर्यटन विभाग को जयपुर में राज्य स्तरीय संग्रहालय बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय में राजस्थान के सभी क्षेत्रों की रियासतकालीन विरासत और बहुरंगी कला-संस्कृति को प्रदर्शित किया जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र से आने वाला आगन्तुक प्रदेश की धरोहर से रूबरू हो सके।

#### शेखावाटी की हवेलियों की विरासत का करें संरक्षण

**मुख्यमंत्री** ने पर्यटन विभाग को निर्देश दिए कि वे शेखावाटी क्षेत्र की पुरानी हवेलियों के संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाएं। हवेलियों के स्थापत्य को नुकसान ना हो और आवश्यकता पड़ने पर जीर्णोद्धार के कार्य भी कराए जाएं। इस संबंध में संबंधित जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया जाए।

#### पर्यटन क्षेत्र में विकसित करें रोजगार के अवसर

**शर्मा** ने पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक युवाओं का कौशल एवं रोजगार प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने राजीविका, हेन्डीक्राफ्ट, ज्वैलरी, ब्लॉक प्रिन्टिंग के समुचित प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए।

#### ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर को धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में करें विकसित

मुख्यमंत्री ने पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि इसे प्रमुख धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाए और पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। शर्मा ने पूंछरी का लौठा के विकास कार्यों में भी गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने प्रदेश के बाहर स्थित मंदिरों के जीर्णोद्धार के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

## विरासत और आधुनिक सुविधाओं का संगम होगा जयपुर स्टेट टर्मिनल



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर बनने जा रहा स्टेट टर्मिनल जयपुर की विरासत और आधुनिक सुविधाओं का संगम होगा। टर्मिनल के निर्माण के लिए 12 हजार 778 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन हो चुका है।

मुख्यमंत्री निवास पर सोमवार को नागरिक उड्डयन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्टेट टर्मिनल पर विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएं। इसमें ग्रीन एरिया, पार्किंग, मीटिंग हॉल आदि के संबंध में विशेष योजना बनाकर कार्य किया जाए, ताकि आगंतुकों को श्रेष्ठ सुविधाएं एवं सेवाएं सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि टर्मिनल की बिल्डिंग के स्थापत्य में जयपुर की विरासत की झलक मिले और आधुनिक सुविधाएं भी विकसित हों। भविष्य में आगंतुकों की संख्या एवं हवाई सेवाओं के अनुरूप टर्मिनल का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक हवाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के क्रम में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट महत्वपूर्ण साबित होगा। इस एयरपोर्ट के विकास के लिए राज्य सरकार एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य एमओयू हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. की ईएचवी लाइन शिफ्टिंग और आरआरवीपीएनएल की लाइन शिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाएं।

मुख्यमंत्री ने उदयपुर हवाई अड्डे के विस्तार एवं उत्तरलाई हवाई पट्टी पर सिविल एन्क्लेव और अप्रोच रोड के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल की क्षमता 50 लाख से बढ़ाकर 70 लाख यात्री प्रतिवर्ष की जा रही है। उन्होंने प्रदेश में हवाई पट्टियों के उन्नयन और विस्तार की समीक्षा की और झुंझुनूं, आबू रोड और डूंगरपुर हवाई पट्टी के विस्तार के लिए निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने प्रतापगढ़ और हमीरगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (एफटीओ) के कार्यों में भी गति लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने हरियाणा से सालासर और खाटूश्यामजी के लिए हवाई सुविधा और एयर एंबुलेंस सुविधा के विस्तार के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### नई दिल्ली में उच्च स्तरीय कॉन्फ्रेंस 8-9 मई को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** हर साल मानसून में देश के किसी न किसी हिस्से में बाढ़, जल भराव, बांध या नहरें टूटने की घटनाएं होती हैं। यदि समय रहते तैयारियां कर ली जाएं, तो ये घटनाएं काफी हद तक कम हो जाती हैं तथा ऐसी घटनाएं होने के बावजूद मानव व अन्य संसाधनों का नुकसान सीमित रखा जा सकता है। इसी बिन्दु को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय का आपदा प्रबंधन डिविजन आगामी 8 व 9 मई को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में वार्षिक सम्मेलन आयोजित कर रहा है, जिसमें सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

देवनानी ने पंजाब के राज्यपाल को राजस्थान विधानसभा की डायरी भेंट की

# 'भारतीय वर्ष के अनुसार डायरी का प्रकाशन अनुकरणीय पहल'

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पंजाब के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया का सोमवार को विधानसभा पहुंचने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। देवनानी ने कटारिया को राजस्थान विधानसभा में नवाचारों का एक वर्ष पुस्तक, विक्रम संवत 2082 की विधानसभा डायरी, विधानसभा के वॉल व टेबल कैलेण्डर और विधान सभा दूरभाष निर्देशिका भेंट की। देवनानी ने कटारिया का दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन किया।

देवनानी और कटारिया की राजस्थान विधानसभा सहित अनेक बिन्दुओं पर लगभग आधे घंटे तक चर्चा हुई। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया ने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी द्वारा भारतीय वर्ष के अनुसार डायरी प्रकाशन की सराहना करते हुए इसे युवा पीढ़ी को तिथियों की जानकारी से अवगत कराने वाली अभिनव पहल बताया। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा का यह प्रकाशन अन्य राज्य विधानसभाओं के लिए भी अनुकरणीय है।

देवनानी ने कटारिया को बताया कि महापुरुषों के स्मरण को बनाए रखने के लिए विधानसभा दैनन्दिनी में महापुरुषों के चित्रों को शामिल किया गया है, ताकि उनके आदर्श जीवन से लोग प्रेरणा ले सकें। डायरी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर, वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप, भगवान महावीर, डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम, सुभाष चन्द्र बोस, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, सरदार वल्लभ भाई पटेल, केसरी सिंह बारहठ, अरविन्द घोष, स्वामी विवेकानंद, अहिल्या बाई होल्कर और भगत सिंह के चित्रों का समावेश किया गया है।

#### राज्यपाल बागडे की पंजाब के राज्यपाल कटारिया से मुलाकात



**जयपुर (म.सं.)।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने सोमवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर संवाद किया। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल बागडे ने पंजाब के राज्यपाल कटारिया का अभिनन्दन किया। दोनों की यह शिष्टाचार भेंट रही।

समीक्षा — प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारी बनाएं माइक्रो मैनेजमेंट सिस्टम

# हर जरूरतमंद व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभः गहलोत

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि अधिकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए इस तरह का माइक्रो मैनेजमेंट करें कि निचले तबके और जरूरतमंद हर व्यक्ति को सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ मिल सके।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मुख्यालय 'अम्बेडकर भवन' में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि समाज कल्याण की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल सके। गहलोत ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं में लम्बित बिन्दुओं पर चर्चा की। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं की अब तक की प्रगति रिपोर्ट जानी। इस दौरान विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की आदिनांक तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में अनुप्रति कोचिंग योजना की नवीनतम अपडेशन, छात्रावासों में सामान क्रय के लिए गठित संभागीय कमेटियों की प्रगति रिपोर्ट भी ली। बैठक में कृषि विपणन बोर्ड एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की अब तक प्रगति रिपोर्ट, आवासीय विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर स्टाफ लिए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करना, कोर्ट केसेज की नवीनतम स्थिति, विभागीय आदेशों के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों द्वारा दिए गए स्थगनों आदेशों को निरस्त कराना, जवाब पेश करना संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

#### छात्रावासों में प्रवेश-पोषाहार आदि पर चर्चा

**इस** दौरान नए ब्लॉक्स में कार्यालय खोलने, भवन निर्माण एव पदों की स्वीकृति पर चर्चा, नए जिलों के कार्यालयों में एवं नए 68 ब्लॉक कार्यालयों में कम्प्यूटरीकरण एवं सूचना सहायक या मंत्रालयिक कर्मचारियों के पदों का सृजन, विभागीय सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की वरीयता सूची का समय पर प्रकाशन या डीपीसी करवाया जाना, छात्रावासों में प्रवेश, पोषाहार, मरम्मत, नवाचार आदि के कार्यक्रम पर चर्चा की गई।

#### यूडीआईडी कार्ड की ली मंत्री ने जानकारी

**बैठक** में विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के उचित प्रबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर छात्रावास प्रबन्धन समिति के गठन के संबंध में अल्पसंख्यक प्रमाण-पत्र जारी किए जाने संबंधी प्रावधानों की जानकारी लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने यूडीआईडी कार्ड (दिव्यांग पहचान पत्र) एवं मस्कुलर डिस्ट्रोफी से पीड़ित लोगों को जिलेवार दी जा रही इलेक्ट्रिक व्हील चेयर की भी जानकारी ली। बैठक में निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव बचनेश अग्रवाल, अतिरिक्त निदेशक केसरलाल मीणा, विशिष्ट सचिव रोहित कुमावत, उप निदेशक दीपाली भगोतिया, अतिरिक्त निदेशक विशेष योग्यजन सुमन पंवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25